

महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें - 12




भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान यूपी अहम किरदार- 12



यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर बोले-गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे - 13




यह दबाव लिए बिना परिस्थितियों का लुत्फ उठाने के बारे में है : हरमनप्रीत - 14


आज का मौसम
35.0° अधिकतम तापमान
28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.00

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष पंचमी उपरांत 12:04 षष्ठी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 27 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 240, पृष्ठ 16 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### स्वदेशी 4जी का आज लोकार्पण करेंगे मोदी

**भोपाल।** बीएसएनएल अपने रजत जयंती वर्ष में स्वदेशी 4जी युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 27 सितंबर को ओडिशा के झारसुगुड़ा से देश को बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवा राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस अवसर पर लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 97,500 मोबाइल टावरों का उद्घाटन किया जाएगा। यह सेवा टीसीएस और तेजस नेटवर्क के साथ सी-डॉट कोर पर आधारित है। यह तकनीक पूरी तरह से स्वदेशी है और 5जी में अपग्रेड करने की क्षमता भी रखती है।

### प्रदूषण निधि का 75 % उपयोग करना अनिवार्य

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत शामिल शहरों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि वे अब तक वितरित की गई राशि का कम से कम 75 प्रतिशत उपयोग करें, तभी उन्हें वित्त वर्ष 2025-26 के लिए धन आवंटित किया जाएगा। कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी कर रही समिति ने 29 अगस्त को बुलाई गई एक बैठक में कहा कि एनसीएपी के तहत 130 शहरों को वितरित कुल 13,236 .80 करोड़ में से केवल 769 .83 करोड़ रुपये (74%) का ही उपयोग किया गया है।

### प.बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ को दी जमानत

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती अनियमितता मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी को शुक्रवार को जमानत दे दी। इस मामले की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में नौकरी के लिए नकदी मामले के मुख्य आरोपी चटर्जी को प्राथमिक स्कूल भर्ती में अनियमितताओं के मामले में जमानत दी गई। सीबीआई ने पिछले साल 27 दिसंबर को आरोप-पत्र दायर किया था। यह घोटाला हजारों करोड़ रुपये का है।

### कैदी के दिल से निकाली गईं तीन सुइयां

**इंदौर।** इंदौर के एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने 29 वर्षीय कैदी के दिल में धंसी तीन सुइयों को जटिल सर्जरी से निकालकर उसे नया जीवन दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ये सुइयां एयरगन से दागी गई थीं। उसका अब तक जिंदा रहना करिश्मे से कम नहीं है। शल्य चिकित्सक डॉ. सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि मरीज को छाती के बाई तरफ चुभन और दर्द की शिकायत थ।

# निकायों में होगी तीन हजार भर्ती, महिलाओं को दिवाली पर फ्री सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**यूपी कैबिनेट के फैसले**

- स्कॉलरशिप से वंचित छात्रों के लिए 647.38 करोड़ रुपये



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों को पेश किया गया। इन प्रस्तावों में पर्यटन, शिक्षा, खनन, कृषि, बुनियादी ढांचा, और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों को मजबूत करने की योजनाएं शामिल रहीं।

शुक्रवार शाम लोक भवन में हुई इस बैठक में राज्य के निकायों में तीन हजार कर्मियों की भर्ती का रास्ता भी साफ किया गया। निवेशकों को प्रोत्साहन देने की योजनाओं के साथ दिवाली में उज्ज्वला योजना के तहत लगभग 1.85 करोड़ महिलाओं को फ्री में सिलेंडर और साल 2024 में विभिन्न कारणों से छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह गए लगभग पांच लाख बच्चों को छात्रवृत्ति देने को मंजूरी दी गई। इस हेतु 647.38 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

कैबिनेट ने स्थानीय निकायों में लगभग तीन हजार पदों पर भर्ती नीति को मंजूरी दी है। निकायों में कॉडर पुनर्गठन के बाद बढ़े इन पदों के लिए मानक तय करने का प्रस्ताव भी पारित किया है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों को अनुदान प्रदान करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। विभिन्न विभागों के निवेश प्रोत्साहन योजनाओं को मंजूरी दी गई है।

### मोटा अनाज खरीद नीति को मंजूरी

खरीफ विपणन साल 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान क्रय नीति निर्धारण को स्वीकृति दी गई। 1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पश्चिमी उप्र. में, 15 अक्टूबर से 28 फरवरी 2026 तक पूर्वी उप्र. में, धान क्रय किया जाएगा। इस साल कॉमन धान का क्रय मूल्य 2369 रु./क्विंटल तथा ग्रेड ए धान के लिए 2389 रु./क्विंटल तय किया गया है। 60 लाख मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है। मक्का क्रय 2400 रुपये क्विंटल, बाजरा 2775 रुपये क्विंटल, ज्वार (हाइब्रिड) 3699 रुपये तथा ज्वार का खरीद मूल्य 3749 रुपये क्विंटल तय किया गया है।

### मृतक आश्रित को उसी कैडर में नौकरी

सुप्रीम कोर्ट में दायर मृतक आश्रित संबंध में अपील ''प्रेमलता बनाम उप्र. सरकार'' के आधार पर मृतक आश्रित योजनांतर्गत जो व्यक्ति जिस कैडर अंतर्गत मृत होगा उसके आश्रित को उसी कैडर अंतर्गत नौकरी मिलेगी, उदाहरण के तौर पर समूह ग आश्रित को उसी श्रेणी में, समूह घ आश्रित को उसी श्रेणी में नौकरी मिलेगी। इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

### ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे का प्रस्ताव पास

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे तक लिंक एक्सप्रेस वे वाया फर्रुखाबाद 90 किमी का ग्रीनफील्ड लिंक एक्सप्रेस वे प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन परियोजना अंतर्गत रामपुर, अयोध्या, लखनऊ, बागपत विकास प्राधिकरण को धनराशि प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

### तीन नए निजी विवि की स्थापना को मंजूरी

**लखनऊ।** कैबिनेट ने प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बनाने के लिए तीन नए निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने का निर्णय लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि संभल के चन्दौसी क्षेत्र में राधा गोविंद विवि की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए, उप्र. निजी विवि (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025 लाने का निर्णय लिया गया। यह विश्वविद्यालय 22 .05 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। झांसी में गांधी विवि की स्थापना के लिए आशय-पत्र निर्गत किया गया है। यह विवि 20 .21 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा। फतेहपुर में ठाकुर युगराज सिंह विवि की स्थापना को आशय-पत्र जारी किया गया है।

# बरेली में बवाल, पुलिस पर पथराव और फायरिंग के बाद लाठी चार्ज

## आई लव मोहम्मद के पोस्टर पर कार्रवाई के विरोध में जुटी थी भीड़

- शरारती तत्वो ने गलियों और छतों से पुलिस पर किया पथराव
- उपद्रवियों पर काबू पाने को पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले
- पथराव-फायरिंग में पुलिस कर्मियों को लगे छर्रे, 10 घायल
- बवाल के बाद शहर के तमाम बाजार हुए बंद, कई गिरफ्तार



बरेली में जिला पंचायत रोड पर लाठीचार्ज के बाद मची भगदड़ में सड़क पर छूटे लोगों के जूते-चप्पल। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आई लव मोहम्मद के पोस्टर लगाने पर कानपुर में हुई कार्रवाई के विरोध में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद जुटी भीड़ में शामिल उपद्रवियों ने शहर में पांच जगहों पर भारी बवाल किया।

उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव कर फायरिंग की। दुकानों में तोड़-फोड़ और कई वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिए। बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास पुलिस पर फायरिंग की। पथराव और छर्रे लगने 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हो गए। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ लाठी चार्ज किया। कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बवालियों से कई असलहे भी बरामद किए गए हैं। घटना के बाद आधे से ज्यादा शहर के बाजार बंद हो गए। कानपुर की घटना के विरोध में मौलाना तौकीर रजा खां ने जुमे की नमाज के बाद समुदाय के लोगों के साथ इस्लामिया इंटर स्कूल के ग्राउंड पर धरना प्रदर्शन का एलान किया था। इसकी अनुमति पुलिस-प्रशासन ने नहीं दी थी। जिले में धारा 163 लागू होने के बावजूद शुक्रवार दोपहर लोगों का हुजूम इस्लामिया पहुंचने लगा। इसी बीच भीड़ की शक्ल में उपद्रवियों ने पुलिस के सामने नारेबाजी और तकरीर शुरू कर दी। उपद्रवी बेकाबू होते दिखे तो पुलिस ने उन्हें रोकने-समझाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया गया। कई दुकानों में तोड़-फोड़ भी की। हालात काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े। उपद्रवियों ने गली और छतों से पुलिस पर पथराव किया।

> उपद्रवियों ने पथराव और फायरिंग कर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। बवाल में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे भीड़ तितर-बितर हुई। घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई गई है। उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। कई लोगों को गिरफ्तार किया है। असलहे बरामद किए हैं। इस घटनाक्रम में शामिल किसी भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।
> **-अजय कुमार साहनी**, डीआईजी बरेली

# ट्रंप ने अब दवाओं पर लगाया 100 % टैरिफ

वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी

- दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में लगा रहीं संयंत्र
- किचन कैबिनेट, फर्नीचर और भारी ट्रकों पर भी आयात कर लगाने की घोषणा की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह एक अक्टूबर से आयातित वस्तुओं पर भारी कर लगाएंगे, जिनमें दवाइयों पर 100 प्रतिशत, किचन कैबिनेट और बाथरूम वैनिटी (सिंक और सामान रखने के लिए उसके साथ बनी हुई अलमारी) पर 50 प्रतिशत, अपहोल्स्टर्ड फर्नीचर पर 30 प्रतिशत और भारी ट्रकों पर 25 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक पोस्ट में यह घोषणा की। ट्रंप ने इन शुल्कों को लगाने का कोई कानूनी आधार नहीं दिया। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आयातित किचन कैबिनेट और सोफों पर कर राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य कारणों से जरूरी है।

ट्रंप ने कहा कि दवाओं पर शुल्क उन कंपनियों पर लागू नहीं होगा जो अमेरिका में संयंत्र लगा रही हैं। लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि पहले से मौजूद कारखानों पर कर कैसे लागू होगा। अमेरिका ने 2024 में लगभग 233 अरब डॉलर की दवाएं आयात कीं। ऐसे में दवाओं की कीमत दोगुनी होना स्वास्थ्य खर्च और इलाज की लागत को बढ़ा सकता है। इस घोषणा ने सभी को चौंकाया है क्योंकि पहले ट्रंप ने कहा था कि दवाओं पर कर धीरे-धीरे लागू होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस का कहना है कि इस साल की शुरुआत में शुल्क की धमकी से जॉनसन एंड जॉनसन, एस्ट्राजेनेका, रोशे, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब और एली लिली जैसी कंपनियों ने अमेरिका में निवेश का एलान किया। कनाडाई चेंबर ऑफ कॉमर्स ने चेतावनी दी है कि शुल्क से दवाओं की कीमत तुरंत बढ़ेगी, बीमा व्यवस्था और अस्पतालों पर दबाव बढ़ेगा और मरीजों को दवाओं से वंचित होना पड़ सकता है।

### भारतीय दवा कंपनियों पर होगा सबसे ज्यादा असर

उल्लेखनीय है कि भारत से बड़ी मात्रा में अमेरिका को दवाओं का निर्यात होता है। अमेरिका में अधिकांश सस्ती और जेनेरिक दवा भारत से ही जाती हैं। ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का सबसे अधिक असर भारतीय दवा कंपनियों पर पड़ेगा। इससे पहले अमेरिका ने अगस्त में दो बार में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया था।

# आसमान में आखिरी बार गरजा मिग-21



मिग-21 के सेवामुक्ति समारोह के दौरान संबोधन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

चंडीगढ़, एजेंसी

- छह दशक सेवा के बाद वायुसेना से गौरवपूर्ण विदाई
- रक्षामंत्री राजनाथ ने इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया

छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान-गुरेविच मिग-21 ने शुक्रवार को अंतिम बार भारतीय आकाश में उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग-21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते कहा कि इस विमान ने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है।

मंत्री ने कहा कि मिग-21 केवल एक विमान या मशीन ही नहीं, बल्कि यह भारत-रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है। सिंह ने समारोह में कहा कि मिग-21 ने हमारी सैन्य विमानन यात्रा में कई गौरवपूर्ण क्षण जोड़े। उन्होंने कहा कि विश्व के सैन्य विमानन के इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में कोई लड़ाकू विमान नहीं बनाया गया है। कहा कि 11,500 से अधिक मिग-21 विमान बनाए गए और उनमें से 850 लड़ाकू विमान भारतीय वायुसेना का हिस्सा बने। यह संख्या इसकी लोकप्रियता, विश्वसनीयता और बहुआयामी क्षमता का प्रमाण है।

उन्होंने पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध, 1999 के कारगिल संघर्ष और 2019 के बालाकोट हवाई हमलों में इस विमान की भूमिका को याद किया। कहा कि इतिहास में ऐसे कई मौके आए हैं जब मिग-21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है। इस मौके पर राजनाथ सिंह के अलावा वायुसेना के पूर्व प्रमुख एवाई टिपनिस, एसपी त्यागी और बीएस धनोआ तथा वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद थे।

# जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक गिरफ्तार

लेह, एजेंसी



- सुरक्षा कारणों से लेह में बंद की गईं मोबाइल इंटरनेट सेवाएं

लद्दाख को राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची के विस्तार की मांग को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में हुए हिंसक प्रदर्शन के दो दिन बाद शुक्रवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हिंसक प्रदर्शन में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 अन्य घायल हो गए थे।

लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने अपराह्न 2.30 बजे वांगचुक को हिरासत में ले लिया। वांगचुक पर लगाए गए आरोपों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन प्रशासन के सूत्रों ने संकेत दिया है कि जलवायु कार्यकर्ता के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लेह क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी हैं। लेह एपेक्स बॉडी और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से मुखर रूप से बोलने वाले वांगचुक, (लद्दाख को) राज्य का दर्जा तथा लेह और कारगिल के निवासियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों के वास्ते पांच साल से चल रहे आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं।

### लेह में लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू लागू

**लेह।** लेह शहर में लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी कर्फ्यू जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। स्थिति शांतिपूर्ण रही। गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय टीम ने सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एलएबी के प्रतिनिधियों, उपराज्यपाल, नागरिक और पुलिस अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं।

# सुप्रीम कोर्ट ने दी हरित पटाखे बनाने की मंजूरी

- दिल्ली एनसीआर में बिक्री पर रहेगी रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रमाणित विनिर्माताओं को इस शर्त पर हरित पटाखे बनाने की शुक्रवार को अनुमति दे दी कि उनकी बिक्री दिल्ली-एनसीआर में बिना मंजूरी के नहीं की जाएगी। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों के विनिर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध पर नए सिरे से विचार करने को भी कहा। पीठ ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अंतिम निर्णय से पहले दिल्ली सरकार, सभी हितधारकों से परामर्श का निर्देश दिया।

# यूपीईएसएससी अध्यक्ष प्रो. कीर्ति पांडेय का इस्तीफा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग (यूपीईएसएससी) की अध्यक्ष प्रोफेसर कीर्ति पांडेय ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। शासन ने त्यागपत्र स्वीकार करते हुए आयोग के वरिष्ठ सदस्य रामसूचित को वैकल्पित कार्यभार सौंपा है। प्रो. पांडेय ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। हालांकि, उनके निर्णय पर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं।

ऐसे समय में जब कई परीक्षाएं संभावित हैं। आयोग के अध्यक्ष के त्यागपत्र देने से परीक्षा संबधी तैयारियों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी के अनुसार एक सितंबर 2024 को प्रो. कीर्ति अध्यक्ष नियुक्त हुई थीं।

**जवाबदेही तय होगी** | मुख्यमंत्री ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को वितरित की 89 .96 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति

# बख्शे नहीं जाएंगे छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसर : योगी

- पांच लाख छात्रों को दिवाली से पहले मिलेगी स्कॉलरशिप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में एक छात्रा को छात्रवृत्ति देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को सख्त चेतावनी दी कि छात्रवृत्ति रोकने वाले अफसरों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थानों की लापरवाही से अनुसूचित जाति-जनजाति के पांच लाख से अधिक छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

डाटा अपलोड न होने के कारण स्कॉलरशिप रोक दी गई थी, मगर अब सरकार ने दिवाली से पहले सभी के खाते में छात्रवृत्ति भेजने का फैसला किया है। आईजीपी में शुक्रवार को समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने 3,96,602 छात्र-छात्राओं को 89.96 करोड़ रुपये की स्कॉलरशिप वितरित की। उन्होंने साफ कहा कि जिन अफसरों की वजह से बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिली, उनकी जवाबदेही तय होगी। भविष्य में ऐसी गलती दोहराने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। योगी ने कहा कि 2017 से पहले छात्रवृत्ति में भारी गड़बड़ियां होती थीं। राशि समय पर नहीं मिलती थी और भेदभाव भी होता था। लेकिन 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद 2016-17 और 2017-18 की छात्रवृत्ति हर बच्चे तक पहुंचाई गई। सीएम ने जोर देकर कहा कि अब डीबीटी से पैसा सीधे खाते में जाता है, न कोई बिचौलिया, न भ्रष्टाचार। सीएम ने बताया कि 2017-18 से 2024-25 तक एससी-एसटी वर्ग के 1.23 करोड़ छात्रों को 9,150 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। सामान्य वर्ग के 58.90 लाख छात्रों को 5,945 करोड़ रुपये और पिछड़े वर्ग के 2.07 करोड़ छात्रों को 13,535 करोड़ रुपये छात्रवृत्ति दी गई। मंत्री नरेंद्र कश्यप, असीम अरुण, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, संजीव गौड़, अनुसुचित जाति-जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

### स्कॉलरशिप दोगुनी बजट की कमी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017-18 में 1,648 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती थी, 2025-26 में यह बढ़कर 3,124 करोड़ रुपये हो गई है। यानी स्कॉलरशिप दोगुनी हो चुकी है। 2017 से अब तक 2 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ मिल चुका है।

# विकसित यूपी बनाने में पंचायतों की बड़ी भूमिका

## 57 हजार ग्राम प्रधानों व सदस्यों के साथ योगी ने किया वर्चुअल संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वर्चुअल संवाद में प्रदेश के 57 हजार ग्राम प्रधानों और पंचायत सदस्यों से कहा कि विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को साकार करने में सबसे बड़ी भूमिका पंचायतों की होगी। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और यदि गांव समृद्ध होंगे तो यूपी देश का नंबर एक प्रदेश बनेगा।

मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों को 'विकसित यूपी @2047' संकल्प से जोड़ते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पंच प्रण' की शपथ भी दिलाई। इस दौरान अभियान से जुड़ी एक लघु फिल्म दिखाई गई और सुझाव देने के लिए समर्थ पोर्टल व क्यूआर कोड की जानकारी दी गई।



ग्राम प्रधानों के साथ वर्चुअल संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पिछड़ेपन, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और अव्यवस्था का शिकार था। गरीबी और पलायन आम लोगों की नियति बन चुके थे। लेकिन बीते आठ वर्षों में यूपी की तस्वीर बदल गई है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 35 लाख करोड़ रुपये और प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो गई है। उन्होंने कहा कि आपके सुझावों पर आधारित विजन डॉक्यूमेंट अगले 22 वर्षों का रोडमैप तय करेगा।

### ग्राम प्रधानों ने सुनाई बदलाव की कहानी

- **श्रावस्ती** : टड़वा महंत के प्रधान शिवकुमार राजभर ने कहा कि पूरा गांव अभियान से जुड़ गया है और मुख्यमंत्री के दौरे से हर घर में उत्साह है।
- **कौशांबी** : उखैया खास की प्रधान सीमा निर्मल ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों और बीसी सखी योजना ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है।
- **बरेली** : भरतौल की प्रधान प्रवेश ने गांव को मॉडल ग्राम बताते हुए कहा कि यहां सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी।
- **अलीगढ़** : तलेसरा के प्रधान गजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव से 13 स्वतंत्रता सेनानी जुड़े हैं, जिनकी स्मृति में स्टेडियम और अमृत सरोवर बने हैं।
- **अयोध्या** : सनाहा की प्रधान रीना पांडेय ने कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को गांव की बड़ी उपलब्धि बताया।
- **बांदा** : दुरेड़ी के प्रधान देवीदयाल सिंह ने कहा कि पंचायत को 36 लाख रुपये का पुरस्कार मिला और आठों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चल रहे हैं।
- **शाहजहांपुर** : भवालखेड़ा के प्रधान जय प्रकाश ने स्वयं सहायता समूहों को गांव की अर्थव्यवस्था का आधार बताया।
- **रामपुर** : कोयला के प्रधान भूकन लाल ने बताया कि पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र, कॉलेज, बैंक और लाइब्रेरी तक की सुविधाएं मौजूद हैं।

# मानधाता में असलहा तस्करी का भंडाफोड़

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानधाता में गांजा के बाद अब असलहा तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। स्वॉट टीम ने थाने की पुलिस के सहयोग से मुंगेर से ले आई गई पांच पिस्टल के साथ मुख्य तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही थी।

एसपी दीपक भूकर ने शुक्रवार दोपहर पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में पत्रकारों को बताया कि पुलिस को मानधाता के सराय मुरार सिंह निवासी राजाराम के असलहा तस्तरी में लिप्त होने के इनपुट मिल रहे थे। स्वॉट टीम प्रभारी अमित चौरसिया, टीम के दिनेश सिंह, महेंद्र प्रताप, धनंजय राय, मोहित राज, जागीर सिंह, आशुतोष पांडेय, अरविंद दुबे, एसओ मानधाता अरविंद सिंह के साथ उसकी गतिविधि पर नजर रख रहे थे। टीम ने राजाराम को असलहे की सप्लाई लेकर आते समय थाना क्षेत्र के गजेहड़ी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से पांच पिस्टल मिली। पूछताछ में बताया कि वह बिहार के मुंगेर से ट्रेन से पिस्टल लेकर आ रहा है। उसने बताया कि 20-25 हजार में खरीदी गई पिस्टल यहां 50 से 60 हजार रुपये में बेचता है।

## चोर समझकर युवक को बंधक बनाकर पीटा

**कुंडा, प्रतापगढ़ :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव में बुधवार की आधी रात के बाद रजवापुर गांव का 27 वर्षीय रवि कुमार कहीं से पैदल जाते समय गांव पहुंचा। प्यास लगने पर वह गांव के हैंडपंप पर पानी पीने लगा। कई दिनों से चोर के शोर में रतजगा कर रहे ग्रामीणों ने उसे चोर कहकर दबोच लिया और बंधक बनाकर पीटने लगे। युवक ने अपना नाम पता बताया तो उसके परिजनों को फोनकर बुला लिया। एसओ सत्येन्द्र सिंह भदौरिया का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन नोटिस**

**सं. LJN-PRKG-17-25**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वा०), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई–ऑक्शनिंग के माध्यम से ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है– **क्र.सं.: 1; लॉट सं.: PARKING-LJN-BST-FW-138-25-1 (Parking – Four Wheeler); कार्य का विवरण:** बस्ती स्टेशन के मेनगेट साईड स्थित **कार पार्किंग** (तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं.: 2; लॉट सं.: PARKING-LJN-GKP-MX-143-25-2 (Parking – Mixed); कार्य का विवरण:** गोरखपुर स्थित **रेल म्युज़ियम–कम–हैरिटेज प्लाज़ा** में संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 03 वर्ष हेतु। **क्र.सं.: 3; लॉट सं.: PARKING-LJN-GTNR-PCCV-142-25-1 (PCCV- Mixed Parking); कार्य का विवरण: गोमती नगर स्टेशन** के द्वितीय प्रवेश द्वार सर्कुलेटिंग एरिया स्थित पीसीसीवी पार्किंग (ऑटो, टैक्सी ई–रिक्शा) कम संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया) का ठेका 06 माह हेतु। • निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई–ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिये गये तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई–ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होंगी। • सभी लॉट के लिये ई–ऑक्शन दि0–10.10.2025 को 10:00 बजे प्रारंभ होकर 10.10.2025 को 10:50 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (10%) का भुगतान केवल IREPS पॉर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे–डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा, नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** (E-Auction module) पर उपलब्ध है।

**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
**मुजाधि/वाणिज्य–143 लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

# कथावाचक देवब्रत महाराज के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**कुंडा, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ। इस हादसे में प्रख्यात कथावाचक देवव्रत जी महाराज के तीन वर्षीय पुत्र की जान चली गई। तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिए प्रयागराज स्थित अस्पताल ले जाते समय सड़क हादसा हुआ। राजा भैया समेत लोगों ने पहुंचकर सांत्वना व्यक्त की।

हथिगवां के बटौवा गांव निवासी प्रख्यात कथावाचक देवव्रत जी महाराज के तीन वर्षीय बेटे की तबीयत गुरुवार की रात में अचानक खराब हो गई। इस पर आनन-फानन में उसे इलाज करने के लिए रात करीब नौ बजे 32 वर्षीय शिवम शुक्ला पुत्र कथावाचक संतोष शुक्ला अपनी स्कार्पियो गाड़ी से इलाज कराने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। शुक्रवार सुबह जनसत्तादल लोकतांत्रित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया भी घर पहुंचे। उन्होंने आचार्य संतोष जी महाराज व देवव्रत महाराज के साथ बैठकर गहरा दुख जताया। एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह, बाबागंज विधायक विनोद सरोज, राष्ट्रीय महासचिव डा. केएन ओझा, जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह, प्रमुख पति संतोष सिंह, बऊवा तिवारी, पप्पू सिंह समेत लोगों ने दुख जताया है।



देवब्रत महाराज एवं उनके परिजनों को सांत्वना देते कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया। अमृत विचार

# गला रेत कर महिला को मार डाला, गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** मानधाता में एक महिला पति के अवैध सम्बन्ध का विरोध कर रही थी। इससे गुस्साए युवक ने पत्नी की गला रेत कर हत्या कर दी। पहले तो आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने बिलखते हुए अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। शक के आधार पर उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया।

मानधाता थाना क्षेत्र के पूरे भग्गू का पुरवा पीपर ताली निवासी श्रवण कुमार आर्केस्ट्रा में काम करता है। इसकी शादी लगभग 17 वर्ष पूर्व 32 वर्षीय सुनीता देवी पुत्री हरिश्चंद्र निवासी ढ़ेमा थाना मानधाता के साथ हुई थी। इनके तीन बच्चे एक लड़की और दो लडके हैं। सबसे बड़ी लड़की 15 वर्षीय फलक, 12 वर्षीय निशांत व 10 वर्षीय अहेम है। गुरुवार रात लगभग एक बजे सुनीता देवी घर के बरामदे में तख्त पर सोई हुए थी तथा तीनों बच्चे घर के अंदर सो रहे थे। रात में अचानक श्रवण कुमार ने रोते हुए चिल्लाने लगा- मेरे पत्नी की अज्ञात लोगों ने गला काट कर हत्या कर दी है। वहां भीड़ जुट गई। इसी बीच श्रवण ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। शक के आधार पर पुलिस ने सुनीता देवी के पति श्रवण कुमार से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने जुर्म स्वीकार कर लिया।

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

**विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं अब्दुल्ला मो.हलीम सिद्दीकी पुत्र मो.हलीम सिद्दीकी जन्मतिथि 01.04.2001, निवासी ग्राम –अहमदाबाद कटौली परगना व तहसील मलिहाबाद, जिला– लखनऊ मेरे पासपोर्ट संख्या P0038145 में मेरा नाम ABDULLAH MOHAMMED HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHAMMED HALIM SIDDIQUI दर्ज है। जबकि आधार कार्ड संख्या 9734 5020 9194 में मेरा नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का नाम MOHD- HALEEM SIDDIQUI दर्ज है। मेरे पासपोर्ट मे मेरे आधार के अनुसार मेरा सही नाम ABDULLAH MOHD HALEEM SIDDIQUI तथा पिता का सही नाम MOHD-HALEEM SIDDIQUI अंकित किया जाय। मुझे भविष्य मे इसी नाम से जाना पहचाना जाये

**सूचना**

प्रापर्टी संख्या 111 A/116 अशोक नगर कानपुर की कुछ मूल प्रपत्र (मूल लीज डीड 10.12.1952 जिल्द न. 3618,मूल फ्री होल्ड डीड 27.06.1998 जिल्द न.1183 एवं मूल डीड 26.10.2004 जिल्द न.2853 कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा, किसी भी व्यक्ति को यदि मिल जाए तो शाखा में देने की कृपा करे। **सौ. बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा तिलक नगर**

**सूचना**

मैं **सन्दीप कुमार तिवारी सुत नरेन्द्र तिवारी, नि0– ग्राम पूरे बाघराय पोस्ट भरथीपुर पर0 मीरानपुर तह0 लम्भुआ ब्लाक भदैया जिला सुलतानपुर पिन नं0–227304 उ0प्र0**, मेरे पुत्र के आधार कार्ड सं0–827912754850 पर नाम किशन तिवारी तथा अभिभावक सुभाष व जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 लिखा है। वह पी0एम0 श्री राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना भदैया जनपद सुलतानपुर उ0 प्र0 में संकल्प तिवारी नाम से कक्षा–8 में शिक्षारत है। पुत्र का वास्तविक नाम संकल्प तिवारी है, उक्त किशन तिवारी नाम घरेलू नाम है। पुत्र संकल्प तिवारी व किशन तिवारी दोनों नाम मेरे पुत्र का ही है वह दोनों नामों से से जाना जाता है तथा उसकी जन्मतिथि 01.01.2012 ई0 विद्यालय के परिचय पत्र अनुसार वास्तविक नाम संकल्प तिवारी नाम से जाना समझा जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनील कुमार पुत्र शियाराम वर्मा निवासी ग्राम तियरी मछरौली पो0 तियरी थाना– गोसाईगंज जिला– सुलतानपुर** मेरी पुत्री एंजल वर्मा जिसका आधार क्रमांक 7732442435 में पिता का नाम सुनील कुमार वर्मा है। जबकि मेरा सही नाम सुनील कुमार है जोकि मेरे आधार कार्ड में अंकित है पुत्री एंजल वर्मा के स्कूली दस्तवेजों व आधार कार्ड मे सुनील कुमार वर्मा लिखा गया है वह गलत अंकित हो गया है। अत: मेरे आधार कार्ड के अनुसार ही मेरी पुत्री के पिता के नाम सुनील कुमार वर्मा के स्थान पर सुनील कुमार अंकित किया जाय।

## कार्यालय उपजिलाधिकारी सदर, सीतापुर

पत्रांक– 1167 /10–वर्षीय मत्स्य पट्टा नीलामी–सूचना/र0का0/2025 दिनांक 17 सितम्बर 2025

शासनादेश सं0– 1750/1–2–2013–96(रिट) / 13, दिनांक 9 जुलाई 2013, शासनादेश संख्या डब्लू 60/1–2–2013–96(रिट)/13 दिनांक 27 मई 2013 एवं शासनादेश संख्या डब्लू–370/1–2–2013–96(रिट)/13 दिनांक 27 मई 2013 के द्वारा सिविल मिस रिट याचिका संख्या 18838/2012 प्रमोद कहार व अन्य बनाम राज्य सरकार व अन्य मे पारित मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक 16.04.2012 एवं रिट याचिका संख्या 23932/2001 राजकुमार बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य मे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 14.05.2011 व सिविल मिस रिट पिटीशन सं0 39590/2014 श्रीमती कौशल्या देवी बनाम उ0प्र0 सरकार व अन्य सिविल मिस रिट पिटीशन सं0 41064/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 राज्य मे मा0 उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिकाओ मे पारित आदेश दिनांक 08.01.2015 व उ0प्र0 रा0सं0 नियमावली 2016 के अधिसूचना दिनांक 10.02.2016 के अनुसार नीलामी हेतु नियत तालाबों का विवरण निर्धारित प्रारूप पर निम्नवत है–

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | विकास खण्ड का नाम | तालाब/पोखर/मिनाशय/जल प्रणालियो का विवरण/(गाटा सं0) | क्षेत्रफल(हे0 मे) | आरक्षित बोली की न्यूनतम धनराशि | नीलामी की तिथि | बोली बोलने के लिए जमानत राशि पूर्णांक मे (आरक्षित बोली की धनराशि) | नीलामी का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | अन्दौली | ऐलिया | 169 | 0.340 | 1700 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 2 | अर्थलियाग्रन्ट | ऐलिया | 754 | 0.340 | 1700 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 3 | अर्थलियाग्रन्ट | ऐलिया | 755 | 2.225 | 22250 | 15-10-2025 | 2200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 4 | अर्थलियाग्रन्ट | ऐलिया | 538 | 0.287 | 1435 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 5 | उमरसा | ऐलिया | 44 | 0.283 | 1415 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 6 | उमरसा | ऐलिया | 310छ | 0.336 | 1680 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 7 | चन्दनपारा | ऐलिया | 65मि0 | 0.372 | 1860 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 8 | चन्दनपारा | ऐलिया | 144मि0 | 0.344 | 1720 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 9 | धौरेमऊ | ऐलिया | 121 | 0.632 | 3160 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 10 | नेरीकलां | ऐलिया | 340ख | 1.133 | 5665 | 15-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 11 | पडरखा | ऐलिया | 114 | 0.441 | 2205 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 12 | पडरखा | ऐलिया | 115 | 0.287 | 1435 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 13 | परेई रायपुर | ऐलिया | 531 | 0.480 | 2400 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 14 | परेई रायपुर | ऐलिया | 579 | 0.330 | 1650 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 15 | पुरवा बूधर सिंह | ऐलिया | 193 | 0.320 | 1600 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 16 | बसेती | ऐलिया | 476 | 0.300 | 1500 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 17 | बसेती | ऐलिया | 689 | 0.287 | 1435 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 18 | बसेती | ऐलिया | 724 | 0.324 | 1620 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 19 | बेलगवां | ऐलिया | 1140 | 0.389 | 1945 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 20 | बेलगवां | ऐलिया | 693ख | 1.105 | 5525 | 15-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 21 | बेलगवां | ऐलिया | 520 | 0.231 | 1155 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 22 | बेलगवां | ऐलिया | 831 | 0.340 | 1700 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 23 | बेलगवां | ऐलिया | 1306ख | 0.405 | 2025 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 24 | बेलगवां | ऐलिया | 1090ख | 0.591 | 2955 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 25 | बेलगवां | ऐलिया | 1305 | 0.348 | 1740 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 26 | बेलगवां | ऐलिया | 1308ख | 0.953 | 4765 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 27 | बरियारपुर | ऐलिया | 12 | 0.676 | 3380 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 28 | मथना | ऐलिया | 398 | 0.223 | 1115 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 29 | मथना | ऐलिया | 455 | 1.142 | 5710 | 15-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 30 | मथना | ऐलिया | 512 | 0.271 | 1355 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 31 | मल्हपुर | ऐलिया | 374ख | 0.858 | 4290 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 32 | हथिया | ऐलिया | 310 | 0.425 | 2125 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 33 | हथिया | ऐलिया | 213मि | 0.291 | 1455 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 34 | हथिया | ऐलिया | 135मि | 2.598 | 12990 | 15-10-2025 | 1300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 35 | विक्टोरियाग्रन्ट | ऐलिया | 15 | 0.320 | 1600 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 36 | अरमी | हरगांव | 180 | 0.291 | 1455 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 37 | कैथाभारी | हरगांव | 26 | 0.381 | 1905 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 38 | क्योटीकलां | हरगांव | 193 | 0.328 | 1640 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 39 | क्योटीकलां | हरगांव | 1285 | 0.364 | 1820 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 40 | खमौना | हरगांव | 263 | 0.312 | 1560 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 41 | गुरधपा | हरगांव | 1434ख | 0.300 | 1500 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 42 | गुरधपा | हरगांव | 1554 | 0.878 | 4390 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 43 | गौरा पट्टी | हरगांव | 161ख | 0.433 | 2165 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 44 | गौरा पट्टी | हरगांव | 263 | 0.749 | 3745 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 45 | जलालीपुर देहात | हरगांव | 420 | 0.741 | 3705 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 46 | जलालीपुर देहात | हरगांव | 682 | 0.490 | 2450 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 47 | दोस्तपुर | हरगांव | 83 | 1.526 | 7630 | 15-10-2025 | 800 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 48 | नरहरपुर | हरगांव | 364 | 0.417 | 2085 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 49 | नूरपुर | हरगांव | 15 | 0.470 | 2350 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 50 | नौनेर | हरगांव | 520 | 0.840 | 4200 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 51 | पचेहरा | हरगांव | 20ख | 0.311 | 1555 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 52 | पचेहरा | हरगांव | 709 | 0.405 | 2025 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 53 | परसेहरा शरीफपुर | हरगांव | 383 | 0.340 | 1700 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 54 | परसेहरा शरीफपुर | हरगांव | 398 | 0.283 | 1415 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 55 | पिछौरा | हरगांव | 355 | 0.353 | 1765 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 56 | पीतपुर | हरगांव | 413 | 0.806 | 4030 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 57 | पीतपुर | हरगांव | 450 | 0.885 | 4425 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 58 | फततेपुर मातिनपुर | हरगांव | 287 | 0.247 | 1235 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 59 | फाजिलपुर | हरगांव | 120ख | 1.214 | 6070 | 15-10-2025 | 700 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 60 | फिरोजपुर नवागांव | हरगांव | 403 | 0.462 | 2310 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 61 | फिरोजपुर नवागांव | हरगांव | 426 | 0.454 | 2270 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 62 | बुढानपुर | हरगांव | 344 | 0.294 | 1470 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 63 | बाकीपुर | हरगांव | 183ड | 0.446 | 2230 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 64 | भटपुरवा | हरगांव | 268ग | 0.692 | 3460 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 65 | भटपुरवा | हरगांव | 310 | 0.405 | 2025 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 66 | भटपुरवा | हरगांव | 1053 | 0.256 | 1280 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 67 | भदेवा | हरगांव | 1401 | 0.905 | 4525 | 15-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 68 | मदनापुर | हरगांव | 286 | 0.265 | 1325 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 69 | महानन्दपुर | हरगांव | 28 | 0.696 | 3480 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 70 | माहिमपुर | हरगांव | 6 | 0.769 | 3845 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 71 | रक्शा | हरगांव | 9 | 0.745 | 3725 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 72 | रक्शा | हरगांव | 214 | 0.425 | 2125 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 73 | रायपुर | हरगांव | 4 | 0.388 | 1940 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 74 | रीछिन | हरगांव | 295 | 0.720 | 3600 | 15-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 75 | लक्ष्मिनपुर | हरगांव | 115 | 0.332 | 1660 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 76 | वायजपुर | हरगांव | 121 | 0.470 | 2350 | 15-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 77 | शेखवापुर | हरगांव | 167 | 0.356 | 1780 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 78 | सकलनपुर | हरगांव | 565 | 0.255 | 1275 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 79 | सुल्तानपुर | हरगांव | 249 | 2.265 | 22650 | 15-10-2025 | 2300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 80 | सेमरी मोतमदपुर | हरगांव | 148 | 0.243 | 1215 | 15-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 81 | अहमदपुर कंजा | परसेण्डी | 136 | 0.413 | 2065 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 82 | अहमदपुर कंजा | परसेण्डी | 332 | 0.243 | 1215 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 83 | उमरी | परसेण्डी | 502 | 0.304 | 1520 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 84 | उमरी | परसेण्डी | 579 | 0.409 | 2045 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 85 | उमरी | परसेण्डी | 750 | 0.291 | 1455 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 86 | उमरी | परसेण्डी | 856 | 0.655 | 3275 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 87 | उमरी | परसेण्डी | 959 | 0.267 | 1335 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 88 | उमरी | परसेण्डी | 1023/3 | 2.047 | 20470 | 16-10-2025 | 2100 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 89 | उमरी | परसेण्डी | 1072 | 0.433 | 2165 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 90 | उलजापुर | परसेण्डी | 430 | 0.360 | 1800 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 91 | उलजापुर | परसेण्डी | 339ख | 0.672 | 3360 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 92 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 295 | 0.275 | 1375 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 93 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1074 | 0.283 | 1415 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 94 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1080 | 2.898 | 28980 | 16-10-2025 | 3000 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 95 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1098 | 7.689 | 76890 | 16-10-2025 | 8000 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 96 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1102 | 0.648 | 3240 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 97 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1375 | 0.806 | 4030 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 98 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 860 | 0.263 | 1315 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 99 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1038 | 15.751 | 157510 | 16-10-2025 | 16000 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 100 | टप्पा खजुरिया | परसेण्डी | 1271 | 0.429 | 2145 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 101 | दसेलिया | परसेण्डी | 442घ | 2.812 | 28120 | 16-10-2025 | 3000 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 102 | दसेलिया | परसेण्डी | 544 | 0.283 | 1415 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 103 | दसेलिया | परसेण्डी | 126ख | 0.336 | 1680 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 104 | दसेलिया | परसेण्डी | 195 | 0.482 | 2410 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 105 | दसेलिया | परसेण्डी | 205 | 0.368 | 1840 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 106 | देना | परसेण्डी | 462 | 0.729 | 3645 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 107 | देना | परसेण्डी | 1105 | 0.729 | 3645 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 108 | पकरिया धापूपुर | परसेण्डी | 491 | 0.312 | 1560 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 109 | पकरिया धापूपुर | परसेण्डी | 820 | 0.259 | 1295 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 110 | भवाना | परसेण्डी | 73छ | 0.328 | 1640 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 111 | भवाना | परसेण्डी | 369 | 0.230 | 1150 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 112 | भुडकुडी | परसेण्डी | 72 | 0.458 | 2290 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 113 | मिर्जापुर | परसेण्डी | 934क | 0.878 | 4390 | 16-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 114 | मूसेपुर मुतवल्ली | परसेण्डी | 339 | 0.409 | 2045 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 115 | मूसेपुर मुतवल्ली | परसेण्डी | 340 | 0.423 | 2115 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 116 | सोनारी | परसेण्डी | 976 | 0.316 | 1580 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 117 | शादीपुर | परसेण्डी | 198 | 0.486 | 2430 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 118 | अहमदनगर | खैराबाद | 235 | 1.182 | 5910 | 16-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 119 | असोदर | खैराबाद | 501 | 0.239 | 1195 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 120 | अकोइया | खैराबाद | 271क | 0.218 | 1090 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 121 | उनसिया | खैराबाद | 334 | 0.348 | 1740 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 122 | करियामऊ | खैराबाद | 64 | 0.202 | 1010 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 123 | करियामऊ | खैराबाद | 97 | 0.688 | 3440 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 124 | करियामऊ | खैराबाद | 142 | 0.352 | 1760 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 125 | गंगापुर उल्फतराय | खैराबाद | 322 | 0.660 | 3300 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 126 | गंगापुर उल्फतराय | खैराबाद | 274घ | 0.235 | 1175 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 127 | जवाहरपुर | खैराबाद | 205 | 1.036 | 5180 | 16-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 128 | जमैय्यतपुर | खैराबाद | 348 | 1.040 | 5200 | 16-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 129 | दारानगर | खैराबाद | 77मि | 0.263 | 1315 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 130 | बन्नी शाहपुर | खैराबाद | 403ग | 0.247 | 1235 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 131 | बरसोहिया | खैराबाद | 802 | 0.243 | 1215 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 132 | बरसोहिया | खैराबाद | 825 | 0.563 | 2815 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 133 | बरसोहिया | खैराबाद | 861ख | 0.352 | 1760 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 134 | बिनौरा | खैराबाद | 259 | 0.729 | 3645 | 16-10-2025 | 400 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 135 | बड़ागांव | खैराबाद | 130 | 0.922 | 4610 | 16-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 136 | भदियासी | खैराबाद | 1217 | 0.405 | 2025 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 137 | भदियासी | खैराबाद | 1243 | 0.206 | 1030 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 138 | भदियासी | खैराबाद | 992 | 0.255 | 1275 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 139 | भदियासी | खैराबाद | 849 | 0.911 | 4555 | 16-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 140 | भेमरी | खैराबाद | 701ख | 0.334 | 1670 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 141 | भेमरी | खैराबाद | 776 | 0.300 | 1500 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 142 | भेमरी | खैराबाद | 1703ख | 0.245 | 1225 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 143 | भगौतीपुर | खैराबाद | 852 | 0.259 | 1295 | 16-10-2025 | 300 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 144 | मीरपुर | खैराबाद | 23 | 0.384 | 1920 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 145 | सरांयभाट | खैराबाद | 711 | 0.255 | 1275 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 146 | सरांयभाट | खैराबाद | 1061ख | 0.218 | 1090 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 147 | सिपाह | खैराबाद | 85 | 0.922 | 4610 | 16-10-2025 | 500 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 148 | सिपाह | खैराबाद | 895ख | 0.252 | 1260 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 149 | सिपाह | खैराबाद | 1197 | 0.283 | 1415 | 16-10-2025 | 200 | तहसील सभागर, सीतापुर |
| 150 | शाहजलालपुर | खैराबाद | 307क | 1.100 | 5500 | 16-10-2025 | 600 | तहसील सभागर, सीतापुर |

उपरोक्त तालाबो की नीलामी प्रक्रिया मे नीलाम अधिकारी नायब तहसीलदार सदर, सीतापुर होगें।

नीलामी प्रक्रिया मे भाग लेने की पात्रता व शर्ते–

1– नीलामी प्रक्रिया मे बोली बोलने की पात्रता एवं शर्ते शासनादेश (यथा संशोधित) संख्या–3726/1–2–95 रा–2 17.10.1995 के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद के वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।शासनादेश की प्रति रजिस्ट्रार कानूनगो सदर, सीतापुर के कार्यालय मे उपलब्ध है। जो देखी जा सकती है। इसमे दिये गये प्रविधानो के अनुसार ही नीलामी की कार्यवाही की जायेगी।

2– उ0प्र0रा0 सं0 2016 की अधिसूचना दिनांक 10.2.2016 की धारा 61(ख) के अनुसार पट्टा नीलामी मे 5 एकड़ तक छोटे तालाबो के लिए नियत वार्षिक मानक धनराशि मु0 2,000/– प्रति एकड (5000/–रू0 प्रति हे0) व 5 एकड से अधिक बड़े तालाबो के लिए मु0 4000/– प्रति एकड़ (10000/–रू0 प्रति हे0) धनराशि निर्धारित की गयी है तथा तालाबो की नीलामी 10 वर्ष के लिए की जायेगी।

3–मा0 उच्च न्यायालय द्वारा सिविल मिस0 पिटीसन सं0 39590/2014 श्रीमती कौशल्या देवी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य एवं सिविल मिस0 पिटीसन सं0 41064/2014 शंकर बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य मे पारित आदेश के अनुपालन मे मत्स्य पालन पट्टे की नीलामी मे भाग लेने वाले प्रतिभागियो को नवीनतम आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जो (विज्ञापन की तिथि से 6 माह से पुराना न हो) अपने प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत किया जायेगा।

4– पट्टे की शर्तो एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय तहसील सदर सीतापुर से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

5– नीलामी मे बोली बोलने के इच्छुक व्यक्तियो को जमानत धनराशि बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलाम ग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जो तय होगी उसका एक वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा तथा शेष धनराशि प्रतिवर्ष लगान के रूप मे जमा करनी होगी। ऐसा न करने पर जमानत के तौर पर जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।

6– नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी मे निहित है।

**UP-238198 दिनांक 25.09.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**उपजिलाधिकारी सीतापुर**

## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्रि में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।**

## न्यूज ब्रीफ

### फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के माधवपुरवा मजरे बल्लोपुर द्वितीय के निवासी रत्नेश की पत्नी (26) शांतिदेवी का शव गुरुवार की देर रात छप्पर में बल्ली से बने फंदे से लटकता मिला। उसके दो बेटे हैं। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं लगाए गए हैं। कारण का पता लगाया जा रहा है।

### तीन निजी अस्पतालों को नोटिस

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : शिकायत के बाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लव गुप्ता ने नेशनल, लाइफलाइन और शिवांसी अस्पताल का निरीक्षण कर तीन दिन में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया है। वहीं, लोधेश्वर महादेव हॉस्पिटल को बंद करवा दिया गया है।

### सीएम के हाथों प्रमाण पत्र पाकर छात्र निहाल

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार** : राजकीय इंटर कॉलेज के 116 छात्रों ने हाल ही में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। कक्षा नौ से 12 तक के छात्रों को प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह व प्रवक्ता योगिंदर कौर, नीरज कुमार और नीलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान ले जाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रमाणपत्र मिलने की खबर से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

### 10 अक्टूबर को देवा मेला अवकाश

**बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा मेला एवं प्रदर्शनी समिति द्वारा आयोजित देवा मेला का शुभारंभ 8 अक्टूबर से होगा। पहले निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सूफी संत हाजी वारिस अली शाह के पिता हाजी कुर्बान अली शाह की मजार पर चादर अर्पण कार्यक्रम 11 अक्टूबर को होना था, जिसे अब 10 अक्टूबर (शुक्रवार) को किया जाएगा। डीएम शशांक त्रिपाठी ने बताया कि स्थानीय अवकाशों की सूची में संशोधन करते हुए अब 10 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

### सीएचसी में शिविर का आयोजन

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : सीएचसी में स्वास्थ्य शिविर में नेत्र, दंत, स्त्री रोग, आयुर्वेद, चाइल्ड स्पेशलिस्ट, जनरल फिजिशियन समेत कई विभागों के कैंप लगे। लगभग ढाई सौ मरीजों ने परीक्षण कराया और निशुल्क दवाओं का लाभ उठाया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लव गुप्ता ने भी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान अधीक्षक डॉ. राजर्षि त्रिपाठी सहित कई चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

### एस्ट्रोमंच वास्तुकला कार्यालय का उद्घाटन

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : शीतला माता मंदिर मार्ग पर एस्ट्रोमंच वास्तुकला का प्रदेश कार्यालय शुभारंभ किया गया। चेयरमैन विष्णु नारायण सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कथा व्यास रामानुजाचार्य और आचार्यों ने शुभारंभ कराया। चेयरमैन ने वास्तु शास्त्र की महत्ता बतायी।

### घर से 50 किलो मेंथा ऑयल चोरी

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : लोनी कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम सरैंया निवासी जतिन कुमार वर्मा के घर गुरुवार रात करीब ग्यारह बजे छत पर बने कमरे की कुंडी काट कर घुसे अज्ञात चोर कमरे में रखा 50 किलो मेंथा ऑयल उठा ले गए।

# डीएम-एसपी ने किया रूट मार्च

## बरेली में बवाल के बाद अलर्ट मोड में रहा पुलिस प्रशासन, बरती गयी सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : आई लव मोहम्मद विवाद व बरेली में बवाल को लेकर बाराबंकी में पुलिस प्रशासन महकमा हाई अलर्ट पर रहा। शुक्रवार होने के मद्देनजर डीएम-एसपी ने शहर के इलाकों में फ्लैग मार्च किया। वहीं जिले भर में पुलिस अप्रिय स्थिति को लेकर निगरानी बनाए रखी।

आई लव मोहम्मद को लेकर चल रहे विवाद को देखते हुए शासन ने सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। चूंकि शुक्रवार जुमा का दिन होने के साथ ही संवेदनशील भी रहता है इसलिए प्रशासन व पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर रहा। आमतौर पर शांत रहने वाले जिले में कुछ इलाके संवेदनशील माने जाते हैं, इसको देखते हुए जिले भर में सतर्कता बरती गई। सभी थानों की पुलिस ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए माहौल पर नजर बनाए रखी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने शुक्रवार को नगर क्षेत्र के भीड़-भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण किया। अधिकारियों ने पीरबटावन, नागेश्वरनाथ मंदिर क्षेत्र, सट्टी बाजार सहित अन्य संवेदनशील व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रूट मार्च कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।



पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### अफवाह फैलाने में 10 युवकों का चालान

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : ड्रोन उड़ने की अफवाह उड़ाने वाले 10 युवकों का शांतिभंग में चालान किया गया। गुरुवार की रात कई गांवों से ड्रोन उड़ने की सूचना पुलिस को मिली। जांच में सूचना फर्जी मिली। पुलिस ने खुचकीपुर, इमलिहा, मथुरानगर, मेड़ई का पुरवा आदि में ड्रोन उड़ने की फर्जी अफवाह फैलाने में 10 युवकों का चालान किया।

### खंभों पर चस्पा मिले आई लव मोहम्मद के पोस्टर

**बाराबंकी, अमृत विचार** : एक ओर शुक्रवार को लेकर सक्रिय प्रशासन पुलिस रूट मार्च कर शांति की अपील करते नजर आया तो दूसरी ओर जहांगीराबाद क्षेत्र के सदरुद्दीनपुर व सिहाली चौराहा पर बिजली के खंभे व दीवार पर आई लव मोहम्मद लिखे पोस्टर चस्पा मिले। कुछ ही देर में यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। मामला संवेदनशील होने की वजह से इसकी खबर मिलते ही पुलिस ने पोस्टरों की तलाश शुरु कर दी हालांकि देर शाम पुलिस ने इसे महज अफवाह बताया। थानाध्यक्ष दुर्गा शंकर शुक्ल ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर गई थी पर ऐसा कुछ नहीं मिला। अपील की कि आमजन अफवाहों पर ध्यान न दें।

## हादसों में दो की मौत, चार घायल

**बाराबंकी, अमृत विचार** : अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं चार लोग घायल हो गए। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार शुक्रवार की सुबह दरियाबाद थाना अंतर्गत न्यामतपुर में सड़क किनारे होटल में पिकअप घुस गई। हादसे में होटल के बाहर खड़े रामखेलावन (55) की मौत हो गयी। न्यामतपुर निवासी इमरान उर्फ करिया तेज रफ्तार से पिकअप चला रहा था। चपेट में आने से होटल मालिक नरेंद्र कुमार और श्यामलाल घायल हो गए। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ ने ट्रामा सेंटर में दम तोड़ दिया। कमलेश कुमार (55) को बाइक ने टक्कर मार दी थी। ट्रामा सेंटर में उनकी मौत हो गई। बड्डूपुर क्षेत्र में ओझियापुर निवासी मुस्तकीम अपनी बहन मैसर जहां के साथ बाइक से कुर्सी जा रहा था। हाजीपुर के पास दुपट्टा बाइक में फंसने से दोनों गिर गए, ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। गंभीर दशा में सीएचसी ले जाया गया।

# हत्या के तीन दोषियों को आजीवन सश्रम कैद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : जिला न्यायाधीश कोर्ट ने हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन सश्रम कारावास व प्रत्येक को 30- 30 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

थाना जहांगीराबाद पर हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित राकेश कुमार, नागेन्द्र कुमार वर्मा, सतीश उपाध्याय को विभिन्न धाराओं में न्यायालय जिला जज द्वारा दोषसिद्ध करते हुए आजीवन सश्रम कारावास से दण्डित किया गया। 3 अगस्त 2024 को जहांगीराबाद थाना से कुछ दूरी पर ग्राम नयापुरवा निवासी मुरारी लाल के पुत्र आनंद कुमार की लोहे की राड से पीटकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि आनंद का गांव के राकेश कुमार की भतीजी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कई बार मना करने पर भी आनंद नहीं माना। जिस पर राकेश ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आनंद को मौत के घाट उतार दिया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक गीता द्विवेदी ने साक्ष्य संकलन कर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

### दो अभियुक्तों को तीन साल की सजा

न्यायालय ने डकैती प्रकरण में 2 अभियुक्तों को 3 वर्ष कारावास व 7-7 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। थाना बदोसरांय पर डकैती की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त मो. कलीम अहमद निवासी सिकरा खुर्द थाना जोगापट्टी जिला बेतिया (बिहार), मजनू निवासी रानीबाग थाना खोराबार, जनपद गोरखपुर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-4 द्वारा 3 वर्ष कारावास की सजा से दण्डित किया गया।

# एंबुलेंस चालक लापता नहर में चला सर्च अभियान

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : गुरसेल माता मंदिर के दर्शन कर लौट रहा 108 एंबुलेंस चालक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। शारदा सहायक नहर पटरी पर उसका चप्पल व झोला मिला। परिजनों ने नहर डूबने की आशंका जताई है। मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत कस्बा निवासी ज्ञानेंद्र मिश्रा उर्फ रामजी कुछ समय से बीमार चल रहा है। गुरुवार की सुबह वह फतेहपुर क्षेत्र स्थित गुरसेल माता मंदिर के दर्शन करने की बात कहकर निकला लेकिन शाम लौटा नहीं। परिजनों ने उनकी खोज शुरू की। सुढियामऊ शारदा सहायक डबल नहर की पटरी पर उसकी चप्पल और झोला मिला। पुलिस ने गोताखोरों से तलाश कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### युवक लापता

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : पट्टी पुरे गुलाम मोहल्ले से एक युवक पांच दिन से लापता है। मुलायम (25) पुत्र मुनीम गत 23 सितंबर की सुबह करीब 7 बजे घर से निकला था लेकिन घर नहीं लौटा। पिता ने कोतवाली में बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## फर्जी स्वयं सहायता समूह बंद करने की मांग

**बाराबंकी: अमृत विचार** : विकास खंड बनीकोडर के ग्राम पूरे पंडित, पूरे गोसिया, दलसिंहपुर, कुंवरपुर और पूरे ऊंचे मजरे टांडा की चार दर्जन महिलाएं शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंची और ज्ञापन देकर ने गांव में फर्जी स्वयं सहायता समूहों को बंद कराने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि 12 सितंबर को उन्होंने डीएम के समक्ष पत्र प्रस्तुत किया था, जिस पर 16 सितंबर को उपायुक्त और ब्लॉक विकास अधिकारी द्वारा जांच की गई। महिलाओं ने जांच अधिकारियों से अनुरोध किया कि फर्जी तरीके से बनाए गए समूहों को बंद किया जाए।

# स्वदेशी अपनाने से आत्मनिर्भर बनेगा भारत : मौर्य

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी संकल्प अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे और स्थानीय श्रमिकों, किसानों व युवाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।

सांसद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'स्वदेशी' पर बल देना केवल एक नारा नहीं, बल्कि भारत को पुनः वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन काल में आत्मनिर्भर था और विश्वगुरु कहलाता था, लेकिन आजादी के बाद विदेशी सोच ने कमजोर किया। अब समय है कि हम फिर से स्वदेशी की राह पर चलें। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी रिफॉर्म जैसे निर्णय स्वदेशी अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले ऐतिहासिक कदम हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि अभियान की मंडल स्तरीय कार्यशालाएं 27 से 30 सितंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, रामकुमारी मौर्य, हरगोविंद सिंह, अमरीश रावत, शीलरत्न मिहिर, विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, रोहिताश्व दीक्षित, नीता अवस्थी, नवीन राठौर, मनोज वर्मा, रामेश्वरी त्रिवेदी, रोहित सिंह सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यशाला को संबोधित करते राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य। ● अमृत विचार

## योजनाओं के प्रचार प्रसार पर जोर

**बाराबंकी: अमृत विचार** : बंकी के सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में पोषण पंचायत का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, मोटापा, पुरुष सहभागिता और वोकल फॉर लोकल जैसे विषयों पर जागरूकता बढ़ाई गई। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला थानाध्यक्ष मुन्नी सिंह ने सुरक्षा व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ कन्या सुमंगला योजना पर भी चर्चा हुई।

# हक की सियासत से मिलेगा अधिकार: वसीम राईन

**बाराबंकी, अमृत विचार** : आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि मुसलमानों को 18% आरक्षण देने का वादा महज एक चुनावी चाल थी। 2012 में सत्ता में आने के बाद सपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली, और जिन धर्मगुरुओं ने समर्थन दिया था, वे भी आज तक खामोश हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को अब नारों और खोखले वादों के बजाय हक की सियासत करनी होगी। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि पसमांदा मुसलमानों की हालत दलितों से भी बदतर है। शिक्षा, रोजगार और सरकारी नौकरियों में उनकी भागीदारी बेहद कम है। राईन ने अपील की कि मुसलमान अब किसी के बहकावे में न आएं, अपनी सियासी ताकत पहचानें और उन्हीं नेताओं का साथ दें जो वादा निभाएं, न कि सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल करें।

## फलों में स्टीकर चिपके मिले तो होगी कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार** : शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने मिलावटखोरी पर प्रभावी रोक लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने सेब पर स्टीकर व कार्बेट से पकाए गए फलों को स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताया और दोषी दुकानदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लाल आलू के नाम पर रंगे आलू बेचने की शिकायतों पर छापेमारी अभियान चलाने के आदेश दिए।

## देवा मेला के नाम पर वसूली पत्र वायरल, 24 घंटे में मांगा जवाब

**बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा में दवा व्यापारी समिति का एक पत्र चर्चा सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पत्र के जरिए कथित रूप से देवा मेला सचिव यानी एसडीएम व डीआई के निर्देश पर दवा विक्रेताओं से देवा मेला के लिए दो से पांच हजार रुपये अंशदान जमा करने की अपील की गई है। वहीं एसडीएम की ओर से ऐसे किसी निर्देश से इंकार करते हुए समिति पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। एसडीएम आनंद तिवारी की ओर से समिति पदाधिकारियों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया कि इस तरह का कोई निर्देश जिला प्रशासन या मेला समिति की ओर से जारी नहीं किया गया है।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### ताड़का वध लीला का हुआ मंचन

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : नगर में श्री रामलीला समिति के आयोजन में रामलीला के प्रथम दिन ताड़का वध लीला का मंचन हुआ। मोहल्ला पचघरा स्थित उदासीन आश्रम बाबा संगत में क्षेत्रीय कलाकारों ने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। राम-लक्ष्मण के विष्वामित्र के यज्ञ अनुष्ठान की रक्षा, ताड़का का वध और मारीच के सेना के परास्त होने का मनोरम चित्रण प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर महंत हेमंत दास, सभासद अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

### विशाल पर्वत में सजा मां का दरबार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : लोधेश्वर महादेवा मेला क्षेत्र में विशाल पर्वत बनाकर मां का भव्य दरबार सजाया गया। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की विधिवत पूजा-अर्चना पंडित अनिल शास्त्री द्वारा की गई। बस्तीपुर व फतेहपुर कान्हा जागरण ग्रुप ने भजनों पर सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। भगवान गणेश, महाबली हनुमान, भोले शंकर सहित अनेक देवी-देवताओं की झांकियों ने दर्शकों को भक्तिरस में डुबो दिया। ग्राम अमोली कला में भी स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न स्वरूपों की झांकियां प्रस्तुत कीं।

**निर्णय** | क्षेत्र में फैलेगा शिक्षा का उजियारा, छाई खुशी

# बाल वैज्ञानिक पूजा के गांव में बनेगा इंटर कॉलेज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार** : गेहूं की मड़ाई के दौरान थ्रेसर से निकलने वाली धूल से निजात दिलाने वाले नवाचार के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुकी बाल वैज्ञानिक पूजा पाल के गांव बिरौली में अब राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्थापित होगा। यह कॉलेज वहां की उन बालिकाओं के लिए शिक्षा के नए अवसर खोलेगा, जो अभी तक पढ़ाई के लिए कई किलोमीटर दूर जाती थीं।

दरअसल खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की कोशिशों से प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत बिरौली ग्राम पंचायत में कॉलेज खोलने का प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजा गया था। प्रस्ताव में लगभग तीन करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया। भूमि का चिह्नांकन भी उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा के बगल कर दिया गया।

हालांकि प्रस्ताव में कुछ त्रुटियों के कारण संशोधन के लिए वापस राज्य सरकार को आया है, जिसे सुधारकर जल्द ही दोबारा केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार ने बताया कि इस कॉलेज के खुलने से दरियाबाद, रामनगर और जैदपुर क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा का लाभ मिलेगा। वर्तमान में बिरौली समेत आस-पास की ग्राम पंचायतों की छात्राओं को हाईस्कूल और इंटर की पढ़ाई के लिए सफदरगंज, रामनगर और दरियाबाद जाना पड़ता है।

### किसी सपने से कम नहीं गांव में कॉलेज खुलना



पूजा पाल, बाल वैज्ञानिक।

उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा में पढ़ाई के दौरान मेरे अध्यापक राजीव श्रीवास्तव अक्सर मुझसे कहा करते थे कि कुछ ऐसा करो कि तुम्हारे गांव में ही कॉलेज खुल जाए। आज मेरे शिक्षक की कही गयीं बातें सच हो गई हैं। गांव में कॉलेज खुलना मेरे लिये किसी बड़े सपने से कम नहीं है। जापान जाने से भी बड़ी खुशी मुझे अब मिली है। कॉलेज खुलने से गांव की छात्राओं को बहुत सहूलियत मिलेगी।

### छात्राओं को होगी सुविधा

कॉलेज के लिए प्रस्ताव मंजूर होने पर क्षेत्र की बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और शिक्षा का स्तर बेहतर होगा। यह प्रयास महिला शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**-सतीश चंद्र शर्मा**, राज्यमंत्री।

## बाराबंकी डायरी



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

### नवदुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ

**बाराबंकी : अमृत विचार** : नगर पालिका परिसर में नवदुर्गा पूजा एवं महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को मेहंदी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के साथ हुआ। यह आयोजन यूथ एसोसिएशन परिवार द्वारा लगातार 56वें वर्ष आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह महोत्सव बीते 55 वर्षों से नगर पालिका हाल मनाया जा रहा है।। शुक्रवार को आयोजित मेहंदी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में 260 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इनकी देखरेख अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ, प्रखर कपूर, आर्यवीर राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शिफाली निगम, लाविका राज व शिवेंद्र सिंह ने की। प्रतियोगिताओं के दौरान नगर कोतवाली पुलिस द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के तहत छात्राओं को आत्मरक्षा एवं पुलिस सहायता के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया।



बैंक मैनेजर के साथ छात्राएं। अमृत विचार

### छात्रा बनी बैंक मैनेजर, सीखा बैंकिंग कार्य

**बाराबंकी, अमृत विचार** : मिशन शक्ति 5 .0 के तहत बंकी विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बनवा की छात्राओं ने शनिवार को प्रेरणादायक अनुभव प्राप्त किया। छात्राएं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की नबीगंज स्थित सट्टी बाजार शाखा पहुंचीं, जहां उन्होंने बैंकिंग कार्य प्रणाली को नजदीक से देखा और समझा। कक्षा पांच की छात्रा साइमा ने प्रतीकात्मक रूप से बैंक मैनेजर की कुर्सी पर बैठकर बैंक संचालन का अनुभव लिया। बैंक मैनेजर गुंजन आनंद ने छात्राओं को खाता खोलने, पैसे जमा-निकासी, पासबुक प्रिंटिंग और एटीएम के प्रयोग सहित बैंक से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं की जानकारी दी। छात्राओं आरोही, कहकशा, शहनूर, नवरीन और नशरा ने भी बैंकिंग प्रक्रियाओं को लेकर सवाल पूछे।



सतरिख में बना मिनी स्टेडियम। अमृत विचार

### सतरिख को मिला मिनी स्टेडियम

**बाराबंकी, अमृत विचार** : सतरिख में ताराश्री फाउंडेशन की पहल और भारत सरकार के उपक्रम एचएएल लखनऊ के सहयोग से बने आर्ट मिनी स्टेडियम का शनिवार को उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में एचएएल के निदेशक एम .जी. बाल सुब्रह्मण्यम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी एम. सत्यनारायण, महाप्रबंधक के .के. भट, एस .एस. चंदेल, बीडीओ हरख प्रीति वर्मा व ताराश्री फाउंडेशन के सह-संस्थापक राजीव गुप्ता और समन्वयक डॉ. स्नेहलता मौजूद रहे। महाप्रबंधक चंदेल ने बताया कि फाउंडेशन के कार्यों, दृष्टिकोण और विश्वसनीयता को देखते हुए ही सतरिख में इस खेल परिसर का निर्माण किया गया।



ब्लैक बेल्ट के साथ छात्र। अमृत विचार

### व्हाइट से येलो बेल्ट तक पहुंचे 30 छात्र

**बाराबंकी, अमृत विचार** : बाबा गुरुकुल एकेडमी में आयोजित कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में छात्रों ने प्रदर्शन किया। यूपी ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 30 छात्रों को व्हाइट बेल्ट से प्रमोट कर येलो बेल्ट प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य आर .पी. सिंह, ताइक्वांडो एसोसिएशन बाराबंकी के सचिव अनिल धानुक और शुभम धानुक के निर्देशन में हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### एंटी रोमियो टीम ने संदिग्धों से की पूछताछ

**सीतापुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद में महिला सुरक्षा दलों व एंटी रोमियो टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीमों ने धार्मिक स्थलों, कोचिंग सेंटरों, पार्कों व विद्यालयों के बाहर गश्त कर संदिग्ध युवकों से पूछताछ की और आवश्यकतानुसार हिदायत भी दी गई। इस दौरान नैमिष, सिधौली, अटरिया, सुनारी सहित कई गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं से उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की गई। साइबर अपराधों से बचाव और 'गुड टच-बैड टच' जैसे विषयों पर भी जागरूक किया गया।

### चारागाह की सफाई से पशुओं को मिलेगा पोषण

**लहरपुर, अमृत विचार :** विकास खंड क्षेत्र के नेरिया परसिया गांव में मनरेगा के तहत चारागाह की सफाई अभियान शुरू किया गया। 500 पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु मजदूर नई घास उगाने में जुटे हैं। कार्यक्रम में रविंद्र, रवीना, अखिलेश सहित कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### बच्चों को नशामुक्ति का दिया संदेश

**मछरेहटा, सीतापुर :** बीरमपुर स्थित आरजेजे एजुकेशन प्वाइंट में ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की बहनों ने नशा मुक्ति पर बच्चों को जागरूक किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से नशे के दुष्प्रभाव और इससे बचाव की जानकारी दी गई। बहनों ने नशामुक्ति पर अपने विचार साझा किए। बच्चों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और नशा समाज से दूर रखने की शपथ ली। विद्यालय व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस ने अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में संस्थापक जगदीश जायसवाल, प्रबंधक कुलदीप जायसवाल, प्रधानाचार्या पूनम जायसवाल, उपप्रधानाचार्या अरूणिमा श्रीवास्तव और सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मलबे में दबकर चार बकरियों की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** पिसावां थाना क्षेत्र के विभरापुर गांव में बुधवार देर रात एक कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में दबकर चार बकरियों की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक बीते दिनों हुई बारिश से दीवार पहले से ही कमजोर हो गई थी। दीवार गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर बकरियों को बाहर निकाला लेकिन तब तक चारों बकरियां मर चुकी थीं।

### किसानों को जैविक खेती का दिया प्रशिक्षण

**बिसवां, अमृत विचार :** किसानों को प्राकृतिक व जैविक खेती के लिए प्रशिक्षित करने को किसान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में किसानों को रासायनिक कीटनाशक और उर्वरकों के फसल तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। दीपिका सिंह ने बताया जैविक खेती से उत्पादित फसल पौष्टिक और स्वास्थ्यवर्धक होती है। कृष्ण कुमार ने घर पर जैविक खाद बनाने और उपयोग करने की सलाह दी। आनंद कुमार ने यूरिया के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए जैविक खाद के उपयोग से मिट्टी और फसल की गुणवत्ता दोनों में सुधार की बात कही।

### रावण के अत्याचार व राम अवतार का मंचन

**पिसावां, अमृत विचार :** जय मड़ैया बाबा की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन हुआ। रावण के कठोर तपस्या और वरदान प्राप्ति से लेकर उसके अत्याचार, देवताओं की व्याकुलता और भगवान विष्णु द्वारा राम अवतार लेने का निर्णय कथा में दर्शाया गया। अगले दृश्य में अयोध्या प्रसंग दिखाया गया, जहां महाराज दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ कर राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का जन्म सुनिश्चित किया। मुनि वशिष्ठ ने चारों राजकुमारों का नामकरण संस्कार संपन्न किया। कस्बा वासियों ने दीप जलाए, भजन-कीर्तन किए और नृत्य करके प्रसन्नता व्यक्त की।

### अधिवक्ताओं का अनशन हुआ खत्म

**बिसवां, अमृत विचार :** तहसील में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में अनियमितता को लेकर बीती सोमवार से जारी अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन गुरुवार को चौथे दिन समाप्त हो गया। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश के बाद उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला अनशन स्थल पर पहुंचीं। अधिवक्ताओं ने चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा, जिसमें जन मिलन कार्यक्रम आयोजित करने, प्रमाण पत्रों को रजिस्टर में दर्ज कर क्रमबद्ध तरीके से आदेश जारी करने की मांग थी।

# एडी बेसिक के सामने तीन बच्चे बेहोश, मचा हड़कंप

## विशेष टीम ने बच्चों, अभिभावक व विभागीय कर्मियों के लिए बयान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** बीएसए-शिक्षक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। चौथे दिन मुख्यालय से एडी बेसिक जांच करने पहुंचे तो तेज धूप के बीच परिवार संद धरना दे रहे बच्चों में से तीन बच्चे बेहोश हो गए। किसी तरह उन्हें प्राथमिक उपचार देकर सामान्य किया जा सका। एडी बेसिक ने बच्चों के अलावा अभिभावक और विभागीय बयान दर्ज किये हैं।

एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी को एक दिन पहले ही विद्यालय आना था। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे वे विखं महमूदाबाद के नदवा प्रावि पहुंचे। गेट पर बड़ी संख्या में बच्चे अभिभावकों के साथ मौजूद थे। धूप में धरना देते बच्चों से ली जा रही जानकारी के दौरान तीन बच्चे बेहोश हो गए। बेहोश हुईं सुनैना देवी पुत्री शैलेश शुक्ला, प्रीति पुत्री दिनेश और नरेंद्र कुमार पुत्र राम मनोरथ को प्राथमिक उपचार के लिए भिजवाया, कुछ देर बाद स्थितियां सामान्य हुईं तो एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी बच्चों और अभिभावकों के अलावा विभागीय बयान दर्ज किये। सूत्रों की मानें तो बीएसए भी विद्यालय के निकट थे लेकिन ग्रामीणों के आक्रोश से गांव में नहीं जा सकी।

**प्रमुख सचिव से मिला शिक्षक संघ:** प्राथमिक शिक्षक संघ राज्य मुख्यालय के नेताओं के साथ मिलकर प्रमुख सचिव से मिला। प्रतिनिधिमण्डल में रहे हंसराज वर्मा ने बताया कि उनके साथ जिलाध्यक्ष और प्रदेश स्तर के संगठन के शिक्षक नेता मौजूद थे। प्रमुख सचिव ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। उधर, देर शाम मध्यस्थता को लेकर कुछ जिम्मेदारों ने प्रयास भी किया।



बेहोश बच्चों के साथ मौजूद अभिभावक। अमृत विचार

### पूर्व बार अध्यक्ष ने दी तहरीर

बार के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व नपा चेयरमैन आशीष मिश्रा ने बीएसए अखिलेश सिंह पर केस दर्ज करने की तहरीर दी। दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शिक्षक ब्रजेंद्र वर्मा से मारपीट की गई। इतना ही नहीं जिस तरह से बीएसए द्वारा उत्पीड़न किया गया उस आधार पर विधिक कार्रवाई की जानी आवश्यक है। कहा कि जेल भेजे गए शिक्षक का मेडिकल कराकर बीएसए के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाए।

### कौन सा आदेश सच, तेजी से हो रही चर्चा

बीएसए द्वारा जारी पत्र की मानें तो शिक्षिका अवंतिका गुप्ता एक माह से विद्यालय में अनुपस्थित रहीं। 23 को उन्हें कार्यालय बुलाया गया। ऐसे में अगले ही दिन उनका निलंबन किया गया। बड़ा सवाल ये कि अगर वो नदवा विद्यालय से अनुपस्थित थीं तो किसके कहने पर डायट से शिक्षिका को संबद्ध माना जा रहा था। इतना ही नहीं फिर अनुपस्थिति को लेकर दबाव बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ गई।

### विभागीय लिपिकों के बयान हुए रिकार्ड

एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी शाम को बेसिक शिक्षा विभाग कार्यालय पहुंचे। घटनाक्रम लेते हुए सीसीटीवी फुटेज का आंकलन किया। पुराने रिकार्डों पर सवाल किये। विभागीय कर्मियों से बातचीत की। उन लोगों के बारे में भी पूछा जो घटना के समय बाहरी थे। शिक्षक को कैसे चोट आई, अधिकारी ने इसका भी आंकलन किया।

### जिलाधिकारी हर बिंदु पर रख रहे नजर

डीएम अभिषेक आनंद ने प्रशासनिक टीम को भी दिन भर लगाए रखा। बताते हैं सुबह से महमूदाबाद एसडीएम के अलावा सिधौली एसडीएम भी सक्रिय रहे। सायंकाल एडी बेसिक संग एसडीएम सिधौली भी बीएसए दफ्तर पहुंचे। सीसीटीवी फुटेज के अलावा हर विषयों को साझा किया। बिन्दुवार जानकारी देर शाम डीएम ने शासन को भेजी।

# नेटवर्क ठप होने से उपभोक्ता परेशान

**नेरी, अमृत विचार:** विकास खंड पिसावां क्षेत्र के नेरी गांव में लगे टावर के सही ढंग से न चल पाने के कारण मोबाइल नेटवर्क ठप हो गया है। पिछले चार दिनों से कॉलिंग और इंटरनेट सुविधा बंद रहने से नेरी, कारीपाकर, छहेलिया समेत आसपास के कई गांवों के हजारों उपभोक्ता परेशान हैं। जनसेवा केंद्र संचालक राहुल सिंह ने बताया कि फाइबर कनेक्शन होने के बावजूद इंटरनेट काम नहीं कर रहा, जिससे जरूरी कार्य अटक गए हैं। अंशुल, दीपक, सूरज, कुलदीप यादव, कुलदीप कुमार, विजय मिश्रा, अमित मिश्रा, जगीर और अभय प्रताप सिंह ने बताया कि चार दिनों से नेटवर्क ठप है जिससे परेशानी बढ़ गयी है।



कार्यक्रम में मौजूद पुलिस उपाधीक्षक। अमृत विचार

### छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**मानपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भिठौली में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सीओ अभिषेक कुमार ने छात्राओं को विशेष नंबरों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि घर से पिसी मिर्ची का पैकेट जरूर लेकर निकलें, अगर कोई विशेष परिस्थिति आ जाए तो उसी मिर्चे को हवा में उड़ा दें, ताकि शोहदे से बचा जा सके। चीख पुकार के साथ प्रयास यहीं करें कि आसपास लोग जमा हो जाएं। पुलिस की ओर से दिए गए सभी नंबर टोल फ्री हैं। महिला आरक्षी रीता, महिला आरक्षी निदा परवीन, कांस्टेबल विनीत और आरक्षी मोहित आरक्षी शुभम द्वारा बालिकाओं को आपात कालीन समस्याओं से निपटने की जानकारी दी गई। नारी सम्मान, नारी सुरक्षा और नारी स्वालंबन से जुड़ी महत्वपूर्ण अन्य जानकारियां सीओ अभिषेक कुमार द्वारा साझा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

# दिव्यांग संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**सकरन, अमृत विचार:** विकास खण्ड सकरन सभागार में आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने की। बैठक में ब्लॉक के कई ग्राम पंचायत के दिव्यांग, विधवा, वृद्धा अपनी - अपनी समस्याएं राजीव सिंह के समक्ष रखी। समस्याओं को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने विभिन्न समस्याओं को देखते हुए बीडीओ की अनुपस्थिति में एडीओ पंचायत दिनेश कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या, भोला यादव, टीकाराम, राकेश, अनीता, रेनू, सलीम, गुड्डू, रामासरे, मोहम्मद आलम आदि उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में घायल, किया गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मी भी अब दुर्गा का रूप धारण कर अपराधियों से सीधे भिड़ने लगी हैं। शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी के बीच मुठभेड़ हो गई। आरोपी के फायरिंग में जवाबी कार्रवाई में महिला दरोगा स्वाति चतुर्वेदी ने गोली चलाई जो आरोपी के पैर में लगी। उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल भेजा गया।

एसपी अंकुर अग्रवाल के मुताबिक राशिद खान ने अपने मकान मालिक की मानसिक रूप से बीमार नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उससे एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।



सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले ने बताया कि आरोपी अकबर अली का दामाद है और उस पर दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# निजी अस्पताल के डॉक्टर पर दुष्कर्म का केस दर्ज

**लहरपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित मां हॉस्पिटल के डॉक्टर पर विवाहिता महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता के मुताबिक, पांच सितंबर को तबीयत खराब होने पर वह हॉस्पिटल गई थी। वहां मौजूद आरोपी चिकित्सक जावेद ने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। आरोप है कि आरोपी ने पुलिस को सूचना देने या कहीं बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीड़िता काफी डर गयी थी।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी अपराधिक प्रवृत्ति वाला और राजनीतिक रूप से प्रभावशाली है। कई बार उसने उसे धमकाने की कोशिश भी की है। पीड़िता ने हिम्मत दिखाते हुए प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# आई लव मोहम्मद मामले में प्रदर्शन पर खाकी अलर्ट

**सीतापुर, विचार:** जिले में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। आई लव मोहम्मद मामले में प्रदर्शन की आशंका को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क रही।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। खैराबाद कस्बे में कुछ महिलाओं द्वारा जुलूस निकालने की संभावना के मद्देनजर अतिरिक्त सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और ड्रोन कैमरों से मस्जिदों की निगरानी की गई। प्रशासन ने मुस्लिम धर्मगुरुओं और जिम्मेदार नागरिकों के साथ पीस मीटिंग आयोजित कर किसी भी प्रकार के जुलूस न निकालने का आश्वासन लिया। एसपी ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से बचने और किसी भ्रामक पोस्ट पर ध्यान न देने की अपील की। सतर्कता और सक्रिय निगरानी के चलते जुम्मे की नमाज सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उधर, लहरपुर में जुमे की नमाज से पहले और दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली पुलिस ने नगर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग-मार्च किया। क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता और कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील करता रहा। आई लव मोहम्मद विवाद को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में रही। देर रात्रि तक पुलिस ने संदिग्धों से पूछताछ की।

# खीरी का शातिर मुठभेड़ में घायल

**सफलता**

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिले की क्राइम ब्रांच सटीक सूचना के बाद 25 हजार के इनामी को मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफल रही। देर रात हुई धरपकड़ में लखीमपुर खीरी जनपद के गोला थानाक्षेत्र स्थित इस्लामनगर गांव वासी 25 हजार के इनामी के कब्जे से असलहा और बड़ी संख्या में कारतूसों के अलावा नकदी आदि बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मुताबिक, मुखबिर की सूचना से पता चला था कि खीरी का शातिर अपराधी शमशेर पुत्र लक्खा किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। इसी के बाद उसकी कमलापुर इलाके में घेराबंदी हुई, क्राइम ब्रांच और कमलापुर की टीम ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो उसने फायरिंग की। जवाबी हमले में शमशेर के बाए पैर में गोली लगी है, इलाज के लिए उसे सीएचसी कसमण्डा से जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।

आरोपी पर लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, खीरी, हापुड़, बागपत, बाराबंकी आदि जनपदों में गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं। खीरी जनपद वासी शमशेर अपने गैंग के साथ मिलकर शहरी क्षेत्र और उसके आसपास महिलाओं को टारगेट करता था। शातिर गैंग चेन छीनने के अलावा अन्य गंभीर वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपी के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। धरपकड़ में क्राइम ब्रांच प्रभारी सतेंद्र सिंह और उनकी टीम के अलावा कमलापुर पुलिस शामिल रही।



कार्यक्रम में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक व सीता इंटर कॉलेज के चेयरमैन रमेश बाजपेई। अमृत विचार

### बेटियों के लिए हेल्पलाइन और पुलिस सहयोग हमेशा उपलब्ध

**महमूदाबाद, सीतापुर :** मुख्यमंत्री की योजनाओं के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सीता इंटर कालेज में नारी सशक्तिकरण गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा और त्वरित मदद के लिए 1090, 181, 102 व 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का परिचय दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश सिंह ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि पुलिस 24 घंटे उनकी सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है। महिला आरक्षी काजल सक्सेना, पूजा सिंह और कविता शर्मा ने बताया कि किसी भी समस्या में महिलाएं हेल्पलाइन कॉल कर सकती हैं और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव और प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने अतिथियों को सम्मानित किया। मिशन शक्ति से जुड़ी महिला आरक्षियों और हाईस्कूल मेरिट में स्थान पाने वाली छात्राएं आयुषी वर्मा व गुंजन सिंह को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन प्रतिभा सिंह और आभार डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर ने व्यक्त किया।



रैली निकालतीं स्कूली छात्राएं साथ में पुलिस बल। अमृत विचार

### छात्राओं को दिया गया सुरक्षा का संदेश

**संवाददाता, लहरपुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ताहपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल गुप्ता ने छात्राओं को 1090, 1098, 1079, 1930 और 112 टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी और महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी साझा की। मिशन शक्ति प्रभारी योगिता नेगी ने कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और घरेलू हिंसा के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में निरीक्षक साबिर अली, ऋषभ यादव, नीता, रवि कांत सैनी, सतवीर सिंह, प्रधानाध्यापिका, शिक्षिकाएं-छात्राएं मौजूद रहीं।




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण व अन्य। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**तालगांव, अमृत विचार :** जेएस सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. भूमिका योगी, डॉ. सुजीत गुप्ता और अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि इंडियन रेलवे के चीफ फार्मासिस्ट रवि वर्मा रहे। छात्रों को शपथ दिलाई गई और फार्मासिस्ट की समाज में भूमिका पर चर्चा हुई। पोस्टर, डिबेट, रंगोली व फ्लेमलेस कुकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम की थीम थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट रही। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अध्यापक शामिल हुए।

# लामबंद अधिवक्ताओं ने निकाला पैदल मार्च

**लहरपुर, सीतापुर:** तहसील परिसर में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बार एसोसिएशन लहरपुर के आवाहन पर अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को नगर में पैदल मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां लेकर अधिवक्ताओं ने देश की जनता कर रही पुकार, बंद करो यह भ्रष्टाचार जैसे नारे लगाए।

वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहरलाल मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित मार्च में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने नगर भ्रमण के बाद तहसील परिसर में धरने पर बैठकर 17वें दिन भी विरोध जारी रखा। भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे, जिनमें बार अध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा, महामंत्री कृपा शंकर पांडे, कमलेश वर्मा सहित कई नामी अधिवक्ता शामिल थे। अधिवक्ताओं का कहना है कि एसडीएम-तहसीलदार का स्थानांतरण और पटलों पर व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त होने तक धरना जारी रहेगा। चेतावनी दी कि इसे आगे और भी उग्र बनाया जाएगा।

# संचारी रोग अभियान को लेकर हुई बैठक

**लहरपुर, अमृत विचार:** विकास खंड सभागार में सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम नरेश वर्मा की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। आगामी पांच अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में दस्तक अभियान, हाई रिस्क क्षेत्रों में एंटी-लारवा छिड़काव और टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

यूनिसेफ के बीएमसी अखिलेश पांडे ने ग्रामीण स्वास्थ्य सुधार और सूअर बाड़ा गांव से दूर रखने की सलाह दी। कुष्ठ रोग ट्रेनर धर्मेंद्र मौर्य ने वैक्सीनेशन, स्वच्छता और रोकथाम के उपाय बताए। बैठक में सचिव शारदे प्रसाद राणा, कुलदीप कुमार, अंबिका प्रसाद, जितेंद्र कुमार और अन्य प्रमुख मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में एमआर की मौत, दो की हालत गंभीर

**रामपुर मथुरा, अमृत विचार:** वैन चलाते समय चालक द्वारा फोन पर बाद करने का खामियाजा बाइक सवार युवक को अपनी जान देकर भुगतना पड़ा। वैन और बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गई। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में हुए हादसे में बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाते हुए क्षतिग्रस्त वैन को बीच मार्ग से हटवाते हुए यतायात बहाल कराया। पुलिस ने मृतक युवक के परिजनों को सूचना दी। लखनऊ जनपद के माल थाना क्षेत्र के देवरी गजा निवासी आशुतोष प्रताप सिंह एक मेडिसिन एजेंसी में एमआर थे। शुक्रवार को वे दवाओं के सैंपल लेकर रामपुर मथुरा की ओर जा रहे थे, तभी गुड़ैचा मार्ग पर बांसुरा गांव स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक तुतीहीपुर की ओर से आ रही वैन से टक्कर हो गई। भीषण हादसे में आशुतोष ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## सीतापुर डायरी




पौधरोपण के दौरान मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### दो हजार पौधे रोपे, संरक्षण का लिया संकल्प

**मछरेहटा, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से सेवा पर्व मिशन के तहत ग्राम पंचायत बिजुवामऊ गढी में बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुनीन्द्र अवस्थी, प्रधान रामचंद्र त्रिपाठी, रेंजर सिकंदर सिंह, वन दरोगा और अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। जनता और बच्चों के सहयोग से लगभग दो हजार पौधे लगाए गए। इस मौके पर प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

### आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ लोगों का संकल्प: धर्मेंद्र सिंह

**सीतापुर, अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान से संबंधित कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के बाद मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र एवं स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया गया। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ लोगों का संकल्प है। उन्होंने बूथ स्तर तक अभियान को सफल बनाने और जन-जन में स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यशाला में कई विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कोतवाल की भूमिका में इल्मा रिजवान। अमृत विचार

### कक्षा 10 की छात्रा इल्मा रिजवान बनी एक दिन की कोतवाल

**लहरपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5 अभियान के तहत शुक्रवार को नगर के खेमकरन इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा इल्मा रिजवान को एक दिन के लिए कोतवाल बनाया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। इल्मा ने महिला फरियादियों की शिकायतें सुनीं और त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने मिशन शक्ति कार्यालय का निरीक्षण किया और अभिलेखों की जांच की। महिला आरक्षियों को निर्देश दिए कि वे फरियादियों के साथ संवेदनशील और उचित व्यवहार करें।

### विधायक ने टीबी के मरीजों को वितरित की पोषण किट

**संवाददाता, नेरी, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। विधायक शशांक त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की। शिविर में चश्मा वितरण और गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। विधायक ने मरीजों को नियमित दवा व पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। डिप्टी सीएमओ डॉ. जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पखवाड़े में विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रायबरेली :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के शिवमंगलखेड़ा मजरे सतांव निवासी जितेश कुमार ने शिवरामखेड़ा मजरे सतांव निवासी संतराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि संतराम सकल नारायण विद्यालय के स्कूल बस चलाता है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि शुक्रवार को वह अपनी मोटरसाइकिल से शैलेश पुत्र सुरेश यादव के साथ घर से लालगंज जा रहा था। रास्ते में सतांव के निकट संतराम ने लापरवाही बस चलाते टक्कर मार दिया। इससे वह घायल हो गया। आरोप लगाया कि बस चालक की उसकी पुरानी रंजिश है। उसने जान बूझकर टक्कर मारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पत्नी के मायके वालों ने पति को पीटा

**परशदेपुर, रायबरेली :** डीह थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी के मायके वालों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पति का आरोप है कि मारपीट कर उसकी पत्नी को भी लेकर चले गए। ग्राम मधुकरपुर निवासी विशाल का आरोप है कि पत्नी के मायके से अंजली, शोभनी, शोभनी का पति, राम बहादुर की पत्नी और चार अज्ञात लोग आगे और उसके घर वालों के साथ मारपीट की। पत्नी दीपा को भी साथ लेकर चले गए। चौकी प्रभारी मोहित शर्मा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पत्नी मायके वालों के साथ स्वेच्छा से गई है।

### 28 को उप निबंधक कार्यालय रहेंगे खुले

**रायबरेली :** सहायक महानिरीक्षक निबंधन रायबरेली एसबी सिंह ने बताया है कि नवरात्र पर आम जनमानस द्वारा अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण अपेक्षाकृत अधिक संख्या में कराया जा रहा है। नवरात्र के शेष दिनों में और अधिक पंजीकरण होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जनहित एवं राजस्व हित को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि 28 सितंबर( रविवार) को भी जनपद रायबरेली के सभी उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे। साथ ही विलेख पंजीकरण का कार्य सुचारू रूप से सम्पन्न किया जायेगा।

### नगर को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

**लालगंज (रायबरेली) :** स्वच्छता हीं सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिन एक साथ एक घंटा श्रमदान व 156 घंटे सफाई के महाभियान के क्रम मे अध्यक्ष सरिता गुप्ता व दीपेंद्र कुमार गुप्ता ब्रांड एम्बेस्डर स्वच्छ भारत मिशन के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। हनुमान मंदिर परिसर, बेहटा चौराहा मे साफ सफाई कर श्रमदान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों को कस्बे को स्वच्छ रखने के लिए शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि नगर को साफ सुथरा रखना हमारा परम दायित्व है। जनता से भी अपील करते हुए कहा कि नगर को साफ सुथरा रखने मे सफाई सैनिकों को सहयोग प्रदान करें। कचरा सड़कों पर न फेंककर नगर पंचायत की घरों से कचरा लेने वाले वाहन में डाले। गीला और सूखा कचरा अलग अलग दे ताकि हम नगर को साफ सुथरा और बेहतर बना सके। ब्रांड एम्बेस्डर दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि नगर की सफाई मात्र सफाई कर्मचारियों की नहीं अपितु हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर लिपिक वीरेंद्र यादव, शिव शंकर मिश्रा, मनोज दीक्षित, आशीष सिंह प्रोजेक्ट एनालिस्ट, रमेश कुमार, विजय कुमार, राजकुमार, उमेश कुमार, अभिषेक सिंह, रितिज़ मिश्रा, गगन, धीरज, कुलदीप अग्रहरि, सफाई नायक संजीव कुमार, अंकुश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी में बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत एनटीपीसी ऊंचाहार में विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की एक स्वच्छता रैली से हुई, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर, डीएवी एवं चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने स्वच्छता से जुड़े प्रभावशाली नारों के माध्यम से जागरूक किया।



ऊंचाहार में जागरूकता रैली निकालते बच्चे।

## दो दिन पहले छत पर दिखा था ड्रोन, दूसरे दिन शाम को हुई चोरी

- दवा व्यवसाई के घर से हुई 20 लाख की चोरी

ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर के प्रमुख दवा व्यवसाई शैलेंद्र गुप्ता के यहां बुधवार को हुई बीस लाख की चोरी की घटना में बड़ी सनसनीखेज बात सामने आई है। दो दिन पहले दवा व्यवसाई की छत पर ड्रोन देखा गया था, जिसका वीडियो उनकी पत्नी ने बनाया था। पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को ड्रोन देखे जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है।

ज्ञात हो कि बुधवार की सारेशन नगर के रेलवे स्टेशन रोड निवासी दवा व्यवसाई शैलेंद्र गुप्ता के यहां दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोर घर में घुस गए। घर की अलमारी आदि का लाक तोड़कर उसमें से तीन लाख रुपये और 17 लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण उठा ले गए। घटना के समय पूरा परिवार बगल के रामलीला मैदान में चल रही दुर्गा पूजा की आरती में शामिल होने गया था। इस घटना को लेकर बड़ी हैरान करने वाली बात सामने आई है। पीड़ित का कहना है कि दो दिन पूर्व उनके घर के ऊपर एक ड्रोन दिखाई दिया था। उस समय उनकी पत्नी रेनू गुप्ता ने अपने मोबाइल फोन से ड्रोन का वीडियो बनाया था। जिसे पीड़ित ने शुक्रवार को सोशल मीडिया में वायरल किया है।



देखे गए ड्रोन की फोटो।

**गुरुवार की पूरी रात ऊंचाहार में रहा ड्रोन का खौफ:** गुरुवार की पूरी रात ऊंचाहार के विभिन्न मोहल्लों में ड्रोन और चोर आने की अफवाह उड़ती रही, जिसके कारण लोगों में भय व्याप्त है। देर रात सूचना की मिली कि नगर के दर्जी मोहल्ला में ड्रोन दिखाई दिया, जिसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कृष्ण चंद जायसवाल, ऊंचाहार देहात के प्रधान धनराज यादव, कांग्रेस नेता रमेश मौर्य मौके पर पहुंचे। इन लोगों ने बताया कि उन्होंने खुद ड्रोन देखा है। इसके अलावा कलवारन टोला, अलीगंज आदि मोहल्लों में भी ड्रोन दिखाई देने को लेकर लोग परेशान रहे।

> अफवाहों पर लोग ध्यान न दें, पुलिस सजग है और निगरानी की जा रही है। पुलिस गश्त बढ़ाई गई है। चोरी की वारदात के खुलासे के लिए टीम गठित की गई है। घटना स्थल से फॉरेंसिक टीम ने नमूने भी लिए है।
>
> –संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली।

## जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा व युवा कल्याण अधिकारी का रोका वेतन

### कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में डीएम ने की कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड के तहत अगस्त माह की प्रगति समीक्षा बैठक की गई। बैठक में डीएम हर्षिता माथुर ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। समीक्षा के दौरान डीएम ने प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर डीसी मनरेगा व युवा कल्याण अधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

डीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पेयजल, बिजली, उद्यान, खाद्य, पेंशन एवं आपूर्ति सहित जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी सूचनाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड राज्य सरकार की प्राथमिकताओं की प्रभावी निगरानी का सशक्त माध्यम है, जिसके माध्यम से योजनाओं की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। फैमिली आईडी के तहत डीसी मनरेगा के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रगति संतोषजनक न पाए जाने तथा युवा कल्याण अधिकारी को बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिन विभागों की प्रगति ठीक थी उनकी सराहना करते हुए धीमी प्रगति वाले विभागों को अगली समीक्षा बैठक से पहले रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए। डीएम ने राजस्व वादों की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि वादों की समीक्षा कर समय से उनका निस्तारण कराएं। राजस्व वसूली पर सभी विभागों से बकाया वसूली की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए निर्देश दिए हैं। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को आमजन को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिला अधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नवीन चंद्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




कलेक्ट्रेट में बैठक की अध्यक्षता करतीं डीएम हर्षिता माथुर, मौजूद अन्य अधिकारी।

## एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा दीपांजली



प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करती छात्रा दीपांजली गुप्ता व मौजूद शिक्षक।



अमावां ब्लॉक में बीडीओ का पदभार ग्रहण करती छात्रा रेशमी। अमृत विचार



तामसगढ़ में एक दिन की प्रधानाचार्य बनी मधु व साथ में प्रधानाचार्य श्रीश तिवारी।

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की ग्यारहवीं की छात्रा दीपांजली को एक दिन के लिए स्कूल का प्रधानाचार्य बनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ. अनीता सिंह ने बताया कि पिछले सत्र में आए हाई स्कूल के परीक्षा परिणामों में दीपांजली गुप्ता स्कूल स्तर पर सर्वाधिक अंक लाकर टॉपर रही। अध्यापिका सुधा कनौजिया ने बताया कि प्रधानाचार्य का पदभार ग्रहण करने के बाद छात्रा दीपांजली ने छात्राओं को मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत मिलने वाली विभागीय योजनाओं को बारीकी से समझाया। इस मौके पर अध्यापिका किश्वरजहां, नाजिश बानो, प्राची शुक्ला, रुपारानी गुप्ता, लक्ष्मी, रामानुज सिंह आदि मौजूद रहे।

**एक दिन की बीडीओ बनी छात्रा रेशमी ने जांचे अभिलेख, रायबरेली, अमृत विचार।** शुक्रवार को अमावां विकास खंड की खंड विकास अधिकारी की जिम्मेदारी उच्च प्राथमिक विद्यालय हिलगी की प्रतिभाशाली छात्रा रेशमी ने संभाली। रेशमी हाल ही में जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-9 में चयनित हुई हैं। उनके उत्साह और प्रतिभा को देखते हुए खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह ने उन्हें एक दिन के लिए ''बीडीओ'' का दायित्व सौंपा। इस दौरान बीडीओ बनी छात्रा ने दो घंटे तक कार्यालय की औपचारिक गतिविधियों का संचालन किया। यहां खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह, रितेश, मीना, महेंद्र सिंह, सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**एक दिन की प्रधानाचार्य बनी छात्रा मधु, रायबरेली।** राजकीय हाई स्कूल तामसगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10 की छात्रा मधु को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीश तिवारी ने प्रधानाचार्य का पद्भार ग्रहण करने पर छात्रा मधु का स्वागत किया। इस दौरान सहायक अध्यापक प्रेम नारायण, अजीत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

### नहाते समय कुएं में गिरने से युवक गंभीर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भटसरा गांव निवासी सत्यनारायण प्रजापति अपने घर से कुछ दूर मदारी के दरवाजे स्थित कुएं से नहाने के लिए पानी भर रहा था। तभी अचानक वह कुएं में गिर गया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे गांव के ही आकाश पाण्डेय ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर पहुंचे गांव वालों ने कड़ी मशक्कत के बाद सत्यनारायण को किसी तरह कुएं से बाहर निकाला। उसे गंभीर हालत में सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया। वहीं घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन परेशान रहे। सीएचसी में गंभीर हालत में उनका इलाज जारी है।

## निदेशक डॉ. अमिता ने किया श्रमदान

- एम्स में दिया गया स्वच्छता ही सेवा और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का संदेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत "एक दिन एक साथ एक घंटा" श्रमदान सेवा का आयोजन किया गया। कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन ने अच्छी सेवा के लिए चयनित सफाई कर्मियों को उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया। उन्होंने लोगों को पूरे दिन की एक गतिविधि को ध्यान में रखने का आह्वान किया, जिसको टाल कर स्वच्छता में योगदान कर सकते हैं।

अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सुयश सिंह ने अभियान के दौरान की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। सहायक नर्सिंग अधीक्षक रवि विश्नोई ने सबको स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, छात्रों एवं सफाईकर्मियों ने श्रमदान कर बास्केटबॉल कोर्ट की सफाई की। कार्यक्रम का समापन डॉ. टी. नवीन सागर के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में डीन (अकादमिक) डॉ. नीरज कुमारी, डीन (परीक्षा) डॉ. प्रगति गर्ग, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह, वित्तीय सलाहकार कर्नल यूएन राय, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीरज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत मनोचिकित्सा विभाग ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर केंद्रित एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मनोचिकित्सा की सहायक प्रोफेसर डॉ. के. पद्मा ने समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर ज़ोर दिया और उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों की देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। इंटर्न्स और एमबीबीएस छात्रों ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर एक नाटक प्रस्तुत किया। छात्रों के एक अन्य समूह ने अवसाद और आत्महत्या जागरूकता पर एक नाटक प्रस्तुत किया। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना वर्मा ने महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। आहार विशेषज्ञ ममता तिवारी ने महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में पोषण की भूमिका के बारे में बताया। सहायक प्रोफेसर और मनोचिकित्सा प्रभारी डॉ. श्रुति सिन्हा ने घोषणा की कि पुराने ओपीडी भवन में हर शनिवार को एक विशेष महिला मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा।



एम्स में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देतीं कार्यकारी निदेशक डॉ. अमिता जैन।

## अमृत की बरसे बदरिया... पर झूमे लोग



शीतला मंदिर में आयोजित कन्या भोज।

संवाददाता, सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र में माता रानी का दरबार में हर दिन श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। इस दौरान जगह-जगह जागरण समेत भक्तिमय कार्यक्रम हो रहे हैं। अमृत की बरसे बदरिया.., रंग बरसे रंग बरसे मैया रानी के दरबार में जैसे भक्ति गीतों पर लोग झूम रहे हैं।

सलोन कस्बे में चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव में गुरुवार की रात प्रतापगढ़ की उज्जवल जागरण पार्टी द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरी गणेश, शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, मां काली का तांडव और बरसाने की फूलों की होली खेली गई। जागरण कलाकारों ने भजनों के माध्यम से मां दुर्गा की अलख जगाई और भक्तों को भावविभोर कर दिया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर विपिन कौशल, राजीव कुमार साहू, लवी गुप्ता, राजू अग्रहरी, मन्नू साहू, जय बाबू साहू आदि मौजूद रहे।

### भजन संध्या का आयोजन



जागरण में भगवान शंकर और पार्वती के वेश में नृत्य करते कलाकार।

**मां मनकामेश्वर के दरबार में उमड़े श्रद्धालु, सलोन, रायबरेली।** सलोन कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित अति प्राचीन दुर्गा मंदिर राजराजेश्वरी मां मनकामेश्वर के दरबार में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मां दुर्गा का यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र इसलिए भी है कि यहां विराजित मूर्तियां 12वी सदी की बताई जाती है। महाअष्टमी पर कन्या पूजन और भक्तों के लिए डांडिया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नगर पुरोहित पं. गया प्रसाद शास्त्री शाम की भव्य आरती और प्रसाद का वितरण किया।

कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता का कहना है कि जनसहयोग से मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता दिनरात कड़ी मेहनत करके महामाई का दरबार सजाते है। इस बार कपड़े से बना माता का भवन आकर्षण का केंद्र है। प्रियंक अग्रहरी, मनोज गुप्ता, मनदीप, संदीप, दीपक, अनिकेश, अंकित, लखपति, पवन, आशीष, पिन्टू, आनंद, जय प्रकाश आदि के द्वारा मंदिर को सजाने संवारने में कड़ी मेहनत की गई है।

**शीतला मंदिर में कन्या भोज का आयोजन, लालगंज, रायबरेली।** नवरात्रि पर पूरे जगन्नाथ ऐहार के प्रसिद्ध शीतला मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। बालिकाओं ने छककर प्रसाद ग्रहण किया। समाजसेवी चंदन त्रिवेदी ने कहा कि नवरात्र में जहां मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व है, वही बिना कन्या भोज के मां दुर्गा की पूजा अधूरी है। हम सभी को मां दुर्गा की उपासना के साथ-साथ कन्या भोज अवश्य कराना चाहिए। इस अवसर पर छेदीलाल कुशवाहा, गंगासागर, बुधई, विकास मिश्र. गिरधारी कुशवाहा, सुरेंद्र, परसादी लाल, पुतई, विनय त्रिवेदी, पवन यादव आदि मौजूद रहे।

### बरसाने की फूलों की होली देख हुए मंत्रमुग्ध



मां भगवती के जागरण में मौजूद लोग। अमृत विचार

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** नेमुलापुर मजरे कुम्भी स्थित शीतला माता के मंदिर में 16वां भव्य जागरण आयोजित किया गया। इसमें आशू एंड अंकुश छलिया जागरण पार्टी देवपुरी बछरावां के कलाकार आशू, अंकुश, ऋतिक और स्वास्तिक ने गणेश वंदना, महिषासुर वध, राधा कृष्ण, सुदामा चरित्र, श्री कृष्ण रासलीला, शंकर पार्वती, वृंदावन बरसाने के फूलों की होली, बाहुबली हनुमान आदि झांकियों की जीवंत प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक कमेटी के पदाधिकारी रामशरण यादव ने बताया कि पिछले 16 वर्षों से अनवरत रुप से शीतला माता के मंदिर में भव्य दुर्गा पंडाल सजाया जाता है। यहां बद्री प्रसाद शर्मा, रामअवध यादव, अंकित पाल, देवराज यादव, विजय राज यादव, अरुणेश प्रताप यादव, सचिन रावत, संदीप सिंह, राम सुमिरन गुप्ता, रामनारायण रहे।

**सख्ती** | सरेनी में नि :शुल्क किताबों के कबाड़ में बेचे जाने का मामला, जिला स्तर पर खूब चल रहा खेल

## बच्चों की शिक्षा को खोखला कर रहा भ्रष्टाचार रूपी दीमक

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार अरबों रुपये खर्च कर रही है। निःशुल्क शिक्षा के साथ ही ड्रेस, जूता, मोजा आदि के लिए खातों में पैसा भेजा रहा है। वहीं निःशुल्क किताबों के वितरण के साथ ही दोपहर में मीनू अनुसार भोजन दिया जाता है। इसके बावजूद विभाग में भ्रष्टाचार इस कदर हावी है कि बच्चों का मोहभंग होने लगा है। इसका जीता जागता उदाहरण सरेनी ब्लॉक क्षेत्र में देखने को मिला, जहां पर वितरण के लिए भेजी गई निःशुल्क किताबों को प्रधानाध्यापक द्वारा कबाड़ में बेच दिया गया। इसकी जब पोल खुली तो जिम्मेदार सकते में आ गए हैं।



जिला बेसिक शिक्षा विभाग। अमृत विचार

विभाग की किरकिरी होता देख आनन-फानन में आरोपी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया। सबसे अहम बात यह है कि इतने दिन तक आखिर किताबों का वितरण क्यों नहीं हुआ। यही नहीं विभाग से हर जगह ऑनलाइन फीडिंग तक की व्यवस्था है। ऐसे में यह चूक किसी को हजम नहीं हो रहा है। भले ही एक विद्यालय का मामला हो, लेकिन जिले में कई जगह ऐसा है, जहां पर अभी तक बच्चों को किताबें ही नहीं मिली। इसके चलते उन्हें आज भी पुरानी किताबों के भरोसे ही पढ़ाई करना पड़ रहा है।

हालांकि प्रकरण में नवागंतुक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक शैलजा को निलंबित जरूर कर दिया, लेकिन यदि प्रकरण के तह तक जांच हुई तो किताबों के पहुंचाने में लेट लतीफ समेत कई ऐसे राज खुल सकते हैं। ऐसे में जिला मुख्यालय में तैनात कई कर्मचारी फंस सकते हैं।

**कई सालों से जिला मुख्यालय पर जमे हैं कर्मचारी:** जिला मुख्यालय पर कई सालों से कर्मचारी जमे हुए हैं। इसमें कई संविदा कर्मी हैं, जो टेंडर जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को देखते हैं। बताते हैं कि इनके ही इशारे पर सभी टेंडर पड़ते हैं। इसमें उनका कमीशन बना रहता है। अब नवागंतुक बीएसए राहुल सिंह विभाग को खोखला कर रहे इन भ्रष्टाचार रूपी दीमक से कैसे छुटकारा पाते हैं या फिर पुराने बीएसए के अपनाए गए सिस्टम पर ही चलते हैं यह आने वाला समय ही बताएगा।

### शिक्षा विभाग की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारना नवागंतुक बीएसए को चुनौती

पूर्व में तैनात रहे बीएसए की छवि शिक्षकों में सकारात्मक थी। इसकी वजह उनके द्वारा विद्यालयों या फिर यूं कहे कि चल रही व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करना था। यही वजह है कि विभाग में अलग-अलग कार्यों के टेंडर में खूब खेल हुए। इसमें जिला मुख्यालय पर बैठे कुछ विशेष लोगों का अहम रोल रहा है। इसी का हिस्सा किताबों के उठान से लेकर विद्यालयों तक पहुंचाने तक का भी रहा। हालांकि सरेनी बीईओ द्वारा कार्रवाई की संस्तुति करते हुए भेजी गई आख्या में साफ पता चल रहा है कि गड़बड़ी बड़े स्तर पर है। इसमें प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा पुरानी एवं दीमक लगी पुस्तकों, पोस्टरों एवं अन्य सामग्री को कबाड़ी के माध्यम से हटवाना स्वीकार किया गया है। सवाल यह उठता है कि निशुल्क वितरण के लिए आई पाठ्य पुस्तकें आखिर बच कैसे गई। कहीं ना कहीं कागजी कोरम पूरा किया गया है।

## हर घर स्वदेशी का नारे का संदेश देंगे भाजपा कार्यकर्ता: बुद्धिलाल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल भवन में आत्मनिर्भर भारत अभियान की जिला कार्यशाला आयोजित हुई1 मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष बाराबंकी अवधेश श्रीवास्तव कहा कि विदेशों पर हम लोगों की निर्भरता को कम करने का बीड़ा आज से नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के साथ ही शुरू हुआ था। आज भारत की बागडोर ऐसे मजबूत हाथों में है जो की दृढ़ता के साथ पूरे विश्व पटल पर आत्मनिर्भर भारत को विश्व गुरु बनाने एवं 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प कर चुका है। विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब भारत में बने उत्पाद निर्यात हो और उससे भारतीयों की प्रति व्यक्ति आय बढ़े।



जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित जिला कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

### कार्यशाला

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत रायबरेली में कार्यकर्ता घर-घर स्वदेशी हर घर स्वदेशी के नारे के साथ कुटीर उद्योग और वन जिला वन उत्पाद को भी बढ़ावा देने का काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक राजकुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत सलोन विधायक अशोक कुमार, शिवगढ़ ब्लॉक प्रमुख कुं. हनुमंत सिंह, सुरेंद्र सिंह दाढ़ी, कासहसंयोजक उमेश मिश्रा, नगर के प्रभारी शिवेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, रेनू सिंह ने किया। महामंत्री मारुति मिश्रा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी, सूर्य विक्रम सिंह, संतोष सिंह चौहान रहे।

न्यूज ब्रीफ

## महिलाओं के लिए चला जागरूकता अभियान

**रायबरेली :** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा एवं कौशल विकास पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के निर्देशन में किया गया। जिला मिशन कोऑर्डिनेटर शेफाली सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े कानूनों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या स्मिता मिश्रा ने छात्राओं को महिलाओं के शिक्षा का अधिकार, समान वेतन का अधिकार, संपत्ति का अधिकार और प्रजनन संबंधी अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त बाल विवाह, यौन हिंसा, बाल श्रम और दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक रूमा परवीन, कैरियर काउंसलर शक्तिधर बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

## शिवांग बने राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष

**संग्रामपुर (अमेठी) :** राष्ट्रीय हनुमान दल ने जिले में अपनी संगठनात्मक जिम्मेदारी को और मजबूत करते हुए संग्रामपुर निवासी शिवांग विक्रम सिंह उर्फ शिवा सिंह को अमेठी जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति की घोषणा राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिन्दू ने की नियुक्ति पत्र में उल्लेख किया गया है कि हनुमान दल का संकल्प अखंड हिन्दू राष्ट्र निर्माण, जनसंख्या नियंत्रण कानून, गौ रक्षा, धर्म रक्षा, नारी रक्षा, संत रक्षा, राष्ट्र सेवा एवं मानव सेवा के लिए समर्पित है। इन दायित्वों को ध्यान में रखते हुए शिवांग विक्रम सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवांग विक्रम सिंह की नियुक्ति तीन वर्षों के लिए मान्य होगी। इससे क्षेत्र के लोगों ने प्रमोद सिंह चौहान, शुभम सिंह, विकास सिंह, आकाश सिंह, अनुज सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी।


शिवांग विक्रम सिंह।

## महिलाएं सभी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं

**अमेठी :** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान में महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से विशेष करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं/बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने महिलाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के विभिन्न अवसरों की जानकारी विस्तार से दी। महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं महिला थानाध्यक्ष कंचन ने उपस्थित महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों और पुलिस द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि महिलाओं को अब निर्भीक होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति जैसे अभियानों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**तिलोई (अमेठी) :** स्वशासी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले अभियान का हिस्सा है। शिविर में ई.एन.टी. (कान-नाक-गला), नेत्र रोग और दंत विभागों द्वारा महिलाओं की व्यापक जांच की गई। कैंसर की प्रारंभिक जांच पर विशेष जोर दिया गया।

# दो गांवों में चोरों की सेंधमारी की कोशिश नाकाम

शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों के दो असफल प्रयासों ने ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। चोरों ने एक के बाद दो गांवों में चोरी करने की कोशिश की, लेकिन घर वालों की सतर्कता ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। चोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने पुलिस की गश्त पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पहली घटना थाना क्षेत्र के पूरे रामदीन गांव की है। देर रात चोर केशव यादव के घर में घुस गए। बताया जा रहा है कि चोरों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया, लेकिन हलचल ने परिजनों को चौंका दिया। जैसे ही परिजनों ने शोर मचाना शुरू किया, चोर फरार हो गए।

उधर, दूसरी घटना रामदीन गांव से कुछ ही दूरी पर स्थित भवनी गांव में हुई। यहां स्वामी प्रसाद के घर को चोरों ने निशाना बनाने की कोशिश की। लेकिन घर के सदस्यों की सतर्कता ने चोर भाग गए। वहीं शुकुल बाजार थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार का कहना है कि दोनों मामलों की गहनता से जांच की जा रही है।

# शुकुल बाजार पुलिस का हाल: दस दिन में हुई पांच चोरी

**केस-1 :** 25 सितंबर को तिवारीपुर गांव में गुरुवार दोपहर दो चोर पीछे के रास्ते से घर में घुसे और बक्से से करीब 2 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। घर पर मौजूद महिला प्रीति ने शोर मचाया, लेकिन चोर उसे धक्का देकर छत के रास्ते भाग निकले।

**केस-2 :** 24 सितंबर को तेतारपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित के अनुसार सोना, आधा किलो चांदी और 10,500 रुपये नकद चोर ले उड़े। हमारी तो पुलिस सुन ही नहीं रही है।

**केस-3 :** 21 सितंबर की शाम करीब साढ़े सात बजे सत्थिन गांव के शाहमारू मोहल्ला निवासी संतराम यादव के घर पर चोरों ने धावा बोला। पांच हजार रुपये नकद, तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहने और गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए।

**केस-4 :** 16 सितंबर को दयागिरी मठ गांव में सुंदरलाल पासी के घर पर चोरों ने पीछे लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़कर सेंधमारी की। अलमारी और बक्से खंगालकर चोर 25 हजार रुपये के जेवर और दो हजार नकद लेकर चंपत हो गए।

**केस-5 :** पूरे स्वरूप गांव निवासी कुंवर बहादुर धोबी उर्फ कोड़ई के घर का ताला तोड़कर चोर भीतर घुसे। एक जोड़ी पायल, दस हजार रुपये नकद और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सुबह सामान बिखरा देख परिजनों ने शोर मचाया तो चोरी का पता चला।

केशव बाजपेयी, अमेठी

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार इलाके की पुलिस लापरवाह है। एसपी के सामने अपना ढिढ़ोरा पीटने वाली यहां की पुलिस आंख बंद कर गश्त करने में माहिर है। तभी क्षेत्र में बीते दस दिनों में घरों से जेवर, नकदी व सेंध काटकर लूट की पांच से ज्यादा चोरी हो चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मामले का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई। पूछने पर जवाब यही मिलता, जांच चल रही है।

**आरोप**

- **बीते दिनों हुई चोरी का खुलासा तो दूर कई मामलों में रिपोर्ट तक नहीं लिखी गई**




क्षेत्रवासी कहते हैं कि अगर किसी मंत्री-विधायक के रिश्तेदार का मामला होता तो ही पुलिस आनन-फानन में चोर ढूढ़ती और मामले का खुलासा करती। हालांकि सूत्र बताते हैं कि शुकुल बाजार पुलिस की कार्यशैली से एसपी भी नाराज है। मामले में एसपी को फोन करने पर पीआरओ अवनीश चौहान ने कहा कि थानाध्यक्ष एक्टिव है, रिपोर्ट दर्ज के बारे में कुछ कहना ठीक नहीं है, इस पूरे मामले को मैं एसपी महोदय को अवगत करवा दूंगा। उधर शुकुल बाजार के स्थानीय लोगों का आरोप है कि थाने में कुछ दरोगा की शह के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि चोरी की शिकायतों पर जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज करने पर भी विचार किया जाएगा।

# महिलाओं को डरने की जरूरत नहीं : एसपी

## मिशन शक्ति के पांचवें चरण को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जवानों के साथ किया फ्लैग मार्च


पैदल मार्च कर लोगों को जागरूक करते एसपी डॉ. यशवीर सिंह, मौजूद अन्य अधिकारी।


कार्यक्रम में पुरस्कृत बालिकाएं।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिशन शक्ति के पांचवें चरण को लेकर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सुपरमार्केट, घंटाघर, मंशा देवी मंदिर रेलवे स्टेशन पर महिलाओं को पंपलेट बांट कर उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावां 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन जैसी अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने महिलाओं को बेहिचक व निडर होकर आगे आकर उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। रायबरेली पुलिस हर कदम पर उनकी मदद के लिए सदैव तत्पर है। फ्लैग मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सीओ सिटी अरुण नौहवार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल शर्मा सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

**फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास, परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर कस्बे में शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष जितेंद्र मोहन सरोज ने बताया कि आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में चौकी प्रभारी मोहित शर्मा सहित कई पुलिस कर्मी शामिल रहे।

**समाज में बेहतर कार्य पर महिलाओं और मेधावी छात्राओं का सम्मान, रायबरेली।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। सांस्कृतिक एवं खेलकूद की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही विशेष ख्याति प्राप्त महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने वाली मेधावी छात्राओं को भी स्मृति चिह्न व पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

एएसपी संजीव कुमार सिन्हा और सीओ अरुण कुमार नौहवार ने मिशन शक्ति महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एएसपी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं और छात्राओं को न केवल आत्मविश्वास मिलता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। कार्यक्रम का संचालन वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया।

### पुलिस ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का संदेश

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को भय मुक्त करने व उनके सम्मान की रक्षा के लिए कोतवाल रमेश चंद्र यादव की अगुवाई में रैली निकाली गई। मिशन शक्ति की प्रभारी उप निरीक्षक प्रियंका केसरवानी व उप निरीक्षक दिनेश चंद तिवारी ने पुलिस बल के साथ सरेनी कस्बा का भ्रमण किया। मिशन शक्ति प्रभारी ने कहा कि यदि कोई अराजक तत्व किसी छात्रा से बदसलूकी करता है तो पुलिस को फौरन सूचित करें, ताकि पुलिस उस पर कार्रवाई कर सके। इसी क्रम में कोतवाल ने सरेनी कस्बे में पैदल मार्च निकालकर भय मुक्त रहने का संदेश दिया। इस मौके पर उप निरीक्षक राजेंद्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह, महिला आरक्षी प्रीति, सौरव कुमार, अरविंद यादव, मोहित कुमार आदि थे।


सरेनी क्षेत्र में पैदल मार्च करती पुलिस।

# सगरे में स्नान करते समय युवक की डूबने से मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, जामो (अमेठी)

**अमृत विचार।** जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत झामदास कुटी स्थित सगरा में शुक्रवार को स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गोसाई मजरे दखिनवारा निवासी जयलाल (30) पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद के रूप में हुई है। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

जयलाल अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है, जिससे परिवार की आर्थिक और सामाजिक स्थिति और भी संकटपूर्ण हो गई है। परिजनों के अनुसार, जयलाल रोज की तरह सुबह स्नान करने झामदास कुटी स्थित सगरा गया था, लेकिन काफी देर तक वापस न लौटने पर परिवारवालों को चिंता हुई। जब उसकी खोजबीन शुरू हुई तो कुछ ग्रामीणों को सगरे में शव दिखाई दिया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस और परिजनों को दी गई। सूचना पर पहुंची जामो पुलिस ने शव को सगरे से निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जयलाल की मौत से परिजनों व गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं जामो थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जा रही है।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन।

## अस्पताल में जांच में मिले डेंगू के तीन नए मरीज

**अमेठी, अमृत विचार।** जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को जिला संयुक्त अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों में से 221 लोगों की कुल 5,055 जांच कराई गई, जिसमें डेंगू के तीन नए मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार, कराई गई जांचों में विडाल टेस्ट के 88 और मलेरिया पैरासाइट (एमपी) टेस्ट के 65 सैंपल शामिल थे। जांच के बाद राम करन (70) एवं शिवांशी (12) निवासी भागमानी सराय, और राज कुमार (30) निवासी दरखा, गोसाईंगंज को डेंगू पॉजिटिव पाया गया। तीनों मरीज गौरीगंज क्षेत्र के हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारियों को लेकर किया विचार-विमर्श


रोग नियंत्रण को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 5 से 31 अक्टूबर की प्रभावी तैयारी के लिए आज जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में अंतरविभागीय बैठक आयोजित की गई। यह अभियान मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

बैठक में तय किया गया कि स्वास्थ्य विभाग आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर जाकर बुखार, आईएलआई, क्षय रोग (टीबी) और फाइलेरिया के संभावित रोगियों की पहचान करेगा। इसके साथ ही मच्छरों से बचाव की जानकारी देना, प्रजनन स्थलों का विनष्टीकरण, वेक्टर सर्वेक्षण करना और मरीजों को जांच व उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजने की जिम्मेदारी भी निभाएगा। नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत विभाग शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई, लार्वानाशी दवा का छिड़काव, फॉगिंग और कूड़े के निस्तारण का कार्य करेंगे। वहीं, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्रामीण इलाकों में खुले में शौच पर रोक, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, हैंडपंप मरम्मत, जलभराव की रोकथाम और पर्यावरणीय स्वच्छता पर विशेष ध्यान देगा। इस बैठक में स्वास्थ्य, नगर निकाय, पंचायत राज, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, कृषि, सिंचाई सहित 11 विभागों के नोडल अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही यूनिसेफ और डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधियों ने भी अभियान की कार्ययोजना पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर दिया गया जोर


कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के एक निजी मैरिज लॉन में वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह अभियान वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) द्वारा चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) जैसी प्रमुख योजनाओं की अधिकतम पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान 1 जुलाई से शुरू होकर 30 सितंबर तक पूरे देश में संचालित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया है। कार्यक्रम में एसके दास आरबीआई डीजीएम ने कहा कि सरकार की इन महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना ही अभियान का लक्ष्य है। अमेठी के एलडीएम राजीव पाण्डेय ने बताया कि 680 ग्राम पंचायतों में से 622 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर अब तक लोगों को कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा चुका है। यहां डीजीएम आरबीआई एसके दास, महाप्रबंधक यूपी ग्रामीण बैंक शैलेश जैन, आरएम बीओबी शशांक जी, एलडीएम अमेठी राजीव पाण्डेय, नितिन निगम, दिलीप कुमार चीफ मैनेजर बीओबी, मोहम्मद सिराज, राजेश प्रताप शुक्ला और राजकपूर सिंह आदि रहे।

## धूमधाम से मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस

**संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार।** राजऋषि रणञ्जय सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज में विभिन्न वैज्ञानिक एवं प्रयोगशालाओं से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें वर्किंग मॉडल, नॉन-वर्किंग मॉडल, पोस्टर प्रेजेंटेशन आदि शामिल थे। वर्किंग मॉडल कैटेगरी में ह्यूमन वर्किंग मॉडल के तहत हार्ट सिस्टम पर उत्कृष्ट प्रस्तुति व ट्रॉफी देकर शुकुल बाजार निवासी विपिन पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, क्षेत्र में हर्ष का वातावरण हो गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनूप मेहता और डॉ. विनय पाठक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। वहीं डॉ. विनय पाठक ने कहा कि फार्मेसी का क्षेत्र युवाओं को असीमित अवसर प्रदान करता है।

सिटी डायरी

## हर्षोल्लास के साथ निकली राम बारात


जगदीशपुर में रथ पर निकली राम बारात।

**जगदीशपुर (अमेठी), अमृत विचार।** क्षेत्र के कस्बे में परंपरा के अनुसार रामलीला समिति द्वारा आयोजित आठ दिवसीय रामलीला के पूर्व रविवार को भव्य राम बारात निकाली गई। कस्बे के बालिका इंटर कॉलेज मैदान से निकली यह बरात गुलाबगंज चौराहा होते हुए शिव मंदिर पहुंची और वहां से रामलीला मैदान में संपन्न हुई। राम बरात के स्वागत में जगह-जगह भक्तों ने फूलों की वर्षा की और आरती उतारकर भगवान श्रीराम का अभिनंदन किया। इस दौरान सजीव झांकियों में राम, शिव, हनुमान दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। रामलीला समिति के अध्यक्ष पीके सिंह ने जानकारी दी कि 27 सितम्बर से रामलीला मंचन की शुरुआत होगी। इसमें नारद मोह, ताड़का वध, धनुष यज्ञ, केवट संवाद, सीता हरण जैसे प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। दशहरा पर्व के दिन पारंपरिक रूप से रावण वध का आयोजन होगा। इस अवसर पर रामहेत वैश्य, विकास महेश्वरी, धीरज कौशल, मान तिवारी, विधायक सुरेश पासी, मुन्ना त्रिवेदी, सोनू यज्ञसैनी, अमित सोनी, राजेश विक्रम सिंह, मुरारी कौशल, मान सिंह, अवनीश कौशल, सुरेश यज्ञसैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

## सीनियर दौड़ में धीरेंद्र ने मारी बाजी

**सलोन, रायबरेली।** शुक्रवार को मिनी स्टेडियम सलोन में माध्यमिक विद्यालयों की दो दिवसीय क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित किया। कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल का बहुत महत्व है। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने कहा कि यहां सभी विद्यालयों के बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्य अतिथि जितेन्द्र सिंह ने बालक सीनियर वर्ग आठ सौ मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर खेल की शुरुआत की। इसमें डीह पीएम श्री विद्यालय के धीरेन्द्र प्रथम, शिव विद्या मंदिर रामसापुर के अमरजीत, द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका सीनियर 800 मीटर दौड़ में डीह की खुशबू प्रथम, सर्वोदय विद्यालय सलोन की शिवांशी द्वितीय स्थान पर रहीं।


चिकित्सालय का उद्घाटन करते भाजपा नेता अभिलाष कौशल।

## भाजपा नेता ने किया उद्घाटन

**ऊंचाहार, रायबरेली।** सुदूर ग्रामीण अंचलों में निजी चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे स्वास्थ्य देखभाल के अंतर को कम करने, सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और समुदाय की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ये विचार शुक्रवार को क्षेत्र के पटेरवा चौराहा पर स्थित फोनिक्स क्लीनिक का उद्घाटन करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने व्यक्त किए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजू यादव, डॉ. मो. अरशद, डॉ. अमन कुमार, डॉ. अंकित, डॉ. बलदाउ यादव, मूलचंद पाल, राम मूरत जायसवाल, राज बाबू, दयाराम, संदीप, अखिलेश सैनी आदि रहे।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे। अमृत विचार

## प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

**संवाददाता, सरेनी (रायबरेली)।** बच्चों में गणित के प्रति रुचि विकसित हो सके इस उद्देश्य से क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय में गणित ओलंपियाड का आयोजन किया गया। इसमें उच्च प्राथमिक स्तर के 69 छात्रों ने प्रतिभाग किया। शिक्षकों के विशेष पैनल विषय विशेषज्ञ विभा त्रिपाठी, कीर्ति देवी, अमित कुमार व उमा देवी द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया गया। जनपद स्तर के प्रतियोगिता के लिए अमित कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय देवपुर, सुजीत कुमार कंपोजिट विद्यालय दुर्जनपुर व जानवी उच्च प्राथमिक विद्यालय कन्या रायपुर चयनित किया गया। खंड शिक्षाधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने चयनित छात्रों व प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के दौरान एकेडमिक रिसोर्स पर्सन प्रकाश द्विवेदी व आनंद प्रकाश तिवारी, यज्ञदत्त शुक्ल, विमल किशोर विक्रम, बालकृष्ण तिवारी, शिक्षिका दीपिका बाजपेयी, पूजा सिंह, अजय त्रिपाठी, अनुराग मिश्र, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे।

लापरवाही

नाला निर्माण के बाद सड़क की सर्विस लेन में भी भ्रष्टाचार हावी

# नगर पंचायत शिवगढ़ में मानकविहीन हो रहा निर्माण कार्य

संवाददाता, शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत शिवगढ़ बनने के बाद क्षेत्रीय लोगों को उम्मीद थी कि अब विकास कार्यों को गति मिलेगी। लेकिन लोगों की उम्मीदें जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती दिख रही हैं।

इन दिनों शिवगढ़ कस्बा में लगभग 200 मीटर तक सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें मानकों की जमकर अनदेखी की जा रही है। निर्माण कार्य में मौरंग की जगह डस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है, आरसीसी गिट्टी की जगह घटिया किस्म की रोड़ी का इस्तेमाल किया जा रहा है। केवल एक परत रोड़ी डालकर ऊपर से डस्ट और सीमेंट का मसाला डालकर निर्माण कार्य का इतिश्री किया जा रहा है। जबकि मानकों के अनुसार रोलर से मिट्टी व गिट्टी को अच्छी तरह से दबाने के बाद मौरंग व सीमेंट का मसाला डाला जाना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानकविहीन निर्माण चंद दिनों में ही ध्वस्त हो जाएगा। इसके पूर्व नाला निर्माण में भी मानकों की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। लोगों का आरोप है कि नाला निर्माण में भी पीले व घटिया किस्म के ईंट और मसाला का प्रयोग किया गया है।


शिवगढ़ में सड़क के दोनों ओर होता सर्विस लेन का निर्माण कार्य। अमृत विचार

**ठेकेदार या कार्यदायी संस्था का पता नहीं:** लोगों ने बताया कि नगर पंचायत में होने वाले विकास कार्यों का टेंडर/ठेका के बारे में पता ही नहीं चलता कि किसे मिला है, लगभग सभी कार्य कस्बा निवासी शालू गुप्ता व अन्य कुछ अन्य लोगों द्वारा द्वारा कराये जा रहे हैं। इनमें से किसी की जवाबदेही न होने के चलते ही विकास कार्यों में जमकर मनमानी की जा रही है। नगर पंचायत बनने के बाद शासन स्तर से विकास कार्यों के लिए धनराशि भी जारी हो रही है। लेकिन मानक विहीन निर्माण कार्य कराकर विकास के मद में आए धन की बंदरबांट हो रही है। जिसको लेकर स्थानीय नागरिकों में असंतोष पनप रहा है।

वहीं नगर पंचायत की चेयरमैन सुमन गौतम के पति राम अवध ने बताया कि मैडम ने कुंवर हनुमंत सिंह को अपना प्रतिनिधि बना रखा है। नगर पंचायत में होने वाले सभी विकास कार्य वही देखते व कराते हैं।

### ईओ ने नहीं दी जानकारी

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जब ईओ स्वण सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ नहीं बता सकता, जो जानकारी चाहिए वह लिखकर हमारे नंबर पर व्हाट्सअप पर डाल दीजिए। एक दिन बाद मैं बता दूंगा। लेकिन इसके बाद कई बार फोन करने पर ईओ ने फोन कॉल रिसीव नहीं किया।

# मां कूष्मांडा के दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

## श्रद्धालुओं ने रखा उपवास, दुर्गा सप्तशती का पाठ कर विशेष पूजा-अर्चना के साथ माता को प्रसन्न किया

संवाददाता, उन्नाव/शुक्लागंज

**अमृत विचार।** शारदीय नवरात्र में इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना का सिलसिला शुक्रवार को भी चलता रहा। गुरुवार को जहां विधि-विधान से श्रद्धालुओं ने पूजा की थी, वहीं शुक्रवार को भी भोर पहर से ही नगर के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही रही और देर रात तक भक्त मां के दर्शन को पहुंचते रहे।



मां कूष्मांडा के रूप में बिराजीं दुर्गा माता।



सुबह के समय आरती के दौरान दुर्गा मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़। अमृत विचार

मां कूष्मांडा के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भव्य सजावट के बीच सुबह से ही मां के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर, दुर्गा सप्तशती का पाठ कर और विशेष पूजा-अर्चना कर माता को प्रसन्न किया। आस्था से ओतप्रोत महिला श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन गाए, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। मंदिरों में प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

नगर के प्रमुख मंदिरोंकृकंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, महेश मार्ग सिद्धिधात्री मंदिर, डाकतार कॉलोनी सोमा गौरी मंदिर, गांधीनगर काली मंदिर, पोनी रोड झंडे चौराहा झंडेश्वरी मंदिर, बिंदानगर दुर्गा मंदिर, बालूघाट गायत्री शक्तिपीठ और गंगा विशुनघाट दुर्गा मंदिरकृमें भारी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि मां कूष्मांडा की विधि-विधान से पूजा करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती हैं। लगातार दूसरे दिन तक रही भीड़ ने नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

# ताड़का वध का किया मंचन



रामलीला में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी में श्री राघव सनातन सेवा संस्थान द्वारा आयोजित श्री रामलीला महोत्सव के दूसरे दिन कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को भक्तिभाव से सराबोर कर दिया। शुभारंभ महर्षि विश्वामित्र जी के आगमन के प्रसंग से हुआ। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक रोचक और मार्मिक प्रसंगों को जीवंत किया। दर्शकों ने मुख्य रूप से ताड़का वध व मारीच उद्धार की लीला का आनंद लिया। मंचन का सबसे भावुक पल माता अहिल्या उद्धार के प्रसंग में आया जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

# नवजात बच्चियों के जन्म पर हुआ उत्सव

**उन्नाव, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला महिला चिकित्सालय में बच्चियों का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया। इसके साथ उन्होंने उनकी माताओं को बेहतर देखभाल के लिए बेबी केयर किट भी दी।



महिला को बेबी केयर किट देतीं अपर्णा यादव। अमृत विचार

प्रदेश सरकार के निर्देश पर शारदीय नवरात्र पर महिलाओं व बालिकाओं के स्वास्थ्य, सम्मान व सशक्तिकरण के लिए जारी मिशन शक्ति फेज-5 ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसके तहत महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने जिला महिला चिकित्सालय में केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाते हुए 30 नवजात बालिकाओं के अभिभावकों को बेबी केयर किट दीं। इसके बाद वह आगनबाड़ी केंद्र गदन खेड़ा बाईपास गईं। जहां 11 बालिकाओं का अन्नप्राशन व 8 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम के साथ शारदीय नवरात्र पर कन्या पूजन कर बालिकाओं को फल बांटे। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमा नाथ राय व अन्य अफसरों को कन्या सुमंगला योजना के पात्र लाभार्थियों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने व मिशन शक्ति-फेज 5 के माध्यम से महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के विषय में जानकारी देने को कहा।

## पहले कबूतर उड़ाते थे आज हम राफेल उड़ा रहे : शंकर लाल

**उन्नाव, अमृत विचार।** विदेशी ताकतें हमारे देश को कमजोर करना चाहती हैं। देश को भाषा जाति व क्षेत्रवाद के नाम पर बांटने का कार्य हो रहा है। मोदी जी बाहरियों के साथ इन भीतरी शक्तियों से भी लड़ रहे हैं। मोदी जी देश को आत्मनिर्भर और स्वदेशी बना कर सबको मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। पहले हम कबूतर उड़ाते थे आज हम राफेल और ब्रह्मोस उड़ा रहे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने भाजपा कार्यालय उन्नाव में आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला में कही।

# प्रदेश मंत्री ने ग्राहकों को किया जागरूक

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महंगाई से राहत देने हेतु किए गए ऐतिहासिक जीएसटी रिफॉर्म के बाद ओम प्रिंटर्स पर भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सेवा पखवारा व पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर आमजन को जागरूक करने के लिए प्रतिष्ठान पर स्टिकर लगाकर ग्राहकों को जागरूक करने के लिए अमित मिश्रा को अंगवस्त्र व पुष्पगुछ भेंटकर सम्मानित किया।



प्रदेश मंत्री को सम्मानित करते अमित मिश्रा। अमृत विचार

उन्होंने बताया कि यह कदम न केवल व्यापार को गति देगा बल्कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और सशक्त करेगा। उन्नाव के एक एक व्यापारी साथियों को भी इन बदलावों का सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र का व्यापार नई दिशा में आगे बढ़ेगा। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील तिवारी, नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता, भाजपा नेता बउआ अवस्थी, डीएसएन कॉलेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष विवेक तिवारी, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन उपाध्यक्ष डॉ. अमबर राजपूत, मनीष गुप्ता, प्रशांत निगम, युवा नगर अध्यक्ष अमित शुक्ला, शरद श्रीवास्तव, ओमी मिश्रा, अनुज दीक्षित आदि रहे।

# अज्ञात युवक का शव मिला

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब पुराने यातायात पुल चौराहे के पास बने चबूतरे पर एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सुबह आठ बजे स्थानीय लोगों ने गंगा चौक के पास चबूतरे पर शव देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पश्चिमी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष बताई जा रही है। उसने लाल, काली, हरी और पीली रंग की टी-शर्ट तथा केल्विन कूपर की रंग-बिरंगी अंडरवियर पहन रखी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाढ़ के पानी में मिला अज्ञात युवक का शव

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत नेतुआ के सामने छमकनाली पुलिया के पास शुक्रवार सुबह बाढ़ के भरे पानी में एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिला। कई दिन पुराना लग रहा यह शव वहां से गुजर रहे लोगों की नजर में आया, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाया।

चंपापुरवा-नेतुआ मार्ग पर कान्हा गौशाला के सामने बनी छमकनाली पुलिया के पास सुबह करीब 35 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह पानी में उतराता देखा गया। शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों में कोई भी उसे पहचान नहीं सका। मृतक ने हाफ नीली जींस और काले रंग की टीशर्ट पहन रखी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शव की स्थिति संदिग्ध लग रही थी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# भीड़ ने दो युवकों को पीटा

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार दोपहर चोर समझकर भीड़ ने दो युवकों की पिटाई कर दी। घटना राजीव नगर खंती की ओर झाड़ियों में हुई, जहां दोनों युवक बैठे थे। दोपहर करीब ढाई बजे की घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने युवकों को संदिग्ध मानकर पीटना शुरू कर दिया। पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे शौच के लिए झाड़ियों में गए थे। इनमें से एक युवक गोताखोर मोहल्ला का निवासी है, जिसकी दो दिन बाद शादी है, जबकि दूसरा मनोहर नगर का रहने वाला है। आरपीएफ ने दोनों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ एएसआई गुप्तार सिंह ने बताया कि युवकों को पब्लिक ने गलतफहमी में चोर समझ लिया था।

# त्योहारों को लेकर किया फ्लैग मार्च

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** नवरात्र, दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व पर नगर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से एसपी, एडीएम, एएसपी, सीओ सिटी व भारी पुलिस फोर्स द्वारा शुक्रवार सुबह थाना गंगाघाट क्षेत्र में फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त निकाली गई।



फोरलेन पर पैदल जाते एसपी, एडीएम, एएसपी, सीओ व अन्य। अमृत विचार

सुबह के समय फोरलेन पर पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह, एडीएम सुशील कुमार, एएसपी अखिलेश सिंह एवं सीओ सिटी दीपक यादव भारी पुलिस बल एवं दंगा नियंत्रण बल के साथ मौजूद रहे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर फोरलेन मार्ग होते हुए मस्जिद तक निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि त्योहारों पर शांति और सौहार्द्र बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फ्लैग मार्च और पैदल गश्त का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का संदेश देना और लोगों में विश्वास की भावना को मजबूत करना था।

## जुमे की नमाज को लेकर रहे अलर्ट

**शुक्लागंज।** आई लव मोहम्मद के समर्थन में जुलूस और प्रदर्शनों को देखते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। शासन के निर्देश पर नगर की मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा मनोहर नगर और आस पास क्षेत्र में पुलिस और पीएसी का पहरा रहा। पिछले रविवार को मनोहर नगर में आई लव मोहम्मद के जुलूस निकालने के दौरान पुलिस के रोकने पर उपद्रवियों ने धक्का-मुक्की व पथराव किया था।

## आईजी ने किया पैदल गश्त, कराया सुरक्षा का अहसास

**उन्नाव।** लखनऊ के रेंज के आईजी ने शहर में पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरूक किया। उन्होंने सदर कोतवाली का निरीक्षण करने के साथ पुलिस लाइन में मिशन शक्ति की प्रभारियों के साथ बैठक की। आईजी तरुण गॉबा शुक्रवार को शहर पहुंचे। उन्होंने हाल में चल रहे विवाद, नवरात्रि व त्योहारों को देखते हुए अधीनस्थों को अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। आईजी ने एसपी जय प्रकाश सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार के साथ सदर कोतवाली क्षेत्र के बड़ा चौराहा से पैदल गस्त करने के साथ व्यापारियों, महिलाओं, बालिकाओं से बात की।

## दहेज हत्या के दोषी को 10 साल की सजा

**उन्नाव।** दहेज हत्या में दोषी पति को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। कानपुर नगर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के राजीव नगर विनायकपुर निवासी जितेंद्र त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसने 6 मार्च-2018 को अपनी बहन सुधा की शादी आसीवन थानाक्षेत्र के मिश्रापुर गांव निवासी सुशील मिश्रा से की थी। शादी के बाद से ही कार की मांग को लेकर ससुरालीजन बहन को प्रताड़ित करते थे। 26 सितंबर-2019 को बहनोई ने फोन कर दूध गर्म करने के दौरान सुधा के आग की चपेट में आकर झुलसने की जानकारी दी। जब वह मौके पर पहुंचा तो सुधा कमरे में मृत पड़ी थी। भाई की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या समेत अन्य धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। सीओ गौरव त्रिपाठी ने आरोपी साक्ष्य एकत्र कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश जयवीर सिंह नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी की दलील व साक्ष्य के आधार पर सुशील मिश्रा को 10 साल की सजा सुनाई है। इसके बाद उसके बेल बॉन्ड को निरस्त कर जेल भेज दिया गया।

मुहिम

## बालिका के पैदा होने से शादी तक की चिंता करती है भाजपा सरकार : विधायक

# सरकार बना रही महिलाओं को स्वावलंबी

**नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** महिला सशक्तीकरण का सही उपयोग भाजपा सरकार में हुआ है। जिसमें बालिका के पैदा होने से शादी तक की चिंता सरकार करती है। महिलाओं को अब 33 प्रतिशत चुनाव में भी आरक्षण दिया गया है।

यह बात विधायक बृजेश रावत ने गांव केवाना के मजरे कन्हईखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में जनचौपाल व मिशन शक्ति 5.0 के कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि एक महिला जब शिक्षित होती है तो इसका लाभ उसके मायका व ससुराल पक्ष दोनों को मिलता है। सरकार हर कदम पर महिलाओं को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें स्वावलम्बी बना रही है।



महिला को सम्मानित करते विधायक व जिलाधिकारी। अमृत विचार

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये हर गांव में चौपाल लगाई जा रही है। सीडीओ कृतिराज ने बताया कि महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिये महिला सखी बनाई जा रही हैं। एसपी जय प्रकाश सिंह ने बताया कि महिलाओं की समस्या सुनने के लिये हर थाने में बूथ बने हैं। । इस दौरान एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, तहसीलदार अविनाश चौधरी, ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट शौर्य अरोरा, परियोजना निदेशक, डीडीओ, डीपीआरओ, एसडीओ रुद्र प्रताप, कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह, डिप्टी सीएमओ हरिनंदन, जिला कृषिअधिकारी मौजूद रहे। इसमें कन्हई खेड़ा प्राथमिक विद्यालय की बालिकाओं ने गीत प्रस्तुत किया।

चौपाल में ग्रामीणों ने गांव की सड़क पर पानी भरा होने और पेड़ के पास से विद्युत तार जाने की शिकायत की तो जिलाधिकारी ने ज्वाईंट मजिस्ट्रेट से मौके पर जाकर देखने और जल्द निस्तारित कराने को कहा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुये। वहीं नवाबगंज पावर हाउस के उपखंड अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर पेड़ कटवाकर विद्युत लाइन दुरुस्त कराई और मामले का निस्तारण कर दिया।

## सिटी डायरी

### बालक में धर्मवीर व बालिका में दीपाली ने पाया पहला स्थान



सफीपुर महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**सफीपुर।** महात्मा गांधी इटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय युवक समारोह में सीनियर बालक लंबी कूद में धर्मवीर पहले स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में दीपाली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफीपुर सहित बांगरमऊ व ऊगू के प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों में 800 मीटर दौड़ बालक में महात्मा गांधी कालेज के धर्मवीर व बालिकाओं में जीजीआईसी सफीपुर की नरगिस ने पहला स्थान पाया। इसी तरह 400 मीटर में ऊगू के अभिषेक व जीजीआईसी की काजल अव्वल रहीं। 100 मीटर दौड़ में महात्मा गांधी कालेज के आयुष व जीजीआईसी सफीपुर की रिया शर्मा ने पहला स्थान पाया। इसी प्रकार चक्रछेपण में एमजीआईसी के लवकुश व जीजीआईसी की शगुन पहले स्थान पर रहीं। गोला फेक में बांगरमऊ एसआईसी कालेज के अनुपम सैनी व जीजीआईसी की खुशबू ने बाजी मारी। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य मनीष कुमार व रचना निगम ने किया।



बच्चों को संबोधित करते अधिकारी।

### खेलकूद प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

**नवाबगंज।** कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को तहसील स्तरीय दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी व डीआईओएस सुनील दत्त ने झंडा दिखाकर किया। कार्यक्रम में जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, प्राचार्या माधुरी लता, डॉ. शालिनी समेत मनोज गुप्ता, विजय प्रताप सिंह, जावेद आलम, मोईनुद्दीन, अनुज सिंह, रेशु तिवारी, अजीमुद्दीन अमन दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन श्यामलाल इन्टर कालेज नवाबगंज के तत्वाधान में हुआ। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. अनूप सिंह, तहसील प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह, कैप्टन संतोष तिवारी, परीक्षा प्रभारी संदीप मिश्रा, प्रेमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान छात्र व शिक्षकों को किया गया सम्मानित।

### डीएसएम पब्लिक स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**शुक्लागंज।** भारत विकास परिषद ब्रह्मावर्त प्रांत शाखा शुक्लागंज के तत्वावधान में शुक्रवार को डीएसएम पब्लिक स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। परिषद के संरक्षक केदारनाथ तिवारी, कीर्ति स्तंभ आशुतोष शुक्ल, अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र, सचिव राजीव मिश्र, कोषाध्यक्ष विजय शंकर तिवारी, गतिविधि प्रमुख संस्कार श्रीकांत त्रिवेदी, सेवा अनुज तिवारी, संपर्क अमित पांडे, अंकुर शुक्ला, ओमप्रकाश ने मेधावियों को प्रमाणपत्र, मेडल व पटका प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रीता सिंह, मधु तिवारी आदि मौजूद रहे।



कन्याओं को भोजन करातीं महिलाएं। अमृत विचार

### सामूहिक रूप से कराया गया कन्या भोज

**उन्नाव।** नवरात्र के पांचवें दिन शहर के स्टेट बैंक स्थित दुर्गा मंदिर में लोगों ने मां दुर्गा का श्रृंगार कर फूल, माला व चुनरी अर्पित कर पूजन किया। इसके साथ सामूहिक रूप से कन्या भोज का भी आयोजन किया। इस दौरान बच्चों को माता के मंदिर के पास बैठाकर पुड़ी सब्जी, दही जलेबी, चिप्स, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल आदि उपहार भेट किए। इस मौके पर आशीष श्रीवास्तव, वीरमती निगम, हिमांशू दीक्षित, नंदू गुप्ता, अरुण गुप्ता, मनोज यादव, सभासद नीलम यादव आदि भक्त मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद ने वॉटर कूलर का किया उद्घाटन

**उन्नाव।** जिला कारागार में बंदियों व कैदियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ व वाटर कूलर लगाया गया है। शुक्रवार को सांसद साक्षी महाराज ने इसका उद्घाटन किया। सांसद ने जेल अस्पताल, महिला व किशोर बैरक, पाठशाला का निरीक्षण किया। बंदी महिलाओं के साथ बच्चों में खिलौने, बिस्कुट व फल वितरित किए। इस दौरान सीडीओ कृतिराज जेल अधीक्षक पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रक चालक की नकदी व मोबाइल किया पार

**बिछिया।** लखनऊ के निगोहा थाना के रघुनाथ खेड़ा निवासी ट्रक चालक रामदत्त ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लखनऊ से कानपुर भाड़ा लोड कर जा रहा था। नवाबगंज स्थित एक होटल में खाना खाने के लिए रुका था। इसके बाद वह गुरुवार रात 2 बजे दही थानाक्षेत्र के सोनिक मोड़ के पास नींद आने से ट्रक खड़ाकर उसी में सोने लगा। कुछ देर बाद दो व्यक्ति ट्रक की खिड़की पर खटपट कर रहे थे। आवाज सुन उसकी नींद खुल गई। इस पर दोनों व्यक्ति खिड़की से कूद गए। पीछा करने का प्रयास किया तो वह वहीं गिर गया। इससे दोनों बाइक से भाग निकले। चालक ने ट्रक में रखी पर्स व मोबाइल चेक किया तो मोबाइल व 5 हजार रुपये गायब थे। दही एसओ अवनीश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### तीन घंटे ठप रही बिजली

**शुक्लागंज।** शुक्रवार दोपहर शुक्लागंज के पश्चिमी गंगाघाट क्षेत्र में ग्यारह हजार लाइन से कौवा टकरा गया, जिससे जंपर उड़ जाने पर मिश्रा कालोनी फीडर की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। अचानक बिजली गुल होने से मिश्रा कालोनी, पुरानी बाजार, गोताखोर, चंपापुरवा, मनसुखखेड़ा, तेजीपुरवा, राजीव नगर खंती, गगनीखेड़ा और सरैयां समेत कई मोहल्लों में हड़कंप मच गया। सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने पैट्रोलिंग कर फॉल्ट तलाशा। पौने छह बजे तक कार्य पूरा कर बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी।

### छात्रों को दिये गए छात्रवृत्ति प्रमाणपत्र

**फतेहपुर चौरासी।** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद ने नगर पंचायत स्थित जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज के छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र दिए। प्रधानाचार्य हरीलाल ने बताया कि कक्षा 10 के छात्र अभी बाजपेयी व कक्षा 9 के छात्र नितिन को 3000 रुपये व शेष दोनों कक्षाओं के 17 छात्रों को 1400 रुपये की छात्रवृत्ति के प्रमाणपत्र दिए गए। समारोह में एडीओ पंचायत हेमंत कुमार, शिक्षक आनन्द शुक्ला, अभिषेक, दिनेश आदि मौजूद रहे।

### वरिष्ठ शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखा जाए

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपदीय प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, महामंत्री रामजन्म सिंह व संरक्षक राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के प्रतिनिधि शशांक शेखर सिंह सनी से मिला। प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन देते हुए वरिष्ठ शिक्षकों पर जबरन टेट की लागू करने का विरोध करते हुए टेट की अनिवार्यता से मुक्त रखे जाने की मांग की।

### जयंती पर याद किए गए डॉ. मनमोहन सिंह

**उन्नाव।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मे उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें महान अर्थशास्त्री बताया गया। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि वह एक महान अर्थशास्त्री होने के साथ ईमानदार, सरल, सह हृदय व देशभक्त थे। पूर्व जिलाध्यक्ष जंगबहादुर सिंह, पूर्व एआईसीसी सदस्य कमल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, जिला महासचिव यूसुफ फारूकी, शहर अध्यक्ष फैज फारुकी आदि मौजूद रहे।

### बाढ़ के कारण रामलीला समिति ने बदला स्थान

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** शुक्लागंज में श्री सार्वजनिक रामलीला समिति की 50वीं स्वर्ण जयंती रामलीला का आयोजन इस बार विशेष परिस्थितियों में किया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूर्व निर्धारित स्थल सुरेश पंडा बाउंड्री में जलभराव की समस्या दूर न हो पाने के कारण स्थान परिवर्तन करना पड़ा है। इसके चलते मंचन अवधि को भी सीमित कर पाँच दिन किया गया है। अब रामलीला का आयोजन 29 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस बार नगर के प्रतिष्ठित अशोक तिवारी, केदार तिवारी और कैप्टन राहुल तिवारी के परिवार ने आगे आकर अपने गोपीनाथ चन्द्रावती विद्यालय की भूमि उपलब्ध कराकर समिति की चिंता दूर की।



# आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश
# मिशन 2047

**विज़न 2047 हमारे लिए एक संकल्प है। एक ऐसा संकल्प कि हम उत्तर प्रदेश को न केवल भारत का सबसे सशक्त और समृद्ध राज्य बनाएँगे, बल्कि दुनिया के सामने विकास, संस्कृति और मानवीय मूल्यों का आदर्श भी पेश करेंगे। हम वो प्रदेश बनाएंगे जो न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में अपने विकास, अपनी तकनीकी ताकत, अपने उद्योग और अपनी अद्वितीय संस्कृति के लिए जाना जाएगा। यहाँ विकास की गंगा व परंपरा की यमुना साथ-साथ बहेंगी। आइए, हाथ से हाथ, मन से मन और कदम से कदम मिलाकर हम सब इस महान यात्रा का शुभारंभ करें।**



## चिन्हित 12 सेक्टर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं संबद्ध | पशुधन संरक्षण | स्वास्थ्य | शिक्षा | पर्यटन | सुरक्षा एवं सुशासन |
| अवस्थापना | समाज कल्याण | संतुलित विकास | नगर एवं ग्राम्य विकास | औद्योगिक विकास | आईटी एवं इमर्जिंग टेक्नोलॉजी |

## पर्यटन सेक्टर

1947-2017 तक उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय पर्यटन हिस्सेदारी घटकर 13.1% रह गई

2017 के बाद तीव्र उछाल से यह 18.99% पहुँची

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, श्रीराम जन्मभूमि, दीपोत्सव, ब्रज विकास, पर्यटन परिपथ और हेलीपोर्ट सुविधाओं से यूपी बना धार्मिक-सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र

महाकुंभ 2025 ने यूपी को विश्व मानचित्र पर स्थापित कर अर्थव्यवस्था व रोजगार को नया आयाम दिया

### 2047 तक पर्यटन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

नैमिषारण्य, विंध्याचल, मथुरा जैसे नए पर्यटन कॉरिडोर, रामायण-कृष्ण-बौद्ध सर्किट का विस्तार, ईको टूरिज्म और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने पर फोकस

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

यूपी को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी के रुप में स्थापित कर परंपराओं और समृद्ध वैभव को वैश्विक पहचान दिलाना

## नगर एवं ग्राम्य विकास सेक्टर

1947-2017 तक शहरीकरण अव्यवस्थित रहा निकाय और बजट आबादी के अनुरुप नहीं थे, बुनियादी सुविधाएँ अधूरी और विकास असंतुलित था

2017 के बाद योजनाबद्ध और तकनीक-सक्षम शहरीकरण शुरु हुआ

नए व विस्तारित निकाय, स्मार्ट सिटी मॉडल बने

राज्य राजधानी क्षेत्र और क्षेत्रीय विकास योजनाओं से जल-सीवर का संयोजन

हरित क्षेत्र और स्वच्छता में हुआ सुधार

### 2047 तक नगर विकास

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

हर शहर को आधुनिक स्मार्ट सिटी बनाना, जहाँ स्वच्छ पेयजल व स्वच्छता उपलब्ध हो

24x7 बिजली और पक्का आवास उपलब्ध हो

मेट्रो, लाइट मेट्रो और इको-फ्रेंडली पब्लिक ट्रांसपोर्ट से शहरी कनेक्टिविटी सुदृढ़ करना

तीन नए रीजनल आर्थिक जोन, पारदर्शी नगर वित्तीय प्रबंधन, आधुनिक सीवेज व अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लागू करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

पाँच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट शहर विकसित करना, जो कनेक्टिविटी, जीवन स्तर और निवेश के मामले में वैश्विक मानकों के अनुरुप हों

पूरे प्रदेश में 100% ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा वैज्ञानिक पुनर्चक्रण व्यवस्था सुनिश्चित करना

## आपके सुझाव से बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश UP 2047

## मिशन

**समग्र विकास**
हर नागरिक को घर, पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य

**आर्थिक नेतृत्व**
उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बढ़त

**सांस्कृतिक पुनर्जागरण**
परम्परा और आधुनिकता का संतुलित संगम

## पशुधन संरक्षण सेक्टर

वर्ष 2017 तक अपार संभावनाओं के बाद भी पशुधन और दुग्ध विकास सेक्टर उपेक्षित रहा

पहले दुग्ध, अंडा और मत्स्य क्षेत्र में योगदान सीमित था

2017 के बाद नस्ल सुधार, कृत्रिम गर्भाधान, चारा व चिकित्सा प्रबंधन और गोवंश संवर्धन- संरक्षण से बड़ा बदलाव आया

प्रदेश में 414 लाख मी. टन दुग्ध उत्पादन हो रहा है (राष्ट्रीय योगदान 16.2%, देश में प्रथम)

अंडा उत्पादन में दोगुनी वृद्धि, मत्स्य उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव का साक्षी बना उत्तर प्रदेश

यह सेक्टर रोजगार-सेवायोजन के नए अवसरों का सहज माध्यम बन कर उभरा है

### 2047 तक पशुधन संरक्षण

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

प्रदेश में दुधारु पशुओं की उत्पादकता दोगुनी, अंडा उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में देश का शीर्ष राज्य बनना

गोवंश नस्ल सुधार, सॉर्टेड AI, प्रोटीनयुक्त आहार और निर्यातोन्मुख मछली प्रजातियों का विस्तार करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

उत्तर प्रदेश को दूध व अंडा उत्पादकता में विश्वस्तरीय स्तर पर पहुँचाना

मत्स्य व पशुपालन को निर्यातोन्मुख बनाना और पशुधन विज्ञान व प्रबंधन के अंतरराष्ट्रीय संस्थानों की स्थापना करना

## अवस्थापना सेक्टर

1947-2017 तक प्रदेश में आधारभूत ढांचा लगभग ठहरा रहा

सीमित सड़क और हवाई कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास हेतु कोई ठोस नीति नहीं थी और ऊर्जा उत्पादन मात्र 12,000 मेगावॉट तक सीमित था

2017 के बाद जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर अभूतपूर्व प्रगति हुई। 22 एक्सप्रेसवे, 16,000 किमी रेल लाइन, मल्टीमोडल लाजिस्टिक्स हब, 16 संचालित व 5 निर्माणाधीन हवाई अड्डे तथा जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स ने उत्तर प्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर पॉवरहाउस बना दिया

ऊर्जा उत्पादन 20,000 मेगावॉट से अधिक और विद्युतीकृत मजरों की संख्या दोगुनी हो गई

### 2047 तक अवस्थापना

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

जेवर एयरपोर्ट को आधुनिक कार्गो ट्रांजिट हब बनाना

सभी जिलों को एक्सप्रेसवे से जोड़ना

स्मार्ट ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार तथा नेपाल सीमा पर ट्रांजिट हब और पर्यटन स्थलों पर रोपवे विकसित करना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

"एक मंडल-एक एयरपोर्ट" के तहत हर मंडल में विश्वस्तरीय हवाई अड्डे का विकास

उत्तर प्रदेश को वैश्विक विमानन और अवसंरचना का केंद्र बनाने पर फोकस

**अपने विचार और संकल्प साझा करने के लिए अभी QR कोड स्कैन करें या विज़िट करें:**

**https://samarthuttarpradesh.up.gov.in**

## शिक्षा सेक्टर

1947-2017 तक शिक्षा अवसंरचना कमजोर रही ड्रॉपआउट दर अधिक और तकनीकी-कौशलपरक शिक्षा का अभाव था

बेरोजगारी, भर्तियों में भेदभाव और महिलाओं की सीमित भागीदारी बड़ी चुनौतियाँ थीं

2017 के बाद व्यापक सुधार हुए, स्कूल चलो अभियान और ऑपरेशन कायाकल्प से विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएँ पहुँचीं

अटल आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभिनव प्रयास हुए

10 नए राज्य विश्वविद्यालय, आधुनिक आईटीआई और लगभग 50 लाख टैबलेट-स्मार्टफोन से युवाओं का डिजिटल सशक्तिकरण हुआ

पारदर्शी भर्तियों से लाखों युवाओं को रोजगार और महिला श्रम भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई

### 2047 तक शिक्षा क्षेत्र

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

थीम आधारित विश्वविद्यालयों की श्रृंखला, ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना

IIT-IIM समकक्ष संस्थानों की स्थापना, साथ ही अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के कैम्पस व एक्सचेंज प्रोग्राम से युवाओं को वैश्विक अवसर देना

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

उत्तर प्रदेश को शिक्षा व कौशल विकास का वैश्विक केंद्र बनाना

प्रदेश में विश्वस्तरीय अनुसंधान और नवाचार केंद्र स्थापित हों और प्रदेश की उच्च शिक्षा संस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाने पर जोर

## समाज कल्याण सेक्टर

1947-2017 तक योजनाओं का लाभ सीमित और अपारदर्शी रहा

2017 के बाद लक्षित व पारदर्शी मॉडल से 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए

जीरो पावर्टी अभियान, पेंशन, सामूहिक विवाह, उज्ज्वला, अन्नपूर्णा भवन व राशन कार्ड बना सुरक्षा कवच

### 2047 तक सामाजिक सुरक्षा एवं गरीब कल्याण

**लघु अवधि (2029-30 तक)**

वंचित वर्गों को शिक्षा स्वास्थ्य आवास-आजीविका में समान अवसर


महिलाओं की श्रम भागीदारी को 50% तक बढ़ाना, बहुआयामी गरीबी का उन्मूलन और हर नागरिक को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य

**मध्यम एवं दीर्घ अवधि (2030-47)**

पूर्वांचल बुंदेलखंड का संतुलित विकास

युवाओं को नवाचार, खेल-संस्कृति में वैश्विक अवसर

यूपी को स्किल्ड मानव संसाधन का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाना



# उत्तर प्रदेश
# विकासशील परिवेश सुरक्षित निवेश



**ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर, 2025 तक उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (UPITS) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह मेगा शो प्रदेश की औद्योगिक ताकत, सांस्कृतिक धरोहर और "मेड इन यूपी" की वैश्विक पहचान को सामने लाएगा। 80 से अधिक देशों के बायर्स, हजारों एग्जिबिटर्स और लाखों विजिटर्स की मौजूदगी इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर खास बनाएगी। ओडीओपी और जीआई उत्पादों की विशेष प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ेगी। साथ ही 17 प्रमुख सेक्टर्स की भागीदारी, विभागीय स्टॉल्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम इस आयोजन को और भी आकर्षक बनाएंगे।**

"यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के एमएसएमई क्षेत्र की उल्लेखनीय वृद्धि और असीम संभावनाओं का सच्चा प्रतिबिंब है। पिछले दो संस्करणों की अपार सफलता ने हमारे लोगों की उद्यमशीलता की भावना में हमारे विश्वास को और मजबूत किया है। तीसरे संस्करण की तैयारी करते हुए, हम वैश्विक खरीदारों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जो हमारे राज्य की ताकत, कौशल और परंपरा का प्रतिनिधित्व करने वाले बेहतरीन उत्पादों को देखेंगे और खरीदेंगे"

**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो

**25 से 29 सितंबर, 2025**

**ग्रेटर नोएडा में सजेगा यूपीआईटीएस का ग्लोबल मंच, दिखेगी मेड इन यूपी की ताकत**

"आज यूपी इतनी तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है, देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ यहाँ निवेश कर रही हैं, इसके पीछे यूपी सरकार की विकासपरक नीतियों की बड़ी भूमिका है। पिछली सरकारों में यूपी में अपराधी बेखौफ थे और निवेशक यहां आने से भी डरते थे। लेकिन, यूपी की सरकार में अपराधियों में खौफ है और निवेशक यूपी के भविष्य में भरोसा देख रहे हैं। मैं विकास की इस रफ्तार के लिए यूपी सरकार को बधाई देता हूँ"

**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023

| | | |
|---|---|---|
| 1914 एग्जिबिटर्स | 70 हजार B2B विजिटर्स | 1 लाख+ बिजनेस लीड्स |

**66 देशों के 400+** विदेशी खरीदार

**10 लाख बार** #UPITS2023 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024

| | | |
|---|---|---|
| 2122 एग्जिबिटर्स | 1 लाख+ B2B विजिटर्स | 2 लाख+ बिजनेस लीड्स |

**70 देशों के 350+** विदेशी खरीदार

**3.2 करोड़ बार** #UPITS2024 इंटरनेट पर अंकित किया गया

### उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025*

| | | |
|---|---|---|
| 2500 एग्जिबिटर्स | 2.5 लाख+ B2B विजिटर्स | 2 लाख+ बिजनेस लीड्स |

**80+ देशों के 500+** विदेशी खरीदार

**5 करोड़ बार** #UPITS2025 इंटरनेट पर अंकित किया जायेगा

*लक्ष्य

- पंजीकरण: मोबाइल ऐप के माध्यम से क्यूआर कोड (QR Code) आधारित पंजीकरण।
- यह आयोजन प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक पहचान और "मेड इन यूपी" की ताकत दुनिया के सामने रखेगा।
- 80 देशों से 500+ बायर्स के आने की उम्मीद, अब तक 75 देशों के 340 बायर्स ने पुष्टि की।
- ओडीओपी की विशेष प्रदर्शनी से स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक बाजार से जोड़ा जाएगा।
- उद्देश्य – यूपी को निर्यात में शीर्ष पर ले जाना और निवेश आकर्षित करना।
- यूरोप और सीआईएस से 110 बायर्स की संभावना, 88 ने सहमति दी।
- शो में 17 प्रमुख सेक्टर्स के उत्पाद प्रदर्शित होंगे, विशेष फोकस ओडीओपी व जीआई प्रोडक्ट्स पर।
- सरकार के विभिन्न विभाग 37085 स्क्वायर मीटर में अपने-अपने स्टॉल्स लगाएँगे (28649 स्क्वायर मीटर बुक)।




- उद्देश्य – प्रदेश की औद्योगिक शक्ति, सांस्कृतिक विरासत और मेड इन यूपी उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना।
- विदेशी सहभागिता – लगभग 80 देशों से खरीदार और निवेशक इसमें भाग लेंगे।
- बायर्स और निवेशक – 500 से अधिक इंटरनेशनल बायर्स की मौजूदगी की उम्मीद है।
- प्रमुख सेक्टर्स – कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र एवं हैंडलूम, आईटी, स्टार्टअप, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा और अवसंरचना जैसे क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहेगा।
- स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा – MSME और स्टार्टअप्स को अपने उत्पाद और सेवाएं प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा।
- सांस्कृतिक झलक – कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की कला, शिल्प, संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी।
- राज्य सरकार का विजन – इस आयोजन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना।

### मुख्य आकर्षण

इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा, जीएनआईडीए, यीडा, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा विभाग।

विजिटर्स के लिए विशेष स्टॉल – नगर विकास, पर्यटन, स्वच्छ गंगा मिशन, स्वास्थ्य, आयुष, पर्यावरण व वन विभाग।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस – कृषि, डेयरी, पशुपालन, मत्स्य और यूपीएसआरएलएम।

अतिरिक्त सेक्टर्स – शुगर व केन, टेक्सटाइल्स, हैंडलूम, क्रेडाई, बैंकिंग-फाइनेंस, ऑटो-ईवी, यूपीएसडीएम और हायर एजुकेशन।

खास आकर्षण – सीएम युवा, न्यू एंटरप्रेन्योर्स और पार्टनर कंट्री पवेलियन।

आयोजन स्थल पर फूड कोर्ट्स, B2B - B2C स्टेज और कल्चरल स्टेज भी होंगे, जहां सांस्कृतिक गतिविधियाँ और शोज होंगे।

### यूपीआईटीएस में निर्यात

**2023**

पहले संस्करण के दौरान भी 1000 करोड़ रुपए से अधिक रहा था ओवरऑल बिजनेस वॉल्यूम।

**2024**

बी2बी और बी2सी के माध्यम से 2200 करोड़ रुपए से अधिक के मिले निर्यात ऑर्डर।

शीर्ष 20 उद्यमियों को ही 630 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात ऑर्डर मिले। इनमें मेरठ, हापुड़, गाजियाबाद, कानपुर, बागपत, बाराबंकी, मिर्जापुर, मथुरा, संभल और ग्रेटर नोएडा जैसे जिलों के उद्यमी शामिल रहे।

### भारत सरकार से सहयोग

वाणिज्य मंत्रालय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (FIEO) के समर्थन से दुनियाभर से विदेशी खरीदारों को जुटाने के लिए वित्तीय सहायता।

विदेश मंत्रालय (MEA): अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रचार और खरीदारों को भारतीय वाणिज्य दूतावासों के माध्यम से वीजा सहायता एवं यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का प्रचार।

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय : पीएमएस (खरीद और विपणन) योजना के तहत उद्यमियों और स्टार्टअप को वित्तीय और विपणन सहायता।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई): सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूपीआईटीएस का प्रचार।

ADVERTORIAL



उम्र दिमाग पर हावी होने का मामला है। अगर आपको कोई फर्क नहीं पड़ता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता।
–मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



# भारत की आत्मनिर्भर दिशा

भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान और रणनीतिक स्वतंत्रता से भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत अब विदेशों पर निर्भर रहकर आगे नहीं बढ़ सकता। यह विचार केवल आत्मनिर्भर भारत अभियान की पुनरावृत्ति नहीं है, बल्कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका को परिभाषित करने वाला एक दृढ़ संकल्प भी है। आज दुनिया जिस बहु-ध्रुवीय स्थिति में है, वहां हर राष्ट्र अपने हितों को सर्वोपरि रखकर नीतियां बना रहा है। ऊर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी तक, हर क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा और संरक्षणवाद बढ़ रहा है। ऐसे में भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह उत्पादन, नवाचार और व्यापार के हर मोर्चे पर स्वयं सक्षम बने। प्रधानमंत्री ने जो कहा वह एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इस बात की कि यदि हम आत्मनिर्भर नहीं बने, तो बदलते हालात में पिछड़ जाएंगे और अवसर इस रूप में कि भारत के पास विशाल जनशक्ति, बढ़ता हुआ बाजार और तकनीकी क्षमता है, जिनके बल पर हम आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हो सकते हैं। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जैसे आयोजन इस दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। उत्तर प्रदेश, जो कभी रोजगार के लिए पलायन की पहचान रखता था, अब निवेश और औद्योगिक विकास का केंद्र बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य को नई दिशा दी है और यही कारण है कि आज देश-विदेश के निवेशक यहां अवसर तलाश रहे हैं। मोदी का यह कहना कि यूपी अब निवेश और प्रगति का नया केंद्र है, इस बदली हुई स्थिति का प्रमाण है। यह भी सही है कि आत्मनिर्भरता केवल उत्पादन बढ़ाने से नहीं आएगी। इसके लिए शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और डिजिटलीकरण पर जोर देना होगा। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ड्राइव, एयरोस्पेस, रक्षा उत्पादन और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करके यह संकेत दिया है कि भारत का लक्ष्य केवल आयात घटाना नहीं बल्कि विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा करना भी है। जब देश का 55 प्रतिशत मोबाइल उत्पादन उत्तर प्रदेश से हो रहा है, तो यह केवल एक सांकेतिक उपलब्धि नहीं बल्कि संभावनाओं की झलक है। हालांकि चुनौतियां कम नहीं हैं। अभी भी भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) पर्याप्त संसाधनों और तकनीकी सहयोग के अभाव से जूझ रहे हैं। कृषि क्षेत्र, जो आज भी बड़ी आबादी को रोजगार देता है, तकनीकी आधुनिकीकरण की प्रतीक्षा में है।

अब जब नए भारत की परिकल्पना सामने है, तो जरूरी है कि पारदर्शिता, सुशासन और जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाए। इसका अर्थ है ऐसा भारत, जो अपनी जरूरतें स्वयं पूरी करे, अपने उद्योगों को मजबूती दे और साथ ही विश्व के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री का यह संदेश केवल नीति निर्माताओं और उद्योगपतियों के लिए नहीं है, बल्कि आम नागरिक के लिए भी है। जब उपभोक्ता स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे और युवा नवाचार को अपनाएंगे तभी आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना साकार होगी।

## प्रसंगवश

# वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है भारत

विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की नवीनतम आर्थिक प्रभाव प्रवृत्ति रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2025 में विश्व की सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में अपने पिछले दसवें स्थान से 8वें स्थान पर एक महत्वपूर्ण छलांग लगाई है। अनुमान है कि अगले दशक में भारत चौथे स्थान पर होगा। भारत का पर्यटन क्षेत्र 2025 में 231.6 अरब डॉलर का योगदान देगा, जो बुनियादी ढांचे, विपणन और सेवा वितरण में मजबूत वृद्धि और रणनीतिक विकास को दर्शाता है। आज विश्व पर्यटन दिवस है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की है और 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाया जाता है।



रमेश सर्राफ
स्वतंत्र पत्रकार

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है, जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

यूरोपीय देश जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, इटली और स्पेन प्रमुख खिलाड़ी बने हुए हैं। वहीं हांगकांग एसएआर, मलेशिया और फिलीपींस जैसे एशियाई गंतव्य पर्यटन के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन खर्च में तीव्र वृद्धि देखने वाले देशों में सऊदी अरब (+91.3%), तुर्की (+38.2%), केन्या (+33.3%), कोलंबिया (+29.1%), और मिस्र (+22.9%) शामिल हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल की रिपोर्ट में इस ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका से जुड़े हुए हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है, जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है।

# समझौता होने की वजह अमेरिका से निराशा तो नहीं!





अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार

17 सिंतबर को पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच एक ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे न सिर्फ भारतीय विदेश नीति की बड़ी विफलता के रूप में देखा जा रहा है, बल्कि यह निकट भविष्य में कई तरह की चुनौतियां खड़ी कर सकता है। इस्लामी छाप वाले दोनों देशों के बीच हुए म्युचुअल स्ट्रेटजिक डिफेंस एग्रीमेंट के मुताबिक एक देश पर हमला दोनों देशों पर हुआ हमला माना जाएगा और उससे निपटने के संयुक्त प्रयास किए जाएंगे। इसका सीधा सा मतलब है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध होता है, तो सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा। याद रखने लायक है कि पाकिस्तान पहले ही चीन के साथ सैन्य गठजोड़ कायम कर चुका है, जो हालिया आपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाई दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर इस समझौते की घोषणा की गई, लेकिन इसके पीछे एक अहम घटना है, जिससे अरब जगत को अमेरिका से निराशा हुई और अपनी हिफाजत का डर सताने लगा है। इसी नौ सितंबर को इजराइल ने दोहा की राजधानी कतर के एक ठिकाने पर हमला किया, जहां हमास के पांच पदाधिकारी और कतर का एक सुरक्षा अधिकारी मारे गए।

कतर ने इस हमले को इजराइल का राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा। आश्चर्यजनक यह था कि इस समय कतर के अल-उदेद एयरबेस पर आठ हजार अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं, लेकिन वे अपनी जगह से हिले नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं, क्योंकि अमेरिका 1945 से तेल के भारी मुनाफा वाले व्यापार पर अधिपत्य के बदले अरब और खाड़ी देशों को सुरक्षा देता रहा है।

> कतर पर इजराइली हमले के बाद ट्रंप ने लापरवाही भरा बयान दिया कि हम क्या कर सकते हैं, यह इजराइल का अपना फैसला था। अमेरिकी रुख से 'अरब' सकते में आ गए हैं।

बदलते हालात में अमेरिका अब इजराइल को रोकना नहीं चाहता। 1991 के खाड़ी युद्ध में अमेरिका ने यहां पांच लाख सैनिक तैनात किए थे, लेकिन कतर पर इजराइली हमले ने अमेरिका पर अरबों का भरोसा डिगा दिया है। इजराइल परमाणु हथियारों से लैस है। उसके खिलाफ वैसे ही एक वैकल्पिक प्रतिरक्षा तंत्र की जरूरत थी। पाकिस्तान के पास परमाणु बम है और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अरब देशों के समर्थन में जरूरत पड़ने पर उसके इस्तेमाल का इरादा भी जताया है। सउदी अरब के संबंध फिलिस्तीन के मुद्दे पर अमेरिका से हमेशा से तनावग्रस्त रहे हैं, लेकिन कतर पर हमले के बाद निर्णायक स्थिति बन गई है।

यह समझौता भारत के लिए चिंताजनक है, क्योंकि पाकिस्तान ने अपनी गोलबंदी में ऐसे देशों को भी खींच लिया है, जो भारत के मित्र समझे जाते रहे हैं। 26 अप्रैल को पहलगाम में हुए आंतकी हमले में बेकसूर पर्यटकों की जानें गईं। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके तहत पाकिस्तान के भीतर आतंकवादियों के ठिकानों पर मिसाइलें दागी गईं। चार दिन बाद इसे न्यू नार्मल बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर सिर्फ स्थगित किया गया है। मतलब भारत अभी भी युद्ध की स्थिति में है और यदि कोई कार्रवाई करता है, तो इस बार सऊदी अरब पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दे सकता है।

कूटनीतिक हलकों में सहज ढंग से यह प्रश्न उठाया जाने लगा है कि क्या अब सऊदी अरब भी पाकिस्तान-चीन गठजोड़ में शामिल हो गया है। आपरेशन सिंदूर के दौरान चीन ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया था और इसे भारतीय सेना ने स्वीकार भी किया था।

भारत को चीन-पाकिस्तान की संयुक्त ताकत का सामना करना पड़ा। तो क्या अब भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की स्थिति में पहले से बड़े तीन देशों के सामरिक गठजोड़ का सामना करना पड़ेगा? भारत के सऊदी अरब से आजादी के समय से ही राजनयिक संबंध रहे हैं और यह हमें तीसरा सबसे बड़ा तेल आपूर्ति करने वाला देश है। प्रधानमंत्री अब तक तीन बार सऊदी अरब जा चुके हैं और पिछले ही साल 225 मिलियन डालर का एक रक्षा समझौता भी हुआ है। इस सबके बावजूद सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ सैन्य गठजोड़ बनाया, जो आश्चर्य की बात है।

यहां ध्यान जाए बिना नहीं रह सकता कि गाजा पर अन्यायपूर्ण युद्ध में इजराइल का साथ देकर अमेरिका न सिर्फ यूरोप में कमजोर हुआ है, बल्कि मध्यपूर्व में भी उसकी पकड़ काफी कमजोर हुई है। इसी का नतीजा है कि अरब देश जो उस पर पूरी तरह निर्भर हो चुके थे, अब अपने लिए स्वतंत्र रूप से सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम कर रहे हैं।

इस रक्षा समझौते में ऐसी क्षमता है कि यह मध्यपूर्व और दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन की स्थिति को आने वाले दिनों में बदल सकता है। भारत के लिए जटिल स्थिति है, क्योंकि आपरेशन सिंदूर के बाद से अंतर्राष्ट्रीय समर्थन का दायरा सिकुड़ता जा रहा है और अमेरिका-चीन के बीच हमारी स्थिति पेंडुलम जैसी हो गई है। उधर, आंतकवाद को समर्थन देने और आंतरिक अशांति से त्रस्त होने के बावजूद पाकिस्तान अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। यह अपनी विदेश नीति की गंभीर समीक्षा का समय है।

## आमने सामने



उत्तर भारत में जब आप महिला से मिलते हैं, तो पहला सवाल होता है कि आपके पति कहां काम करते हैं? तमिलनाडु में महिला से पूछा जाता है कि आप कहां काम करती हैं? यह बदलाव रातों-रात नहीं आया है। इसमें 100 साल लग गए।
**–टीआरबी राजा**, मंत्री, तमिलनाडु

एक बार फिर डीएमके ने सीमा लांघी है। यूपी, बिहार और उत्तर भारत का अपमान किया है। कांग्रेस ने कहा, बिहार बीड़ी है। रेवंत रेड्डी ने बिहार के डीएनए को गाली दी। बिहार और यूपी की महिलाओं का ऐसा अपमान! तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं?
**–शहजाद पूनावाला**
प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी



# शक्ति का संचार करते मां के शक्ति पीठ



सुरेश बाबू मिश्रा
साहित्यकार

हिंदू धर्म के पुराणों के अनुसार जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं। शक्तिपीठ शाक्त मत के अनुसार साधना के अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल हैं। ये तीर्थ पूरे भारतीय उपमहाद्वीप में फैले हुए हैं। देवी पुराण में 51 शक्तिपीठों का वर्णन है। यद्यपि देवी भागवत में 108 तथा देवी गीता में 72 शक्तिपीठों की चर्चा मिलती है। तंत्र चूड़ामणि में शक्तिपीठों की संख्या 52 बताई गई है। भारत विभाजन के बाद इनमें से एक शक्ति पीठ पाकिस्तान में चला गया और चार बांग्लादेश में। इनके अतिरिक्त एक शक्तिपीठ श्रीलंका, एक तिब्बत तथा दो नेपाल में हैं। इस प्रकार आज के भारत में केवल 42 शक्तिपीठ हैं।

किरीट शक्तिपीठ : पश्चिम बंगाल में हुगली नदी के तट पर लालबाग कोट पर स्थित है किरीट शक्तिपीठ। यहां सती माता का किरीट अर्थात् मुकुट गिरा था। कात्यायनी पीठ वृंदावन : उत्तर प्रदेश मथुरा जनपद स्थित वृंदावन में स्थित है कात्यायनी वृंदावन शक्तिपीठ। यहां सती का केशपाश गिरा था। करवीर शक्तिपीठ : महाराष्ट्र के कोल्हापुर में स्थित 'महालक्ष्मी' अथवा 'अंबाई का मंदिर' ही यह शक्तिपीठ है। यहां माता का त्रिनेत्र गिरा था। श्रीपर्वत शक्तिपीठः यहां की शक्ति श्रीसुंदरी एवं भैरव सुंदरानंद हैं। कुछ विद्वान इसे लद्दाख (जम्मू-कश्मीर) में मानते हैं, तो कुछ असम के सिलहट से चार किमी दक्षिण-पश्चिम स्थित जौनपुर में मानते हैं। यहां सती के 'दक्षिण तल्प' (निपटी) का निपात हुआ था।

विशालाक्षी शक्तिपीठ : उत्तर प्रदेश, वाराणसी के मीरघाट पर स्थित है। यहां माता सती के दाहिने कान की मणि गिरी थी। गोदावरी तट शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री जिले में गोदावरी नदी के तट पर अवस्थित है। यहां माता का बायां कपोल गिरा था। शुचींद्रम शक्तिपीठ : तमिलनाडु में तीन महासागर के संगम-स्थल कन्याकुमारी से 13 किमी दूर शुचींद्रम में स्थायु शिव का मंदिर है। उसी मंदिर परिसर में यह शक्तिपीठ है। यहां माता सती के ऊपरी दांत गिरे थे। पंचसागर शक्तिपीठ : यह शक्तिपीठ वाराणसी के निकट स्थित है। यहां माता के निचले दांत गिरे थे। ज्वालामुखी शक्तिपीठ : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में स्थित है यह शक्तिपीठ। यहां सती की जिह्वा गिरी थी।

> जहां-जहां सती के अंग या शरीर के टुकड़े, धारण किए वस्त्र या आभूषण गिरे, वहां-वहां तीर्थ बन गए। यही तीर्थ शक्तिपीठ कहे जाते हैं।

उज्जयिनी शक्तिपीठः कुछ उज्जैन के निकट शिप्रा नदी के तट पर स्थित भैरव पर्वत को, तो कुछ गुजरात के गिरनार पर्वत के सन्निकट भैरव पर्वत को वास्तविक शक्तिपीठ मानते हैं। इस स्थान पर सती की कोहनी गिरी थी। अट्टहास शक्तिपीठः अट्टहास शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल में कटवा-अहमदपुर रेलवे लाइन पर है। यहां सती का निचला होंठ गिरा था। जनस्थान शक्तिपीठः ये महाराष्ट्र के नासिक में पंचवटी में स्थित है। यहां माता की ठुड्डी गिरी थी।

कश्मीर शक्तिपीठः कश्मीर में अमरनाथ गुफा के भीतर हिम शक्तिपीठ है। माना जाता है कि यहां माता सती का कंठ गिरा था। नंदीपुर शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बोलपुर के पास वटवृक्ष के नीचे एक देवी मंदिर है। यहां देवी का कंठ हार गिरा था। श्रीशैल शक्तिपीठः आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद के कुर्नूल के पास श्रीशैलम है। यहां पर माता सती की 'ग्रीवा' गिरी थी।

नलहाटी शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में है यह शक्तिपीठ। यहां माता की उदरनली गिरी थी। मिथिला शक्तिपीठः यहां माता सती का बायां कंधा गिरा था। रत्नावली शक्तिपीठः रत्नावली शक्तिपीठ का निश्चित स्थान अज्ञात है, किंतु बंगाल पंजिका के अनुसार यह तमिलनाडु के मद्रास (चेन्नई) में कहीं है। यहां सती का दायां कंधा गिरा था। अंबाजी शक्तिपीठः यहां माता सती का उदर गिरा था। गुजरात में जूनागढ़ के गिरनार पर्वत पर स्थित मां अंबाजी का मंदिर ही शक्तिपीठ है। मान्यता है कि इसी स्थान पर माता सती का ऊपरी होंठ गिरा था। जालंधर शक्तिपीठः यह शक्तिपीठ पंजाब के जालंधर में स्थित है। यहां माता सती का बायां स्तन गिरा था।

रामगिरि शक्तिपीठः रामगिरि शक्तिपीठ की स्थिति को लेकर मतांतर हैं। कुछ विद्वान मैहर स्थित शारदा मंदिर को शक्तिपीठ मानते हैं तो कुछ चित्रकूट के शारदा मंदिर को। यहां देवी के दाएं स्तन का निपात हुआ था। वैद्यनाथ का हार्द शक्तिपीठः झारखंड के गिरिडीह जनपद में स्थित वैद्यनाथ का हार्द या हृदय पीठ शिव तथा सती के ऐक्य का प्रतीक है। यहां सती का हृदय गिरा था। बकरेश्वर शक्तिपीठः माता का यह शक्तिपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में स्थित है, जहां माता का त्रिकूट (दोनों भौंहों के मध्य का स्थान) गिरा था।

कन्याकुमारी शक्तिपीठः तमिलनाडु में तीन सागरों-हिंद महासागर, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी के संगम स्थल पर कन्याकुमारी का मंदिर है। यहीं भद्रकाली का शक्तिपीठ है। यहां माता सती की पीठ गिरी थी। बहुला शक्तिपीठः पश्चिम बंगाल के बर्दवान जनपद में स्थित है बहुला शक्तिपीठ, जहां सती के वाम बाहु का पतन हुआ था।

इसके अलावा भैरव पर्वत शक्तिपीठ, भैरव पर्वत शक्तिपीठ, मणिवेदिका शक्तिपीठ, प्रयाग शक्तिपीठ, विरजा शक्तिपीठ, कांची शक्तिपीठ, कालमाधव शक्तिपीठ, शोण शक्तिपीठ, कामाख्या शक्तिपीठ, जयंती शक्तिपीठ, मगध शक्तिपीठ, त्रिस्तोता शक्तिपीठ, त्रिपुरसुंदरी शक्तिपीठ, विभाष शक्तिपीठ, देवीकूप शक्तिपीठ, युगाद्या शक्तिपीठ, विराट शक्तिपीठ, कालीघाट काली मंदिर, मानस शक्तिपीठ, लंका शक्तिपीठ, गंडकी शक्तिपीठ, गुह्येश्वरी शक्तिपीठ, हिंगलाज शक्तिपीठ, सुगंधा शक्तिपीठ, करतोया घाट शक्तिपीठ, चट्टल शक्तिपीठ, यशोर शक्तिपीठ भी इनमें शामिल हैं।

## सोशल फोरम

# निराला की रायलटी और भिखारी बुढ़िया का किस्सा





मधु सिंह
ब्लॉगर

एक बार हिंदी के महान साहित्यकार सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' रॉयल्टी के एक हजार रुपये लेकर, इक्के में बैठकर, इलाहाबाद की एक सड़क पर चले जा रहे थे। रास्ते में सड़क के किनारे एक बूढ़ी भिखारिन बैठी हुई थी। ढलती उम्र में भी वह हाथ पसार कर भीख मांग रही थी। उसे देखकर निराला जी ने इक्का रुकवाया और उनके पास गए और पूछा, "माई! आज कितनी भीख मिली?"

बुढ़िया ने जवाब दिया, "सुबह से आज कुछ नहीं मिला बेटा!"

बुढ़िया के इस उत्तर को सुनकर निराला जी सोच में पड़ गए कि बेटे के रहते मां भीख मांग रही है।

एक रुपये बुढ़िया के हाथ पर रख कर बोले, "मां अब कितने दिन भीख नहीं मांगोगी?"

बुढ़िया ने सोचते हुए जवाब दिया, "तीन दिन बेटा!"

निराला ने फिर पूछा, "दस रुपये दे दूं तो?"

बुढ़िया ने हिसाब लगाते हुए कहा, "बीस या पच्चीस दिन।"

निराला फिर बोले, "सौ रुपये दे दूं तो?"

"चार-पांच महीने तक!" बुढ़िया ने जवाब दिया।

चिलचिलाती धूप में सड़क के किनारे मां मांगती गई और बेटा देता गया।

इक्के वाला हक्का-बक्का देखता रहा।

बेटे की जेब हल्की होती गई और मां के भीख न मांगने की अवधि बढ़ती चली गई।

जब निराला जी ने रुपयों की अंतिम ढेरी भी बुढ़िया की झोली में डाल दी तो बुढ़िया खुशी से चीख उठी और कहने लगी, "अब कभी भी नहीं मांगूंगी बेटा, कभी नहीं।"

निराला जी ने संतोष की सांस ली। बुढ़िया के पैर छुए। बुढ़िया ने उन्हें ढेरों आशीष और दुआएं दीं।

निराला जी इक्के में बैठकर घर की राह चल दिए। उनके चेहरे पर एक अजीब संतोष का भाव था।

–फेसबुक वाल से

## सामयिकी

# नेपालः युवाओं ने अपनी ही संपत्ति तबाह कर दी

नेपाल हाल ही में एक असाधारण राजनीतिक उथल-पुथल का गवाह बना। जेन जी आंदोलन के बाद वहां सत्ता परिवर्तन बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है, लेकिन इस क्रांति से उभरे हालात से दुनिया भर के युवाओं को सीख लेने की भी जरूरत है। देश के कई हिस्सों में आगजनी, तोड़फोड़ और सरकारी संपत्तियों का नुकसान देखने को मिला। ये घटनाएं यह सोचने पर विवश करती हैं कि क्या यह आक्रोश सही दिशा में जा रहा था? आखिर क्यों अपने ही देश की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाकर खत्म करने पर तुले हुए थे। आज नेपाल के लोग भी संभवतः इस पर मंथन और पछतावा कर रहे होंगे।



हरीश उप्रेती करन
लेखक

हम अक्सर भूल जाते हैं कि सरकारी संपत्ति, चाहे वह कार्यालय, पुल, बस हो या कोई अन्य इमारत, वह सब हमारे ही टैक्स के पैसों से आकार लेती है। यह हमारी ही मेहनत की कमाई का रूप है। जब गुस्से में हम इन्हें आग के हवाले कर देते हैं, तो हम दरअसल अपने ही भविष्य को राख में बदल रहे होते हैं। एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इन चीजों को दोबारा बनाने में भी हमारा ही पैसा खर्च होगा। सरकारी खजाना कोई अलग इकाई नहीं है, वह जनता की जेब से ही आता है, इसलिए यदि हम अपने गुस्से का इजहार इस प्रकार करेंगे, तो यह आत्मघाती ही नहीं, मूर्खता भी है।


युवाओं का आक्रोश समझ में आता है। वे परिवर्तन चाहते हैं, वे साफ-सुथरी राजनीति चाहते हैं और वे अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। यह बिल्कुल जायज है, लेकिन जब यह आंदोलन इमारतों को जलाने और वाहनों को तोड़ने की शक्ल ले लेता है, तब इसका असली उद्देश्य खो जाता है। आंदोलन की शक्ति दिशा में होती है, केवल जोश में नहीं। जब युवा जोश में होश खो बैठते हैं, तो नुकसान तय होता है। यही हाल इन प्रदर्शनों का रहा है।

हमारे समाज में हर बड़े आयोजन चाहे वह शादी हो, तीर्थ यात्रा हो या कोई सामाजिक सभा, वरिष्ठ जनों की उपस्थिति को अनिवार्य माना जाता है। उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक की सांस्कृतिक परंपराओं में यह बात रची-बसी है। कारण स्पष्ट है कि युवाओं में जोश होता है, पर अनुभव नहीं। वहीं, बुजुर्गों में वह दृष्टि होती है जो किसी भी उथल-पुथल को समझदारी से संभाल सकती है। इस आंदोलन में भी यही कमी दिखाई दी। युवाओं का समूह, दिशा विहीन, बिना किसी रणनीति के, केवल आक्रोश के सहारे मैदान में उतर गया। यदि इनके साथ कुछ अनुभवी और विचारशील नेतृत्व होता, तो शायद यह आंदोलन इतिहास में केवल और केवल एक सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक बन जाता, न कि विनाश और क्षति का। उनका आक्रोश अगर कथित तौर पर भ्रष्टाचारियों के प्रति था, तो गुस्सा भी उन पर और उनकी अकूत संपत्तियों पर निकलना चाहिए था न कि सरकारी संपत्ति पर।

अब वक्त संभलने का है, युवा अपने आक्रोश को संकल्प में बदलें। नेपाल की जनता ने अपनी ताकत दिखाई है। सरकार गिर गई, मंत्री भाग गए। यह दर्शाता है कि जनता की आवाज में दम है, लेकिन अब समय है कि इस आक्रोश को संकल्प में बदला जाए। सरकारी संपत्तियों को नष्ट करना, अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। अब जरूरत है स्थिरता की, विवेक की और निर्माण की। युवा अगर सचमुच बदलाव चाहते हैं, तो उन्हें नेताओं को जवाबदेह बनाने, नीतियों पर सवाल उठाने, और लोकतांत्रिक तरीकों से दबाव बनाने की दिशा में कदम उठाने चाहिए, तभी उनका आंदोलन सफल और सार्थक कहा जाएगा।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# गांव अब खोते जा रहे हैं अपनी पहचान



प्राचीन काल से लेकर अंग्रेजों के आगमन तक अपनी सादगी, साफगोई, भोलापन और अपनी भलमनसाहत के लिए साहित्यिक कृतियों में बहुचर्चित और सुविख्यात हमारे गांव हमारे देश की हर शासन व्यवस्था की मौलिक, प्राथमिक तथा आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर इकाई रहे हैं। इसका अपवाद पश्चिमोत्तर भारत में सिंधु और रावी नदी के तट पर सुविकसित अबसे साढ़े चार हजार साल पुरानी कांस्ययुगीन सिंधु घाटी सभ्यता रही हैं, जो पूर्णतः नगरीय सभ्यता थी। हालांकि इसकी उत्तरवर्ती वैदिक सभ्यता पूरी तरह से ग्रामीण सभ्यता थी। ध्यातव्य हो कि पूर्णतः ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति के रूप विख्यात वैदिक काल में ही भारतीय ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म के महान ग्रंथों वेदों, अरण्यको और भारतीय आध्यात्मिकता, तार्किकता, दार्शनिकता और बौद्धिकता की पराकाष्ठा को स्पर्श करने वाले उपनिषदों की रचना की गई। यह तथ्य उन शहरी और कस्बाई मानसिकता से ग्रसित और बुरी तरह कुंठित लोगों के लिए चिंतनीय और विचारणीय है, जो गांवों में गुजर बसर करने वालों को अनपढ़, असभ्य, गंवार, अशिक्षित और जाहिल समझते हैं। वैदिक काल से लेकर मुगलों के शासनकाल तक लगभग संपूर्ण उत्तर भारतीय शासकों के समय लगभग समस्त भारतीय गांव शासन व्यवस्था की प्राथमिक मौलिक और अक्क्षुण ईकाई रहे हैं।

उत्तर भारत की तरह सुदूर दक्षिण भारत में चोल, चालुक्य, सातवाहन और चेर राजाओं ने अपनी शासन व्यवस्था में आम लोगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने एवं ग्रामीण जन-जीवन में उन्नति और समृद्धि लाने के लिए उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था का प्रबंधन किया था। वर्तमान दौर के मंत्रिपरिषदों की तर्ज पर ग्रामीण स्तर पर विभिन्न कार्यों को सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न और संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। समितियों के माध्यम से दक्षिण भारतीय शासकों ने सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण शासन व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया था। इतिहासकार मेगस्थनीज की प्रसिद्ध पुस्तक इंडिका में उत्तर भारत के विशेष रूप से मगध साम्राज्य के गांवों में पाई जाने वाली उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था के साथ-साथ उत्तम उन्नत और समृद्ध ग्रामींण जन-जीवन का उल्लेख मिलता है। इंडिका में मगध साम्राज्य की उन्नति और समृद्धि के साथ-साथ उत्कृष्ट साहित्यिक और सांस्कृतिक हलचलों का भी पता चलता है। इस प्रकार ऐतिहासिक अवलोकन से पता चलता है कि संपूर्ण भारत में हर प्रकार की शासन प्रणालियों में उत्तम ग्रामीण शासन व्यवस्था पाई जाती रही है। हमारी शासन व्यवस्था की मौलिक स्वाभाविक और प्राथमिक ईकाई रहे गांव पहचान खोते जा रहे हैं। आपसी सहयोग, सहकार, समन्वय, साहचर्य, सामंजस्य और सदियों से हमारे चलन का हिस्सा रही है। संयुक्त परिवार प्रणाली के माध्यम जीवन जीने के आदती ग्रामीण लोकजीवन में अब एकाकी परिवार प्रणाली और एकाकी जीवनशैली तेजी से आगे बढ़ने लगी है। गावों में सदियों से प्रचलित समूहगत और सामूहिक जीवन पद्धति विलुप्त होती जा रही है। आधुनिकीकरण, तकनीकीकरण, शहरीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों के दुरूपयोग ने गांवों की आपसदारी को न केवल तहस-नहस किया हैं, बल्कि आधुनिकता की इस अंधी दौड़-भाग ने गांवों को आर्थिक सामाजिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक रूप से प्रदूषित व कुपोषित किया है। तोता, मैना, कोयल, बुलबुल गौरेय्या और कौवे की बोलियां सुनने के लिए आज हमारे कान तरस जाते हैं। इसके साथ ही साथ गांवों के पर्यावरण और आबो-हवा में स्पष्ट बदलाव देखने को मिल सकता हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के साधनों का बुलेट ट्रेन की रफ्तार से बढ़ता प्रयोग और हाईटेक होते जन-जीवन ने गांवों में मोबाइल कंपनियों के टावरों की संख्या बढ़ा दी है। इन टावरों की तरंगों ने तमाम चहचहाती पक्षियों की जान ले ली। अंग्रेजों के आगमन के पूर्व भारतीय गांव अपनी सहज-सरल आवश्यकताओं के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर थे। अंग्रेजों ने अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाओं और संपूर्ण भारत को बाजार बनाने की मंशा से गांवों की सदियों पुरानी आत्मनिर्भरता के साथ-साथ गांवों की स्वाभाविक सहजता भोलापन, भलमनसाहत और मौलिकता को तहस-नहस कर दिया। अग्रेंजों ने भारतीय ग्रामीण अर्थतंत्र और अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ रहे भारतीय लोगों की बहुविविध हुनरमंद दस्तकारी, परंपरागत कुशल शिल्पकारी, हुनर और हाथों की जादूगरी से लबरेज हस्तकला को छिन्न-भिन्न कर दिया। स्वाधीनता उपरांत भारतीय गांवों को फिर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकारी और गैर-सरकारी स्तर पर अनगिनत प्रयास किए गए, परंतु तमाम प्रयासों और प्रयत्नों के बावजूद आज भी हमारे गांव राजधानियों और चमचमाते शहरों की अनुषंगी पूरक और पराश्रित अर्थव्यवस्था के रूप में जीने के लिए अभिशप्त हैं। शहरों और राजधानियों को चमकाने के लिए सारा संसाधन उपलब्ध कराने वाले गांव आज बदहाली और बदत्तरी के शिकार हैं। गावों में गुजर-बसर करने वाले लोगों की आजीविका का साधन आज भी खेती-किसानी और खेती-किसानी पर आधारित लघु कुटीर उद्योग हैं। इसलिए खेती-किसानी को लाभकारी स्थिति में पहुंचाने के लिए व्यावसायिक स्वरूप प्रदान किया जाए तो आज फिर से गांव आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सकते हैं।

गांवों को फिर से सुसज्जित करने के लिए गांवों की प्राकृतिक और स्वाभाविक बुनावट व सजावट की तरफ लौटना होगा। गावों में फिर से साक्षात सहकारी और जिंदा संवाद कायम कर गांवों की मौलिक पहचान फिर से वापस लाई जा सकती है। बाजारवादी चकाचौंध और लगातार विज्ञापनों के शोर ने गंवई व्यंजनों की सुगंध और स्वाद को न केवल क्रूरता से कुचल दिया है, बल्कि हमारे खान-पान की पौष्टिक और प्रचलित परंपरा से हमको बहुत दूर कर दिया हैं। गुड़ भेली से तरह-तरह की बनी मिठाइयों खाद्य और पेय पदार्थों का स्थान पेप्सी, कोका-कोला जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेय और खाद्य पदार्थों ने ले लिया है। भारतीय गांवों की मौलिक पहचान पर फिर से विचार करने की आवश्यकता है। जनमानस में गंगा को बचाने के लिए जो तड़प और बेचैनी पाई जाती है उसी तरह की तड़प और बेचैनी गांवों को बचाने के लिए जनमानस के हृदय में पैदा करने की आवश्यकता है।

लेखक
*मनोज कुमार सिंह*

# स्वर्ग के करीब की एक जगह : त्रियुंड



दूर किसी मैदानी शहर से किसी पहाड़ी शहर तक आना, आरामदायक होटल में रुकना, कुछ खास जगहों को देखना और फिर वापस लौट जाना। हम में से अधिकतर लोगों का घूमने का प्लान यही होता है, लेकिन कुछ हम जैसे भी होते हैं, जिनके लिए घूमने का मतलब है हर पल को जीना, उस जगह के जर्रे-जर्रे को महसूस करना और एडवेंचर ही जिंदगी है। आप भी एडवेंचर के शौकीन हैं और प्रकृति को करीब से महसूस करना चाहते हैं तो बस बैग पैक करिए और निकल पड़िए त्रियुंड ट्रैकिंग के लिए।

मार्च से जून और सितंबर से नवंबर तक त्रियुंड यात्रा के लिए सबसे उपयुक्त समय है। मैं अपने मित्र के साथ जब हिमाचल के खूबसूरत शहर मैक्लोडगंज पहुंचा तो चारों तरफ मनमोहक नजारे थे। आप इस यात्रा में मैक्लोडगंज को बेस कैंप की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। हमने शाम को वहीं एक ट्रैवल एजेंट से त्रियुंड में रहने के लिए टेंट बुक कर लिया। टेंट का किराया एक हजार रुपये प्रति व्यक्ति था, जिसमें रात का खाना और सुबह का नाश्ता भी शामिल था। मैक्लोडगंज से करीब चार किलोमीटर ऊपर है गोलू मंदिर यानी वो जगह, जहां से कोई वाहन आगे नहीं जा सकता। त्रियुंड की असली यात्रा यहीं से शुरू होती है। यहीं पुलिस का एक पिकेट है, जहां ऊपर चढ़ने से पहले आपको रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। यह औपचारिकता पूरी करके हमने त्रियुंड की तरफ कदम बढ़ाए।

घड़ी बता रही थी कि दोपहर के ग्यारह बजने वाले हैं। सामने था पथरीला और जोखिम भरा रास्ता न कोई सड़क, बस दोनों तरफ पेड़ों से ढकी पगडंडी। शुरुआत में भरपूर जोश था इसलिए कदम तेजी से चल रहे थे, लेकिन कुछ ही मिनटों में हकीकत समझ आ गई। तेज धूप, बिना अभ्यास की चढ़ाई और तेज रफ्तार का असर। नतीजा, हमें पांच मिनट में ही पहला स्टॉप लेना पड़ा। फिर तय किया कि अब धीरे-धीरे चलेंगे। करीब एक घंटे बाद लगा जैसे पहाड़ ने हमसे दोस्ती कर ली हो। तेज धूप ठंडी हवा में बदल गई। नीचे मठों से आती घंटियों की आवाज एक प्यारी धुन-सी बन गई। हमारा बदन अब हमारे इरादों का साथ देने लगा। धीरे-धीरे प्रकृति का घूंघट उठने लगा और हम महसूस करने लगे एक नई और अनदेखी दुनिया को।

कहीं रास्ते का नामोनिशान नहीं था तो कहीं चट्टानों के बीच से राह खोजनी पड़ी। कहीं जंगली फूलों की खुशबू हमें अपनी ओर बुला रही थी तो कहीं डरावनी खाई थी। हरे-भरे मैदान मिले तो कुछ सहमी-सफेद भेड़ें हमारा स्वागत करती दिखीं। कभी सहयात्रियों का कोई झुंड दोस्त बन रहा था। इस बीच हम पहुंच गए "मैजिक व्यू कैफे" त्रियुंड ट्रैक का एक अहम पड़ाव।

थोड़ा आगे बढ़ते ही मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन कुछ कदमों बाद बारिश ने हमें तरबतर कर दिया। ठंड काफी बढ़ गई थी। अब मुझे अपनी ऊनी टी-शर्ट का महत्व समझ आने लगा। कुछ दूरी पर आसमान से ओले गिरने लगे। हाथ-पांव ठंड से कांप रहे थे। तभी एक छोटी-सी दुकान दिखी और हम वहां जाकर छिप गए। त्रियुंड का अंतिम एक किलोमीटर ट्रैकिंग सबसे थकाने वाला है। इसमें करीब 22 खतरनाक मोड़ हैं। यहां तक पहुंचते-पहुंचते ऑक्सीजन भी कम होने लगती है, जिससे सांसें तेजी से फूलने लगती हैं। मैंने अपनी बोतल में बचे पानी का आखिरी घूंट पिया और साथी का हाथ पकड़कर सामने की चट्टान पार की। हमारे सामने हरा-भरा मैदान था, जो जैसे हमारा स्वागत कर रहा हो। यही तो हमारी मंजिल थी, हम त्रियुंड पहुंच चुके थे।

इस पड़ाव को पार करने के बाद जो दृश्य सामने था, वो बेमिसाल था। हमारे सामने फैला था बड़ा मैदान, जिस पर मानो हरी घास की कालीन बिछी हो। यहां-वहां रंग-बिरंगे टेंट चमक रहे थे। सामने खड़ा था धवल सफेद बर्फ से ढका हिमालय (धौलाधार पर्वत श्रृंखला)। हमारी सारी थकान न जाने कहां गुम हो गई थी। मैं अपनी जिंदगी की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक का दीदार कर रहा था। जल्द ही हमने अपने लिए एक टेंट लगवा लिया। मैदान के अंतिम छोर पर, ताकि हिमालय का दृश्य बिना किसी रुकावट के सामने हो। टेंट छोटा था, लेकिन काम चल सकता था। कभी चारागाह रहा त्रियुंड अब बेहद रौनक से भरा था। सूरज ढलने ही वाला था और मौसम में काफी ठंडक थी। कई एकड़ में फैले मैदान में हर तरफ बस और बस प्रकृति थी।

मैदान के अंतिम सिरे पर पड़ी एक शिला पर बैठकर मैं विराट हिमालय को निहार रहा था। ठंडी घास पर रखे मेरे पैर जैसे हिमालय को छूने को मचल रहे थे। धीरे-धीरे हिमालय सूरज को अपनी गोद में ले रहा था और कुछ देर के लिए सफेद हिमालय के रंग बदलते रहे। सचमुच यह अद्भुत नज़ारा था। इतना कि मुझे तस्वीर लेना भी याद नहीं रहा। यह वो खूबसूरती थी, जिसके बारे में शायद ही आपने कभी कल्पना की हो। हल्की-हल्की ठंडी हवा बालों और चेहरे को जैसे किसी अपने की तरह सहला रही थी। मुझे लग रहा था कुछ जगहें देखने से ज्यादा महसूस करने के लिए होती हैं, जैसे त्रियुंड।

शाम के सात बज चुके थे। त्रियुंड में घिरते अंधेरे ने रात होने की दस्तक दी। दुनियादारी से परे एक खामोश और सुनहरी-सी रात थी। यहां की कुछ दुकानों में लालटेनें जल रही थीं या कहीं-कहीं टेंट में हल्की-सी टॉर्च की रोशनी थी बस। अंधेरा गहरा चुका था। जल्द ही अलग-अलग देशों और कोनों से आए लोग दोस्त बन गए। हमने साथ में ही डिनर किया। भूख इतनी ज्यादा थी कि उस वक्त मिला दाल-चावल-राजमा बेहद स्वादिष्ट लगा। थोड़ी देर बाद हम अपने कैंप की तरफ लौट आए।

मैं सुबह साढ़े चार बजे ही टेंट से बाहर निकल आया। एक मासूम सी सुबह हमारा स्वागत कर रही थी। सूरज धीरे-धीरे ऊपर आ रहा था। चारों तरफ खामोशी थी। बर्फीले बादल पास से गुजर रहे थे। ठंड और बढ़ गई थी। शायद मैं उस मैदान में पहला इंसान था जो उस समय टेंट से बाहर खड़ा था। मैं उस पल के हर लम्हे को अपने अंदर समेट लेना चाहता था। दिल कह रहा था- काश, वक्त थोड़ा और रुक जाए, लेकिन 'काश' हमेशा एक खतरनाक शब्द होता है। वापस लौटते समय मेरे पास थे, उस खूबसूरत जगह पर बिताए गए शानदार पल।



लेखक
*मृदुल कपिल*

## किस्सा रहस्य

मनीष को अपनी दुकान में समय से पहुंचना होता था। आज सुबह से बारिश होने के कारण उसे दुकान के लिए निकलने में देर हो गई। वह सोच रहा था कि दुकान अभी तक बंद होगी। रामप्रसाद तो अभी पहुंचा ही नहीं होगा। अतः उसने मोबाइल से रामप्रसाद से संपर्क किया तो पता चला कि वह दुकान में मौजूद है। यह सुनकर उसे घोर ताज्जुब हुआ कि इतनी बरसात में वह समय पर कैसे पहुंच गया? वह काम पर सदा देर से आता था, जिसके लिए वह कई बार झिड़कियां सुन चुका था और मनीष उसे हटाने का भी निर्णय ले चुका था। वह दुकान में पहुंचा तो उसने देखा कि दुकान की अच्छी तरह सफाई हो चुकी थी। दुकान में कोई ग्राहक नहीं था और रामप्रसाद स्टूल पर बैठा ऊंघ रहा था। अपनी कुर्सी पर बैठते हुए मनीष ने उससे पूछा, "रामप्रसाद! मुझे यह बताओ कि पहले तो तुम हमेशा लेट से आते थे, लेकिन आजकल इतनी जल्दी कैसे आ रहे हो? बरसात में प्रायः लोगों को अपने कार्यस्थल पर पहुंचने में देर हो जाती है। तुम्हारे सवेरे पहुंचने का क्या कारण है?" यह सुनकर रामप्रसाद ने कहा, "मालिक! क्या बताऊं? जब बारिश होती है तो मेरी छत टपकने लगती है और मैं रात-भर बैठकर सवेरा करता हूं। कमरे में चारों ओर सीलन भरी हुई है। इसीलिए सवेरे उठकर चल देता हूं। यहां रहता हूं, तो कम-से-कम भींगता तो नहीं हूं।"



*अंजना वर्मा*

# कैनवास की मोनालिसा



यूं तो गाहे-बगाहे अपने अगल-बगल मैंने रेल से कई यात्राएं की है, लेकिन उन यात्राओं की दूरी ज्यादा से ज्यादा बीस से तीस किलोमीटर तक ही रही है। कभी कोई लंबी रेलयात्रा नहीं की। इसलिए इन छोटी रेल यात्राओं को मैं अपनी मुकम्मल रेलयात्रा नहीं कह सकता। हां! सन 2018 की गंभीर बीमारी की परिस्थितियों ने मुझे पहली बार एक मुकम्मल और पूर्ण रेलयात्रा कराई। इस रेलयात्रा को ही मैं अपनी सार्वकालिक व पूर्ण रेलयात्रा मानता हूं। मुंबई से लौटते समय ज्योहीं रेल ने पटरियों पे चलना और दौड़ना शुरू किया तो मुझे ऐसा लगा कि जैसे मुझे दुनिया जहान की सारी खुशियां मिल गईं हों। ऐसा नहीं की मुंबई जैसे महानगर और अर्थ की राजधानी में हमारे वृहद उत्तर प्रदेश जैसे राज्य का जौनपुर जैसा जिला अनुपस्थित हो। यह सच है कि मेरे बीमार होने की दशा में इलाज के मामले में मुंबई जौनपुर से कहीं ज्यादा बेहतर और सर्वोत्कृष्ट रहा, लेकिन हम संवेदनशील कलम वाले न जाने क्यों जीवन की मशीनी आपाधापी और इतने बड़े-बड़े कंक्रीट के जंगल से अपनी संवेदना बैठा नहीं पाते। वैसे भी मुंबई प्रवास के समय लगा कि इस महानगर में हमारे जनपद जौनपुर के हर घर से कोई न कोई अपने घर की रोटियां अपने प्रयास से चला पा रहे हैं। इतना ही नहीं, यहां पर हमारे जौनपुर के चंद लोग तो आर्थिक, राजनैतिक व सामाजिक कड़ी के वे मील के पत्थर है, जिसे मुंबई नकार नहीं सकती।

मेरी दवा व इलाज करवाने के बाद की वापसी केवल एक मरीज की वापसी नहीं थी, बल्कि मेरे अंदर के एक साहित्यकार की भी वापसी थी। जिसे मैंने अपने रेल के डिब्बे में बखूबी महसूस किया, जो रेल का डिब्बा जाते वक्त नीरस व बेजान सा लगा था, वही रेल का डिब्बा घर वापसी के समय महज एक रेल का डिब्बा भर नहीं अपितु वह रेल का डिब्बा हमारे यहां का पूरा गांव सा लग रहा था। रेल के डिब्बे का गांव अपने में सब कुछ समेटे था। इसमें गांव की सरलता के साथ ही वह सोंधापन पन था, जिसके चलते हमारे जौनपुर का हर गांव जाना जाता है। इस रेल के डिब्बे से बातकर कुछ लोगों का खिलखिलाना जीवन की आयुर्वेदिक ऊर्जा का आभास करा रहा था। बीच में ग्रामीण तंज के अंदाज में कुछ राजनैतिक चर्चा-परिचर्चा इस यात्रा को और यादगार बना रहे थे। मैं खुद इस रेलयात्रा को किसी लेखक के यात्रा-वृत्तांत को जी रहा था।

हां इस रेलयात्रा में मेरे अंदर के लेखक को एक बात कचोट जरूर रही थी कि इस रेलयात्रा के कचोटपन की पात्र उस डिब्बे की खुली खिड़की के पास बैठी बिल्कुल शांत सी अपने अपने में खोई हुई सी लड़की, जिसके अंदर इस यात्रा का कहीं दूर-दूर तक कोई उल्लास नहीं दिख रहा था। वह जैसे अपनी किसी असहाय पीड़ा के आकंठ में डुबी बस बाहर देख रही थी। मुझे लगा कि शायद इसने रेलयात्रा नहीं कि, बल्कि इस पूरी रेलयात्रा में वह केवल अपने प्रश्नों का आत्ममंथन कर रही थी या उनके उत्तर को तलाश रही थी। मेरे इस प्रथम पूर्ण रेलयात्रा में वह नीली सलवार पहनी हुई लड़की चुभ रही थी और मुझे लगा कि यह अपने प्रेम के विश्वास की कस्तुरी किसी धोखेबाज को दे बैठी है। सच मैं कवि तो था, लेखक भी था, लेकिन किसी कैनवास का चित्रकार न था, लेकिन फिर भी ये लड़की मेरे रेलयात्रा के कैनवास की एक मोनालिसा बनके रह गई है।



लेखक
*रंगनाथ द्विवेदी*

## बतकही

आज यदि कोई सबसे ज्यादा खुश है तो वह है कुमार साहब का बेटा रोहन। आखिर रोहन के चचेरे भाई की शादी जो है। रोहन को पहले दिन से ही उसके चाचा राजेश ने शादी का सारा तय कार्यक्रम कह सुनाया था ताकि रोहन को किसी भी कार्य में परेशानी न हो। रोहन भी पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य को पूरी तरह निभाने में मशगूल था। शाम को बारात जाने का समय हो गया। रोहन जल्दी तैयार हुआ और अपने ताया के लड़के योगेश के साथ अलग गाड़ी पर बारात के साथ चल पड़ा। बीच रास्ते में योगेश ने गाड़ी को कहीं ओर घुमा दिया और थोड़ी देर गाड़ी रोकने के बाद वह दुकान से शराब की बोतल ले आया। रोहन ने शराब पीने से इनकार किया और बोला कि चाचा जी ने मुझे बहुत काम सौंपे हैं मुझे उन्हें पूरा करना है, यह काम नहीं करना है, लेकिन योगेश ने रोहन को भी शराब पिलाई और खुद भी शराब का खूब सेवन किया। उन दोनों ने इतनी शराब पी कि कुछ भी होश न रहा। वे दोनों शादी की रस्में तक नहीं देख सके। उधर रोहन के पिता समझ चुके थे कि असली माजरा क्या है? लेकिन शादी के बीच में उन्होंने माहौल को संभाले रखा। रोहन को सुझाए गए सारे काम, उन्होंने ही किए। अगले दिन रोहन घर आ पहुंचा। उसके बाल बिखरे थे और कपड़े भी गंदे हो चुके थे। यह देखकर रोहन के पिता ने सबके सामने उसकी पिटाई की। रोहन, जो पहले पूरी जिम्मेदारी के साथ हर कार्य करने में मशगूल था, एक शराब ने उसका खूब मजाक बनाया। रोहन की तरह ऐसे कई लोग हैं, जो किसी भी समारोह का आनंद तो उठाना चाहते हैं, लेकिन शराब पीने की लत उन्हें सब कुछ भुला देती है। उन्हें यह ज्ञात नहीं रहता कि समारोह की स्मृतियां कितनी महत्वपूर्ण होती हैं, जो असल आनंद देती हैं।



लेखक
*शिवालिक अवस्थी*

# नवरात्र की पंचमी पर हुई स्कंदमाता की पूजा-अर्चना

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नवरात्र की पंचमी पर मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना की गई। मां के पूजन से एकाग्रता व संयम की अनुभूति होती है। नगर के मां श्रवण देवी मंदिर, राम जानकी मंदिर, फूलमती देवी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही लोगों का जाना प्रारंभ हो गया। घरों व मंदिरों में नवरात्र के पांचवें दिन मां स्कंदमाता का पूजन किया गया। बड़ा चौराहा स्थित सिद्धनाथ मंदिर, बैटगंज स्थित संतोषी माता मंदिर तथा छोटा चौराहा स्थित तुरंत नाथ मंदिर व सर्वेश्वरनाथ मंदिर में महिलाओं ने माता के भक्तिगीतों का आनंद लिया। पूरे दिन माता के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। जिले में नगर के अग्रवाल धर्मशाला सहित कई स्थानों पर नव दुर्गा पंडाल सजाए गए। यहां पर पूरे नौ दिन यहां माता के संकीर्तन होता रहता है। इसके बाद हवन पूजन व कन्याभोज का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा जिलभर में घरों व मंदिरों में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाई जा रही है।



देवी जी का पूजन करते भक्तजन। ● अमृत विचार

### गायत्री प्रज्ञा पीठ में हुआ हवन

**पिहानी, हरदोई अमृत विचार।** कस्बे के गायत्री प्रज्ञा पीठ में नवरात्र के पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा-अर्चना की गई। दुर्गा महोत्सव के तहत यहां विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन शाम को महिला संगीत भी शामिल है। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने माता को रोली का तिलक लगाकर पुष्प और फल अर्पित किए। गायत्री यज्ञ में आहुतियां दी गईं। कई श्रद्धालुओं ने दुर्गा सप्तशती के साथ कवच, कीलक और अर्गला स्तोत्र का पाठ भी किया। पंडित और सह-व्यवस्थापक रजनीश मिश्रा ने बताया कि स्कंदकुमार की माता होने के कारण देवी के इस स्वरूप को स्कंदमाता कहा जाता है। तारकासुर का वध करने के लिए शिवजी ने पार्वती से विवाह किया था, और उनकी संतान कार्तिकेय ने ही तारकासुर का संहार किया। मां का यह रूप नारी शक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर रामेश्वर शर्मा, वेदपाल, दिनेश गुप्ता, निखिल गुप्ता, अनिल राठौर, धर्मेंद्र राठौर, सचिन सिंह और फूल सिंह यादव सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।



### अघोरी नृत्य देखकर मंत्रमुग्ध हुए भक्त

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल के चतुर्थ दिवस मां कुष्मांडा के स्वरूप की उपासना, पूजन, आरती प्रात: कालीन बेला में समिति के सदस्यों द्वारा की गई। सायं कालीन बेला में स्थानीय देव स्तुति, श्री हनुमान चालीसा का पाठ तथा प्रसाद वितरण किया गया। महामाई जगत जननी मां दुर्गा जी की आरती, मां ज्वाला जी की आरती की गई। कार्यक्रम के अगले क्रम में राधे-राधे नृत्य कला झांकी ग्रुप हरदोई के कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर झांकियां व धार्मिक नृत्य संध्या प्रस्तुत की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु कृपा से होता है प्राणी का उद्धार

**हरपालपुर/हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड के रानीखेड़ा गांव में बाबा नीमकरोरी संत शिव सेवा आश्रम पर चल रहे शतचंडी महायज्ञ व श्रीराम कथा में महामण्डलेश्वर नवल किशोर दास जी महाराज ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एक बार नारद जी कामदेव पर विजय प्राप्त करने के उपरांत अत्यधिक अभियान आ गया तो उन्होंने कहा कि गुरू के पास संसार के प्रपंच लेकर न जाओ। सद्गुरु आपकी दुकान नहीं चलाऐग लेकिन ऐसी रास्ता ऐसी बता देगा, जिससे आपका उद्धार हो जायेगा। इस मौके पर संत श्री बच्चा बाबा महाराज, मनमोहन सिंह, गोविंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आज

**हरदोई, अमृत विचार।** एनपीएसएस, लखनऊ के अध्यक्ष एसएम पाण्डेय ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर शनिवार को प्रात: 10 बजे से राजा नरपत सिंह स्मारक, रूईया गढ़ी में पर्यटन और सतत परिवर्तन की थीम पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें हस्तशिल्प, उत्पादों, पौधरोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बच्चों की वाद-विवाद, लेखन व चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों, छात्र-छात्राओं आदि द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

### हीमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित

**पिहानी हरदोई,अमृत विचार।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और स्वास्थ्य विभाग ने हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्कूल न्यूट्रिशन सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया। छात्राओं का हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया। अधिकांश छात्राओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 10 से 14 पाया गया। छात्राओं को एनीमिया के लक्षण, कारण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई। आयरन और पोषणयुक्त आहार, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व पर भी जागरूक किया गया।

### विधिक सेवा समिति ने किया जागरूक

**शाहाबाद, हरदोई।** तहसील विधिक सेवा समिति शाहाबाद सचिव/तहसीलदार संध्या यादव के निर्देशन में तहसील शाहाबाद के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन, कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न सहित अन्य मुद्दों महिलाओं को उनके अधिकार व कानूनी सुरक्षा की जानकारी दी। जिसकी अध्यक्षता डा. प्रवीण दीक्षित के द्वारा कि गयी। लीगल एड क्लीनिक राघवेन्द्र विक्रम सिंह के द्वारा बताया गया।

# सीडीओ ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनीं शिकायतें

## ग्राम पंचायत भिठारी के प्राथमिक विद्यालय में विभिन्न योजनाओं के तहत लोगों को दिलाया लाभ

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सान्या छाबड़ा मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने ग्राम पंचायत भिठारी के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित ग्रामीण चौपाल में प्रतिभाग कर जनसामान्य की समस्याओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये।

ग्रामीण चौपाल में नेडा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, विद्युत विभाग, खाद्य रसद विभाग, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु व स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सा विभाग द्वारा कैम्प लगाया था।



बच्चे का अन्नप्राशन करातीं सीडीओ सान्या छाबड़ा। ● अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्रामीण चौपाल में उपस्थित ग्रामवासियों को अवगत कराया गया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित की संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके इसके लिए आपके गांव में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, विद्युत बिलों के सुधार हेतु, राशन कार्ड बनाये जाने हेतु कैम्प लगाये गये हैं, जिन पर जाकर ग्रामीण जन लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। चौपाल में लगाये गये स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प में 62 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण (बीपी एवं शुगर) किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के 52 लोगों को आवश्यक औषधियां एवं चिकित्सीय परामर्श दिया गया। चौपाल में 12 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इसके साथ ही चमेली एवं सुशीला निवासी भिठारी को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए, आयुष्मान कार्ड पाकर उक्त दोनों महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल गये। 10 विद्युत बिल संशोधित किए गए। महीर वर्मा एवं सूर्यांश वाथम का अन्नप्राशन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा कराया गया तथा पौष्टिक आहार के रूप में फल आदि वितरित किये गये। ग्रामीण चौपाल में मुख्य समस्या ग्रामवासियों द्वारा गलियों एवं नालियों के निर्माण की बताई गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी को ग्राम सभा की खुली बैठक कराकर कार्ययोजना बनाकर बजट की उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता निर्धारित कर कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये। ग्रामीण चौपाल में बीडीओ डा. राम प्रकाश, प्रभारी सीएचसी डा. पंकज मिश्रा, बीईओ प्रभाष कुंवर श्रीवास्तव, एसडीओ रजत गुप्ता सहित राजस्व कृषि, पूर्ति, पशुपाल, ग्राम्य विकास, बाल विकास पुष्टाहार के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्यदायी संस्था को नोटिस

ग्रामीण चौपाल में ग्रामवासियों द्वारा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत जलापूर्ति नियमित न होने एवं गलियों का पुनरोद्धार न किए जाने की शिकायत की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने एवं संबंधित अवर अभियंता का पर्यवेक्षकीय उत्तरदायी निर्धारित करते हुए,उनके विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश अधिशासी अभियंता, जल निगम को दिये गये।

# हिरन के सींग से घर सजाते हुए वनकर्मी का वीडियो वायरल

**संवाददाता, कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** वन विभाग के एक कर्मचारी का विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कर्मचारी प्रतिबंधित पशु हिरण के सींग को काटकर डिजाइन बनाते हुए दिख रहा है। वायरल वीडियो में कर्मचारी स्पष्ट रूप से कह रहा है कि यह डिजाइन रेंजर के घर के मुख्य गेट पर लगाया जाएगा। उसने यह भी बताया कि हिरण के सींग को घर के बक्से में रखना शुभ माना जाता है और उसके पास ऐसे कई सींग संग्रहित हैं। यह मामला गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि सरकार ने वन विभाग के अधिकारियों को पशु-पक्षियों की सुरक्षा के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद, वन विभाग के कर्मचारी ही प्रतिबंधित पशुओं के अंगों का दुरुपयोग करते पाए जा रहे हैं।इस मामले में वन रेंज क्षेत्राधिकारी रेंजर विनय कुमार जादौन से जुड़े आरोप भी सामने आए हैं। हालांकि, वन विभाग के अधिकारी अभी तक इस विषय पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं। प्रभागीय वन अधिकारी जीबी सेंडे ने बताया कि वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर विभागीय कठोर कार्यवाही की जाएगी।

● प्रभागीय वन अधिकारी ने कार्रवाई का दिया भरोसा

# चीख-पुकार के बीच तीन शवों का अंतिम संस्कार

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार Follow UP

● गुरुवार शाम दो बाइकों की टक्कर में हुई थी तीन युवकों की मौत

**अमृत विचार।** लखनऊ-पलिया हाई-वे पर पराग डेयरी के पास गुरुवार शाम हुए हादसे में तीन युवकों की मौत के बाद शुक्रवार को तीनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मरने वालों में दो चचेरे भाई हैं।

बताते चलें कि कोतवाली देहात के बरगदिया मजरा घोसार निवासी सोनेलाल और उसका चचेरा भाई राजन गुरुवार को शहर में मजदूरी के बाद शाम को बाइक से घर लौट रहे थे। वहीं दूसरी ओर बघौली थाने के टेढ़वा निवासी आदित्य अपनी मां मुन्नी देवी और भाभी सरोजनी को लेकर बाइक से शहर आ रहा था। पराग डेयरी के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल सोनेलाल और राजन ने मेडिकल कॉलेज में और आदित्य ने 100 बेड हास्पिटल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। जबकि मुन्नी देवी और सरोजनी और बच्ची शिवांशी को 100 बेड हास्पिटल में भर्ती कराया गया।

इसके पहले गुरुवार शाम हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ लगई थी। उसी समय वहां से गुजर रहीं राज्यमंत्री रजनी तिवारी का काफिला फंस गया था। भीड़ की वजह से मंत्री का काफिला कुछ देर फंसा रहा। हादसे के बारे में राज्यमंत्री ने पुलिस अफसरों से बात की, उसके बाद वहां पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़ी दोनों बाइक वहां से हटाकर भीड़ को हटवाया गया। तब कहीं रास्ता बहाल हो सका और मंत्री का काफिला रवाना हो सका।

### जल्दबाजी व तेज रफ्तार में गईं तीन जानें

पराग डेयरी के पास हुए हादसे की शुरुआती जांच में सामने आया है कि तेज़ रफ्तार के चलते हादसा हुआ। इधर से सोने लाल अपने चचेरे भाई राजन के साथ बड़ी जल्दबाज़ी में जा रहा था,उधर आदित्य अपनी बीमार भतीजी को ले कर मां मुन्नी देवी और भाभी सरोजनी के साथ उसे बचाने के लिए शहर के एक निजी हास्पिटल जा रहा था। तेज़ रफ्तार की डोर ने सोने लाल, राजन और दूसरी बाइक पर सवार आदित्य की ज़िंदगी की रफ्तार हमेशा के लिए थाम ली।

### राजन के लिए आज होनी थी दुल्हन की दिखाई

हरदोई। हादसे का शिकार हुआ राजन पंजाब में काम करता था,बुधवार को ही वह गांव आया हुआ था। उसके बड़े भाई कौशल ने बताया कि राजन की शादी के लिए रिश्ते देखे जा रहे थे,शुक्रवार को दिखाई होनी थी। गुरुवार से ही तैयारी होने लगी थी,उसी बीच हुए सड़क हादसे ने सारी खुशियां चकना-चूर कर दी।



नगर का भ्रमण करते डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा। ● अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने किया नगर का भ्रमण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के साथ जुमे की नवाज एवं त्योहारो पर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सण्डीला नगरीय क्षेत्र का भ्रमण किया तथा धर्मगुरूओं से सम्पर्क पर त्यौहारों पर आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें। भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने लोगों से कहा कि भी अफवाह पर ध्यान न दें और अफवाह फैलाने वाले आराजक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि उन पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। उन्होने कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनीं 85 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में शुक्रवार को कुल 85 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जन सुनवाई के दौरान लोगों के राशन कार्ड बनाये गये, बच्चों को बाल सेवायोजना से तथा दिव्यांगों को दिव्यांग पेशन योजना से जोड़ा गया। राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये।

# टीईटी के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, संडीला/हरदोई

**अमृत विचार।** प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ संडीला इकाई ने शुक्रवार को शिक्षकों पर जबरन टीईटी लागू करने के विरोध में ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री तथा मानव संसाधन विकास मंत्री भारत सरकार को संबोधित था जिसे प्रतिनिधि मंडल ने मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक रावत को सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष अनन्त कुमार व महामंत्री अमृत लाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया निर्णय न तो शिक्षकों के हित में है और न ही समाज के लिए लाभकारी। यह न मानवीय है, न सामाजिक और न ही व्यवहारिक उन्होंने तर्क दिया कि जिस समय शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय वे समस्त शैक्षिक योग्यता और प्रतियोगी परीक्षाओं को पूर्ण कर चुके थे। ऐसे में टीईटी को जबरन थोपने का कोई औचित्य नहीं है। सांसद अशोक रावत ने आश्वासन दिया कि यह ज्ञापन प्रधानमंत्री और मानव संसाधन विकास मंत्री तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से इस विषय पर वार्ता करेंगे और किसी भी शिक्षक या गुरुजन के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



सांसद अशोक रावत को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के लोग।

# आमने-सामने बाइकें टकराईं, पांच घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पाली रोड पर ग्राम सहोरा के निकट शुक्रवार को दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग घायल हो गए। सीएचसी में चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। एक युवक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर नरकतरा निवासी गुरुमुख सिंह, उसकी मां परमजीत कौर, और दूसरी बाइक पर सवार ग्राम मनिकापुर निवासी श्रीराम, पलथुआ निवासी अमन और दिनेश के रूप में हुई। अमन को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# सामूहिक विवाह की तैयारियां परखीं

**संवाददाता, शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार।** रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह को लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर एसडीएम अंकित तिवारी की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में रविवार को ब्लॉक मुख्यालय पर होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

एसडीएम अंकित तिवारी के समक्ष सभी अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा गया है कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई भी कमी नहीं रहनी चाहिए। जोड़ों के लिए बैठने और मंडप में फेरे लेने के लिए अलग व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त दहेज का भी शासन के निर्देशानुसार इंतजाम किया जा चुका है। एसडीएम अंकित तिवारी ने कहा सभी को अपनी जिम्मेदारी पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ निभाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र शर्मा, अधिशासी अधिकारी के के सोनकर, क्षेत्र पंचायत प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. प्रवीण दीक्षित आदि अधिकारी मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन को लेकर अधिकारियों से बात करते हुए एसडीएम अंकित तिवारी।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से



ब्लॉक सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक संपन्न हुई। यह अभियान 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तथा दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाना प्रस्तावित है। इसी सिलसिले में संवेदीकरण बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी प्रधान, पंचायत सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संबंध में तथा पंचायत राज विभाग द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य जैसे झाड़ी की कटाई, नाली की सफाई, खराब नालों की मरम्मत, एंटी लारवा का छिड़काव तथा जन जागरूकता एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद से डाक्टर प्रवीण दीक्षित, यूनिसेफ से बीएमसी अभय सिंह, एडीओ पंचायत-जितेंद्र कुमार तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम | निपुण भारत मिशन संगोष्ठी व नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

# बच्चों के लिए उनके आदर्श होते हैं अध्यापक : माधवेन्द्र प्रताप

संवाददाता, हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र में शुक्रवार को निपुण भारत मिशन संगोष्ठी तथा प्राथमिक के शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया है।

मुख्य अतिथि भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा, शिक्षक बच्चों के लिए आदर्श होते हैं। सरकार बच्चों को तकनीकी शिक्षा पर जोर दे रही है। बच्चों की शिक्षण सामग्री पर जीएसटी समाप्त कर दी गई है। जिससे कॉपी किताबें उपयोगी वस्तुएं काफी सस्ती होगी। उन्होंने प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सरोज भदौरिया के नेतृत्व में नव गठित कमेटी के पदाधिकारी को शपथ दिलाई तथा जूनियर हाईस्कूल कुड़ा नगरिया की अनुदेशक गरिमा सिंह तथा प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर में तैनात एजुकेटर का बाल विकास परियोजना में मुख्य सेविका के पद पर चयन होने पर सम्मानित किया। इसके बाद क्षेत्रीय भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने कस्बे में पैदल भ्रमण कर व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी घटने के फायदे गिनाए। कहा दैनिक जरूरत की वस्तुओं पर जीएसटी दर घटने से आम लोगों को इसका काफी फायदा होगा तथा बिक्री बढ़ने से व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जीएसटी को लेकर उन्होंने दुकानदारों से जानकारी जुटाई। कहा घटे दर का लाभ आम जनता को मिलना चाहिए। विधायक रानू ने राजन साड़ी के सेंटर के प्रोपराइटर गोबिंद गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।व्यापारी अजय शुक्ला ने विधायक का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने पुराना अस्पताल गली से रोडवेज बस स्टॉप तक पैदल भ्रमण कर जीएसटी घटने का दुकानदारों को संदेश दिया है। मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा, बीईओ उदयभान सिंह, डॉ रजनीश त्रिपाठी, अनुराग पांडेय, मनोज द्विवेदी, सुनीत तिवारी आदि मौजूद रहे।



शिक्षिका को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने मनचलों को दी चेतावनी

सफीपुर उन्नाव। कोतवाली पुलिस द्वारा कस्बे में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को देखते हुए एंटी रोमियो स्क्वाड टीम ने मंदिरों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं व महिलाओं से वार्ता कर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के तहत टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों और कानून के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही बेवजह घूमने वाले मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी।

### महिला संबंधी कार्यक्रमों की दी जानकारी

फतेहपुर चौरासी। एसपी के निर्देश पर एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ने शुक्रवार को गांव झूलमऊ में मिशन शक्ति के तहत चौपाल आयोजित की। इसमें वहां मौजूद महिला संबंधी समस्याओं का निराकरण किया गया। जिसके बाद महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन, एंबुलेंस आदि नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी भी दी।

### बुआ के घर ब्याही भतीजी ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। पति के साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोने गई पत्नी ने वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पति की तहरीर पर शव को कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। सीतापुर जिले के सतनापुर थाना पिसावां निवासी रामसेवक ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री चांदनी की शादी टड़ियावां थाने के अहिरोरी में अपने भांजे अमित कुमार के साथ 18 अप्रैल 2024 को की थी। गुरुवार की रात चांदनी ने पति अमित कुमार के साथ खाना खाया और उसके बाद कमरे में सोने चली गई। शुक्रवार की भोर पहर पत्नी को फांसी पर लटका हुआ पाया।

# महिला सशक्तीकरण पर दिया जाए विशेष जोर

## डीएम ने मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रमों के संबंध में बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश

संवाददाता, हरदोई



पिहानी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को सम्मानित करतीं अधिकारी।

अमृत विचार। मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रमों के संबंध में जिलाधिकारी अनुनय झा ने बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया जाये।

शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मिशन शक्ति के तहत होने वाले कार्यक्रम स्थलों पर मिशन शक्ति का बैनर अवश्य लगवाएं। उस पर महिलाओं की शिकायतों से जुड़े सभी टोल फ्री नम्बरों को लिखवायें। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम में सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर स्कूल, कालेजों में छात्र-छात्राओं को सहित ग्राम पंचायतों में महिलाओं के सशक्तीकरण पर विशेष जोर दिया जाये और उन्हें गुड टच बैड टच के बारे में छात्राओं एवं महिलाओं को बतायें तथा स्वास्थ्य विभाग छात्राओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराए।

सहायक संभागीय अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को परिवहन कार्यालय में लोगों को मिशन शक्ति के तहत पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया गया। कार्यालय में आने लाईसेंस आवेदकों को महिलाओं व बालिकाओं से उचित व्यवहार करने के सम्बंध में जागरूक किया गया। महिलाओं का सुरक्षा के उपाय एवं महिला अपराध कानून के बारे में अवगत कराया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा बीएसएन इंटर कालेज बिलग्राम तथा एसपीजी इंटर कालेज में बालिकाओं की साइकिल रैली निकाली गयी। बालिकाओं को गुड टच बैड टच, महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण एवं महिला अपराध अधिनियम के तहत विस्तार से जानकारी दी गई।

पाली में पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम मेंहदीपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह की अगुवाई में चौपाल लगाई गई। इसमें महिलाएं, छात्रायें और पुरुष शामिल हुए। इसी क्रम में एंटी रोमियो टीम ने सांडी खेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अध्यापिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया और एक रैली का निकाली। रैली में शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय की सभी छात्राओं एवं महिला पुलिस कर्मियों ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का संदेश दिया। पिहानी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वन अधिकारी नीलम मौर्या और खंड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह विद्यालय में मौजूद रहीं। अधिकारियों ने छात्राओं से बातचीत की और उन्हें मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने वंदना और नाटक की प्रस्तुति दी। इसमें अनुपम, कामिनी, फलक, अंजलि, राधिका, गायत्री और नैंसी आर्या सहित कई छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय की वार्डन गरिमा बाजपेई, शिक्षिकाएं पल्लवी शुक्ला, मनीष सिंह, तरन्नुम, निशात, स्वाती, महेश्वरी कमला देवी, गिजाला, फिरदौस और शुभम सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

हरपालपुर में पुलिस ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खसौरा से आर्यावर्त ग्रामीण बैंक खसौरा तक जागरूकता रैली निकालकर छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया। रैली में महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान ने आपात स्थिति में 1076,1090,112 आदि नम्बरों पर सम्पर्क कर तुरंत जानकारी देने को कहा।

# गैर इरादतन हत्या में दोषी दो भाइयों को सात-सात साल की कड़ी कैद

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। जिला सत्र न्यायाधीश संजीव शुक्ला ने एक फैसले में गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपित दो सगे भाइयों को जुर्म साबित होने पर सात-सात साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर 9000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता चंदन सिंह ने बताया कि थाना संडीला क्षेत्र के मीर नगर अजिगवा निवासी छुटक्के व हरिश्चंद्र ने 29 जुलाई 2018 को दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपित गांव के ही राजू के घर में घुस रहे थे।राजू की मां गंगा देवी उर्फ जानकी घर में अकेली थी। माता को गंदी गंदी गालियां देते हुए लाठी डंडों से मारा पीटा और जान माल के धमकी दी।जिसके चलते इलाज के दौरान 30 जुलाई को उसकी माता की मृत्यु हो गई इस घटना के रिपोर्ट राजू ने दर्ज कराई। घटना के कारण में जमीनी विवाद होना कहा गया। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की को सुनकर दोनों भाइयों पर जुर्म साबित पाया और उन्हें सात-सात साल की कड़ी कैद और विभिन्न धाराओं में 9000 रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

### सदस्यता अभियान में उन्नाव को प्रदेश में पहले स्थान पर लाने पर दिया जोर

बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। स्थानीय ब्लाक सभागार में शुक्रवार को गंजमुरादाबाद व बांगरमऊ ब्लाकों की संयुक्त समृद्धि एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान-2025 के सम्बन्ध में बैठक हुई। बैठक में विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह व प्रदेश सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के नेतृत्व में सहकारिता विभाग आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसलिए सभी को अधिक से अधिक किसानों को समिति से जोड़ना है।

# युवक और युवती ने की खुदकुशी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। दो अलग-अलग क्षेत्रों में युवक और युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सवायजपुर कोतवाली के बड़ौरा गांव निवासी रामनरेश सिंह व उनकी पत्नी की मौत हो चुकी है। रामनरेश के दो बेटे राजीव सिंह, 20 वर्षीय त्रिलोकी सिंह और एक बेटी थी। बेटी की शादी हो चुकी थी। राजीव और त्रिलोकी दोनों दिल्ली में एक कंपनी में नौकरी कर रहे थे। करीब 15 दिन पहले त्रिलोकी गांव आया था। जहां गुरुवार की रात त्रिलोकी ने खाना खाया और सो गया। शुक्रवार की सुबह उसका शव कमरे में फांसी पर लटका मिला।

दूसरी घटना में अरवल थाने के गढ़िया मजरा खैरुद्दीनपुर निवासी पंकज की 19 वर्षीय बेटी सपना ने गुरुवार की रात फांसी लगा ली। पिता पंकज ने बताया कि आधी रात करीब डेढ़ बजे वह जागा तो देखा कि सपना घर में नहीं थी। उसके गायब होने का पता होते ही घर वाले जाग गए। सपना को ढूंढा जा रहा था, उसी बीच सपना का शव घर के बाहर अपने ही खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने दोनों मामलों में शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया।

घर के बाहर फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली सपना के घर वाले भले ही कुछ बताने से कतरा रहे हों, लेकिन गांव वालों के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग का है। कहा जा रहा है कि वह अपनी मर्जी से शादी करना चाहती थी, लेकिन घर वाले ऐसा नहीं होने देना चाहते थे। इसी बात पर कई बार घर वालों से उसकी नोकझोंक भी हुई। हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# हरदोई में रुकेगी दो जोड़ी फेस्टिवल एक्सप्रेस

संवाददाता, हरदोई



- जल्द मिलेगा यात्रियों को लाभ लखनऊ, दिल्ली व अन्य बड़े शहरों का सफर होगा आसान

अमृत विचार। त्यौहार पर हरदोई वासियों के लिए राहतभरी खबर है। लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी होने जा रही है। हरदोई रेलवे स्टेशन पर जल्द ही दो जोड़ी फेस्टिवल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव शुरू किया जाएगा। इससे यात्रियों को राजधानी लखनऊ, दिल्ली समेत अन्य बड़े शहरों तक त्यौहार में सीधी और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता निरीक्षण के दौरान हरदोई पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे ट्रेनों के ठहराव को लेकर सवाल किया।आदित्य गुप्ता ने आश्वासन दिया था कि इस विषय पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने हरदोई स्टेशन के सीएमआई अंबुज मिश्रा को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर मंडल कार्यालय भेजने के निर्देश दिए।

### इन ट्रेनों को मिल सकता है ठहराव

हरदोई। सीएमआई मिश्रा ने लखनऊ–नई दिल्ली फेस्टिवल एक्सप्रेस (04203/04204) और धनबाद–चंडीगढ़- धनबाद फेस्टिवल एक्सप्रेस (03311/03312, वाया दिल्ली) के ठहराव का प्रस्ताव तैयार कर मुरादाबाद मंडल कार्यालय भेज दिया है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल जाएगी। इन दोनों ट्रेनों का ठहराव दिन में हरदोई स्टेशन पर होगा, जिससे यात्रियों को खासा लाभ होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अब तक इन ट्रेनों के न रुकने से उन्हें आसपास के बड़े स्टेशनों का सहारा लेना पड़ता था, जिससे समय और पैसा दोनों खर्च होते थे। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद जिले के यात्रियों को सीधी ट्रेन सेवा का फायदा मिलेगा और त्योहारों के समय यात्रा आसान होगी यात्रियों और व्यापारियों ने रेल प्रशासन से उम्मीद जताई है कि जल्द ही यह सुविधा लागू हो और हरदोई स्टेशन पर ठहराव शुरू हो जाए। इस कदम से न केवल आम जनता को सहूलियत मिलेगी बल्कि जिले की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी।

# घर से जेवर व नकदी ले गए चोर

संवाददाता, अतरौली, हरदोई


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

अमृत विचार। गुरुवार की रात अतरौली थाना क्षेत्र के फतेहनगर में कोटेदार गजराज के घर में घुसकर चोरों ने जेवर व नकदी पार कर दी। गजराज ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद बहू सरिता और बेटा अवधेश व बच्चे घर की छत पर सो गये। वह स्वयं बाहर दुकान वाले बरामदे में सो रहे थे। सुबह 5 बजे सरिता उठी तो चोरी की जानकारी हुई। बक्शे में रखे जेवर और 10 हजार नगद गायब थी। अतरौली थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि तहरीर ले ली गई है। मामले की जांच की जा रही है जल्द खुलासा किया जायेगा। बता दें कि अतरौली थाना क्षेत्र में 6 महीने में 6 बड़ी चोरियां हो चुकी है। अतरौली थाना क्षेत्र के सोनिकपुर में होमगार्ड संदीप पाण्डेय के यहां 20 लाख, बबटापुर में अनुज के घर 2 लाख की जेवर व नगदी, लेखईखेड़ा में राजेंद्र के घर एक लाख के जेवर नगदी चोरी, गोनी में पेट्रोल पम्प पर वर्कर राजेंद्र के घर से 10 लाख के जेवर व नगदी चोरी, काशीपुर में रसोइया के घर 7 लाख की जेवर नगदी चोरी। पुलिस किसी भी प्रकरण में खुलासा नहीं कर पाई है।

### दो घरों से नकदी एवं जेवरात हुए चोरी

पाली, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के हजारी की मड़ैया गांव में चोरों ने दो घरों से नगदी एवं जेवर चोरी कर लिए। गांव निवासी धीरेंद्र अपने मकान के एक हिस्से में दुकान चलाता है, गुरुवार की रात चोरों ने घर में घुसकर दुकान से 30 हजार की नगदी एवं सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। इसके अलावा गांव निवासी प्रमोद के घर से भी 4 हजार रुपए की नगदी एवं दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी हो गई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पड़ा मिला मजदूर का शव

उन्नाव, अमृत विचार। मजदूरी करने गया युवक घर से थोड़ी दूर पर अचेत पड़ा मिला। जानकारी पर पहुंची पत्नी उसे अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई मौत पर पत्नी ने संदेह जताया। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी बीमारी से मौत होने की पुष्टि हुई। असोहा थानाक्षेत्र के कांथा गांव के मजरा बजरंगखेड़ा निवासी गंगाराम (40) मजदूरी कर परिवार पालता था। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह काम पर निकला था। लेकिन शाम को घर नहीं लौटा। तभी गांव के सरवन ने पत्नी बिटोला को बताया कि गंगाराम गांव से 500 मीटर आगे मुदाहाड गांव स्थित मुदईबाग में एक में खेत में अचेत पड़ा है। मौके पर पहुंची पत्नी ने उसे पानी पिलाया। तभी उसने उल्टी कर दी। साथ ही मुंह से खून भी निकलने लगा। इस पर वह ग्रामीणों की मदद से पति को अस्पताल लाई। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी मौत हो गई। पत्नी ने गांव के एक व्यक्ति पर लेनदेन को लेकर विवाद करने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी बीमारी से मौत होने की बात सामने आई। पत्नी बिटोला ने बताया कि गंगाराम के माता-पिता की मौत हो चुकी है।

# घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव, पति पर हत्या का आरोप

संवाददाता, हरदोई



अमृत विचार। शादी के 10 साल बेटा हुआ, उससे पहले ही पति-पत्नी के बीच लड़ाई हुआ करती थी,उसी के चलते पत्नी ने गुरुवार की शाम भूंसे की कोठरी में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जबकि उसके भाई का आरोप है कि पहले तो उसे बहन की मौत की सूचना नहीं दी,उसे पुलिस से पता चला। उसका आरोप है कि आपसी लड़ाई-झगड़े के चलते उसकी बहन को मार कर लटकाया गया। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि गुरुवार की शाम को सुरसा थाने के ज्योरा गांव निवासी रोशनलाल की 30 वर्षीय पत्नी उपासना का शव भूंसे की कोठरी में गमछे से फांसी पर लटका देखा गया। उपासना की शादी साल 2014 में हुई थी,शादी के 10 साल बाद उसके बेटा हुआ,जो 10 महीनें का है। उपासना के चाचा पप्पू निवासी धीरा थाना जलालाबाद शाहजहांपुर ने बताया कि उपासना उसके बड़े भाई रतिपाल की बेटी थी,वह एक-डेढ़ महीनें की थी,तब उसके पिता की मौत हो गई थी। उसी ने उपासना की परवरिश और शादी की थी। वकौल पप्पू वह अपने भतीजे राजू के साथ पिछले शुक्रवार को उपासना को विदा कराने आया था,लेकिन ससुराल वालों ने विदा नहीं किया। राजू का आरोप है कि आपसी लड़ाई-झगड़े के चलते उसकी बहन को मार कर लटकाया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# युवती का घर पर फंदे से लटका मिला मिला शव



बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गणेशगंज मोहल्ले में युवती ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी दिनेश मिश्रा की बेटी अनीता उर्फ मोना (24) शुक्रवार शाम 4 बजे मकान की ऊपरी मंजिल में बने कमरे में पंखे के कुंडे में फंदे से लटक गई। किसी काम से कमरे में पहुंची मां ने उसे लटका देख शोर मचाया। इस पर छोटा भाई व अन्य लोग पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने जांच के बाद परिजनों की मदद से शव नीचे उतारा। उसका पिता दिनेश व बड़ा भाई ज्ञान प्रकाश दिल्ली में व्यापार करते हैं। दूसरा भाई विशाल झांसी में पुलिस प्रशिक्षण ले रहा है। बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। वह घर में मां रेखा व छोटे भाई ओम प्रकाश के साथ रहती थी। घटना से मां रेखा बेहाल है। वहीं पिता व भाई भी मौत की खबर मिलने के बाद घर के लिए निकले हैं। कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नाथ शंभु धनु भंजनि हारा, होइहै कोइ एक...

बांगरमऊ उन्नाव


रामलीला में मंचन करते कलाकार। • अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित रामलीला मैदान में बीती गुरुवार रात विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन किया गया। मंचन देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी।

स्थानीय श्री रामलीला समिति द्वारा किए गए धनुष यज्ञ मंचन में प्रदेश के जाने-माने कलाकारों ने भाग लिया। दर्शकों ने खासकर राजा जनक के अभिनय की जमकर सराहना की। परंपरागत रामलीला मैदान में भव्य मंच पर मंचित किया गया कि महाराजा जनक अपनी बेटी सीता के स्वयंवर के लिये धनुष यज्ञ का आयोजन करते हैं। जिसमें जनक शिव धनुष का खंडन करने वाले से सीता के विवाह का संकल्प लेते हैं। परंतु तमाम राजा धनुष तोड़ना तो दूर उसे हिला भी नहीं पाए। यह देख राजा जनक विलाप करने लगे। तभी शुभ समय भांपकर ऋषि विश्वामित्र भगवान प्रभु राम को धनुष तोड़ने का निर्देश देते हैं। गुरु का आदेश पाते ही भगवान राम ने प्रत्यंचा खींची और धनुष टूट गया। इसके पूर्व रावण-वाणासुर संवाद का दर्शकों ने आनंद उठाया। भगवान परशुराम के अभिनय में त्रिवेदी जी व लक्ष्मण के अभिनय में राम प्रकाश में जमकर वाकयुद्ध हुआ। इसमें परशुराम ने पूछा कि शिव धनुष को किसने तोड़ा। इस पर राम ने कहा कि 'नाथ शंभु धनु भंजनि हारा, होइहै कोइ एक दास तुम्हारा'। उपखंड अधिकारी विद्युत रमेश चंद्र धीमान ने भगवान राम की आरती उतारकर लीला का शुभारंभ किया। आयोजक चौधरी आशीष सिंह गोलू भैया ने एसडीएम, उप खंड अधिकारी धीमान, एसडीएम व सीओ संतोष कुमार व कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह व दर्शकों का अभिनंदन किया। मंच व दर्शक दीर्घाओं की व्यवस्था ओम नारायण श्रीवास्तव, चौधरी अनूप, कृष्णकांत खजांची, कमल अक्कू भैया, शिवम चौधरी, सुधीर मिश्रा व दिनेश ने संभाली।

# केबिल हटा रहे युवक की करंट लगने से हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



अमृत विचार। दुकान के बाहर पड़े टीन शेड के ऊपर निकले केबिल हटाते समय करंट की चपेट में आने से युवक की जान चली गई। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव के मजरा पूरनखेड़ा निवासी शैलेंद्र सिंह पटेल (35) वर्तमान में बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के ओसियां गांव के पास कैंची मोड़ पर मकान बनवाकर रहता था। घर के बाहर बनी दुकान में वह व्हील एलाइंमेंट का कार्य करता था। बगल में ही भाई दीपू स्पेयर पार्ट्स की दुकान किए है। बताते हैं कि दुकान के बाहर लगे टीन शेड पर घर में गए विद्युत केबिल लटककर छू रहा था। इस पर शुक्रवार सुबह वह केबिल को नंगे पैर से हटा रहा था। तभी वह करंट केबिल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। बताते हैं कि दो लोग उसकी मदद कर रहे थे। लेकिन जूते पहने होने से उन्हें हल्का झटका लगा। लेकिन शैलेंद्र करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया।

कार्यक्रम

मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा को मिला मौका

# एक दिन की एसडीएम दीक्षा ने सुनीं जन समस्याएं

सफीपुर उन्नाव


एसडीएम की कुर्सी पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनती दीक्षा। • अमृत विचार

अमृत विचार। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कस्बा के दुबियाना मोहल्ला निवासी व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 11 की छात्रा दीक्षा चौरसिया ने शुक्रवार को एक दिन की एसडीएम बनकर प्रशासनिक व न्यायिक कार्यों का अनुभव लिया।

दीक्षा ने तहसील कार्यालय पहुंचकर विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से बात की। ग्राम पंचायत में गंदगी की शिकायत पर उन्होंने बीडीओ श्वेता त्रिपाठी को फोन कर सफाई कराकर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। कार्यालय में आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं। निहालपुर निवासी रामबाबू ने 150 वर्ष पुराने मंदिर तक मार्ग न होने की शिकायत की। जिस पर लेखपाल विकास वर्मा को जांच के आदेश दिए। बम्हना की हर्षिता गुप्ता ने जन्म प्रमाणपत्र न बनने की समस्या बताई। नया खेड़ा निवासी तारावती ने राशन कार्ड बनवाने का प्रार्थनापत्र सौंपा। पेसारी के राजपाल ने खेत की पैमाइश कराने की मांग की। इसी तरह गुमारिहा निवासी रंजना ने पशु बांधने को लेकर गांव में हो रहे विवाद की शिकायत की। दीक्षा ने तहसीलदार कार्यालय, संग्रह व भूलेख विभाग व नायब तहसीलदार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संग्रह विभाग के माल बाबू रूही आलम व भूलेख विभाग के आरआई छोटे लाल व रामशंकर से वार्ता की।

### बाइक सवार जीजा-साले घायल, रेफर

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के दशगवां गांव निवासी अवधेश (26) पुत्र राम औतार आसीवन थानाक्षेत्र के बक्शखेड़ा गांव स्थित ससुराल आया था। गुरुवार को वह साले मुकेश (24) पुत्र रामकुमार के साथ बाइक से हुलासी कुआं तकिया मार्ग पर घूमने निकला था। देरशाम जब वह वापस गांव लौट रहा था तभी तकिया गांव के पास अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मार कर भाग निकला। हादसे में जीजा-साले घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां दोनो की गंभीर हालत देख प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों को बांटी गईं दवाएं

औरास उन्नाव, अमृत विचार। सीएचसी औरास परिसर में अधीक्षक डॉ. अनूप तिवारी ने मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख ज्ञानेंद्र सिंह व सीएचसी में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी सरला देवी की अध्यक्षता में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का आयोजन कराया। इसमें मुख्यतः पंजीकरण काउंटर, एनसीडी काउंटर, किशोरी काउंटर, आयुष्मान कार्ड काउंटर, आभा आईडी काउंटर, फैमिली जॉइंट काउंटर, महिला काउंटर, जनरल चिकित्सकीय काउंटर, मानसिक व वृद्धावस्था और टीवी काउंटर लगाए गए। जिसमें 741 मरीजों को दवाएं बांटी गईं। इस दौरान डॉ. सुमित कुमार, डॉ. चंद्रकुमारी, डॉ. इम्तियाज अली, डॉ. शोएब अली, फार्मासिस्ट संजेय गुप्ता, प्रेम कुमार, शिशिर आदि मौजूद रहे।


महिला कर्मचारी को सम्मानित करते पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार।

### सिद्ध पीठ में सोमवार को होगा भंडारा

फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार। क्षेत्र के गांव लोनारपुर स्थित माता भुवनेश्वरी सिद्ध पीठ में माता को कालरात्रि के रूप में पूजा जाता है। जिसके चलते नवरात्र की सप्तमी को माता का पूजन हवन व भंडारा होता है। पीठ के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि इस वर्ष सप्तमी तिथि को लेकर क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य में मतभेद है। क्षेत्र में कुछ आचार्य 28 सितंबर रविवार को सप्तमी मान रहे हैं जबकि कुछ 29 सितंबर सोमवार को प्रधानता दे रहे हैं। सोमवार 29 सितंबर को उदया तिथि की सप्तमी को प्रधानता दी गई है। इसलिए सोमवार को ही सिद्ध पीठ में माता का श्रृंगार, पूजन, हवन व कन्याभोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित होगा।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,426.46 | 24,654.70 |
| गिरावट | 733.22 | 236.15 |
| प्रतिशत में | 0.90 | 0.95 |

सोना : 1,17,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,41,900 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 27 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 702.57 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। एक सप्ताह पहले कुल भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक के अनुसार, 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 86.4 अरब डॉलर घटकर 586.15 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।

### व्हाट्सएप की याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने मेटा प्लेटफॉर्म्स और व्हाट्सऐप की अपीलों पर सुनवाई पूरी कर ली है और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इन अपीलों में 2021 अद्यतन व्हाट्सएप गोपनीयता नीति के लिए सोशल मीडिया दिग्गज पर सीसीआई के जुर्माने को चुनौती दी गई थी। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) अरुण बरोका की एनसीएलएटी पीठ ने सभी पक्षों को छह अक्टूबर तक लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, सभी पक्ष छह अक्टूबर, 2025 तक अधिकतम दस पेज की संक्षिप्त दलीलें दाखिल करें।

### अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया चार पैसे मजबूत

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 पर बंद हुआ। विश्व की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने तथा वैश्विक कच्चेतेल के मूल्य में आई गिरावट के कारण रुपये में यह सुधार आया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा में तेज वृद्धि पर अंकुश लगाया।

# भारत-रूस के कारोबारी रिश्तों को उड़ान, यूपी अहम किरदार

## ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन हुआ भारत-रूस बिजनेस डायलॉग

- **30 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य में उत्तर प्रदेश निभाएगा अहम भूमिका : राकेश सचान**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा



यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रूस के साथ बिजनेस डॉयलॉग बैठक में विदेशी निवेशकों का स्वागत करते मंत्री राकेश सचान।

अमृत विचार। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के दूसरे दिन शुक्रवार को आयोजित भारत-रूस बिजनेस डायलॉग में प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते नई ऊंचाई पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि भारत ने वर्ष 2025 तक रूस के साथ व्यापार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है, और इसमें उत्तर प्रदेश अहम भूमिका निभाएगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सचान ने कहा कि यूपी में 90 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं, जो 15 प्रतिशत आबादी को रोजगार देती हैं। 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' योजना ने प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई है।

सचान ने कहा कि भारत-रूस संबंध दशकों पुराने हैं। कभी भारत के औद्योगिकीकरण में मदद करने वाले रूस के साथ आज हमारी साझेदारी रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष सहित अनेक क्षेत्रों में रणनीतिक स्तर तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत ने 2025 तक रूस के साथ द्विपक्षीय व्यापार को 30 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है और यह लक्ष्य अवश्य हासिल होगा।

**निवेशकों के लिए सुनहरा अवसर :** सचान ने कहा कि 25 करोड़ से अधिक आबादी वाला उत्तर प्रदेश विशाल बाजार है। यहां निवेशकों को उत्पादन और उपभोग दोनों स्तर पर मजबूत अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने रूस से आग्रह किया कि वह अपनी उन्नत तकनीक से प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में सहयोग करे। इसके पहले कार्यक्रम की शुरूआत अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने किया। इस मौके पर इनवेस्ट यूपी पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। संचालन रूस की उपप्रमुख (आर्थिक विभाग) ज्लाटा अंटुशेवा ने किया और स्वागत भाषण उप व्यापार आयुक्त डॉ. इवगेनी जेंचेंको ने दिया।

### कारोबारी रिश्तों को नया आयाम : रूस

रूस की प्रतिनिधि ज्लाटा अंटुशेवा ने कहा कि भविष्य में दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक डॉ. अजय सहाय ने कहा कि व्यापार के साथ-साथ शिपिंग रूट और बीमा जैसे क्षेत्रों में भी दोनों देशों के सहयोग की संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी विवेक अग्रवाल ने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो भारत-रूस रिश्तों के लिहाज से एक महत्वपूर्ण आयोजन है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब 'उत्तम प्रदेश' बन चुका है और यहां निवेश की अपार संभावनाएं हैं। पैरामाउंट कम्युनिकेशन के प्रबंध निदेशक संदीप अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस एक-दूसरे के भरोसेमंद साथी हैं। ऊर्जा, रक्षा, दूरसंचार और औषधि क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी और आगे बढ़ेगी। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के विशाल ढींगरा ने एमएसएमई क्षेत्र में सहयोग की उम्मीद जताई।

## युवाओं में दिखा जोश, उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ग्रेटर नोएडा

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW 3rd Edition

- युवाओं की संख्या : 1500
- व्यापारिक पूछताछ : 2000 से अधिक
- आकर्षण : ओसियान इंटरप्राइजेज (125 से अधिक युवाओं की रुचि)
- मेन स्टॉल : क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह, कोशिश समाधान
- नव उद्यम : डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी (यूपीआईटीएस-2025) का दूसरा दिन युवाओं की उमंग और नए अवसरों की तलाश का गवाह बना। मुख्यमंत्री युवा संवाद के तहत हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी में पहुंचकर न केवल नवीन उद्योगों और उद्यमिता से जुड़े विचारों को जाना, बल्कि बड़ी संख्या में व्यापारिक पूछताछ भी दर्ज कराई। मुख्यमंत्री युवा संवाद का दूसरा दिन इस बात का प्रतीक बना कि प्रदेश का युवा अब अवसरों को पहचानकर उन्हें साधने के लिए तैयार है। उत्साह, जिज्ञासा और नवाचार से भरी यह भीड़ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक ठोस कदम है। आयोजन ने साबित कर दिया है कि योगी सरकार की पहल युवाओं के आत्मविश्वास को नई दिशा दे रही है। लखनऊ, बरेली, कानपुर, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, गौतमबुद्ध नगर, मैनपुरी और मथुरा से आए करीब 700 और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से 1500 युवा प्रदर्शनी में आए। सभी स्टॉलों पर मिलाकर युवाओं ने दो हजार से अधिक व्यापारिक पूछताछ की। खासकर ओसियान इंटरप्राइजेज के उपहार सामग्री वाले स्टॉल पर 125 से अधिक छात्रों ने गहरी रुचि दिखाई। वहीं क्यूटीएम, ग्रिप इंटरनेशनल, प्रॉस्पर समूह और कोशिश सस्टेनेबल समाधान जैसे मशीनरी आपूर्तिकर्ता स्टॉलों पर भी जबरदस्त भीड़ रही। कॉनक्लेव के दौरान 20 से अधिक बी-टू-बी मीटिंग्स आयोजित हुईं। इसके साथ ही डॉ. गैराज, मिस्टर सैंडविच, धोबीलाइट, अर्द्धसैनिक कैंटीन और अमूल इंडिया जैसे स्टार्टअप्स व ब्रांड्स ने छात्रों को अपने बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए।

## भारत-ईयू के बीच एफटीए को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिबद्ध है इटली

न्यूयॉर्क, एजेंसी


वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ इटली के उपप्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी।

इटली के उप प्रधानमंत्री एंतोनियो तजानी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की और भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के प्रति उनके देश की प्रतिबद्धता दोहराई। तजानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बैठक को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत की यात्रा करेंगे।

उन्होंने लिखा, न्यूयॉर्क में मैंने भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इटली व भारत के बीच रणनीतिक, राजनीतिक एवं आर्थिक साझेदारी है। हम आगामी महीनों में मेरी भारत यात्रा के साथ इसे और मजबूत करना चाहते हैं। कहा, मैंने मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए इटली के समर्थन की पुष्टि भी की। ईयू भारत का दूसरा सबसे बड़ा साझेदार है।

## आरबीआई ने मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान को बनाया सरल

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को बैंकों के मृत ग्राहकों के खातों और लॉकर से संबंधित दावों का 15 दिनों के भीतर निपटान करने के लिए संशोधित मानदंड जारी किए। रिजर्व बैंक ने कहा कि निपटान में देरी होने पर नॉमिनी यानी नामित व्यक्तियों को मुआवजा देने का प्रावधान किया गया है। संशोधित निर्देशों का उद्देश्य मृत ग्राहकों से संबंधित दावों के निपटान में बैंकों की गतिविधियों को सरल बनाना है। इसमें ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए दस्तावेजीकरण को भी मानकीकृत किया गया है।

## दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से सहमा बाजार

मुंबई, एजेंसी



अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली होने से स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक व निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक यानी 0.90 प्रतिशत टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 236.15 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

### समझौते को जल्द पूरा करने के लिए वार्ता जारी

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा, "दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया। बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की।



# महिलाएं तय करें कि राजद व उसके सहयोगी सत्ता में न लौटें

## प्रधानमंत्री ने बिहार की महिलाओं को किया संबोधित, कहा- इनके शासनकाल में भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं

पटना, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसके शासनकाल में बिहार की महिलाओं को भारी तकलीफें झेलनी पड़ीं। साथ ही उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली पार्टी और उसके सहयोगी दल राज्य में दोबारा सत्ता में न लौट सकें।

प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत के अवसर पर बिहार की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। इस योजना के तहत राज्य की 75 लाख महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के लिए 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। प्रधानमंत्री ने कहा, नवरात्रि के पावन अवसर पर महिलाओं का आशीर्वाद मेरे लिए बड़ी शक्ति है। आज से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की शुरुआत हुई है। अब तक 75 लाख बहनें इस योजना से जुड़ चुकी हैं और सभी के खातों में 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, जब कोई बहन या बेटी रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ती है, तो उसके सपनों को पंख लगते हैं और समाज में उसका सम्मान भी बढ़ता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर जनधन योजना का भी उल्लेख किया और कहा कि यदि महिलाओं के बैंक खाते न खोले गए होते, तो यह राशि सीधे उनके खातों में नहीं पहुंच पाती। पूर्ववर्ती सरकारों पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पहले एक प्रधानमंत्री कहा करते थे कि दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता है, तो जमीन पर सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं और 85 पैसे कोई पंजा मार लेता है। लेकिन आज जो 10-10 हजार रुपये भेजे गए हैं, उन्हें कोई लूट नहीं सकता। उन्होंने कहा, इस योजना से केंद्र सरकार के 'लखपति दीदी अभियान' को भी नई ताकत मिली है। अब तक दो करोड़ से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं और हमारा लक्ष्य तीन करोड़ तक पहुंचने का है। मुझे उम्मीद है कि सबसे अधिक 'लखपति दीदी' बिहार से बनेंगी। महिला सशक्तीकरण पर प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमारी बेटियां बड़ी संख्या में सेना और पुलिस बलों में शामिल हो रही हैं। वे लड़ाकू विमान भी उड़ा रही हैं- यह हर महिला के लिए गर्व की बात है।

### दो लाख तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण देंगे

प्रधानमंत्री ने राजद सरकार के कार्यकाल की आलोचना करते हुए कहा, लेकिन हमें वे दिन भी नहीं भूलने हैं, जब बिहार में राजद का शासन था। लाल टेन (राजद का चुनाव चिह्न) का राज था, उस दौरान अराजकता और भ्रष्टाचार की सबसे ज्यादा मार मेरी बिहार की माताओं-बहनों ने झेली। वो दिन जब बिहार की बड़ी-बड़ी सड़कें टूटी-फूटी होती थीं, पुल-पुलिया का नाम नहीं था। इन हालातों में सबसे अधिक तकलीफ हमारी माताओं-बहनों को ही उठानी पड़ी। मोदी ने महिलाओं से आग्रह किया, ये प्रण भी करना है कि माताएं-बहने अब बिहार को फिर कभी, उस अंधेरे में नहीं जाने देंगी, अपने बच्चों को बर्बाद होने से बचाने का यही रास्ता है। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने महिलाओं को कठिन परिस्थितियों से निकालने के लिए दिन-रात मेहनत की है। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को भविष्य में दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता और उद्यमिता कौशल का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा, आज आपके दो भाई, नीतीश और मोदी मिलकर आपकी समृद्धि और स्वाभिमान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आज का यह कार्यक्रम भी इसी का उदाहरण है।

## हिंदी दिवस कार्यक्रम के विरोध में होटल में घुसे कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्य गिरफ्तार

- **गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने हिंदी प्रचार सभा की थी आयोजित**

बेंगलुरु, एजेंसी


हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का विरोध करते कन्नड़ समर्थक।

बेंगलुरु में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के विरोध में एक पांच-सितारा होटल में जबरन घुसने और हंगामा करने के आरोप में एक कन्नड़ समर्थक संगठन के 41 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके बाद कर्नाटक रक्षण वेदिके (केआरवी) ने शनिवार से राज्य के सभी 31 जिलों में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जिसमें मांग की गई है कि उनके कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मामले वापस लिए जाएं और उन्हें रिहा किया जाए।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय की राजभाषा समिति ने होटल में एक हिंदी प्रचार सभा आयोजित की थी, जिसमें छह संसद सदस्यों ने भाग लिया था, तभी बृहस्पतिवार को कन्नड़ समर्थक संगठन के सदस्य होटल में घुस आए। कार्यक्रम के खिलाफ नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह बैठक गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास है। पुलिस के एक बयान के अनुसार, संसदीय राजभाषा समिति ने 23 से 25 सितंबर तक यहां रेसकोर्स रोड स्थित होटल में एक कार्यक्रम आयोजित किया था। इसके अंतिम दिन कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे शुरू हुआ। बैठक के अंतिम दिन सत्र सुबह 9.30 बजे शुरू हुआ। इसमें कहा गया है, सुबह लगभग 10:45 से 11 बजे के बीच एक संगठन के लगभग 30 से 40 सदस्य बैठक के एजेंडे के विरोध में अवैध रूप से आयोजन स्थल में घुस आए और उन्होंने उपस्थित सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डाली तथा हंगामा किया।

## आर्यन के खिलाफ समीर वानखेड़े की याचिका पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- **दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी से पूछे सवाल**

दिल्ली हाईकोर्ट ने आईआरएस अधिकारी एवं एनसीबी के पूर्व जोनल निदेशक समीर वानखेड़े से शुक्रवार को सवाल किया कि अभिनेता शाहरुख खान व उनकी पत्नी गौरी खान के स्वामित्व वाली 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' और 'नेटफ्लिक्स' के खिलाफ मानहानि याचिका कैसे विचारणीय है। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर सवाल भी खड़े किए।

वानखेड़े ने इन कंपनियों पर वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिये उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव नेवानखेड़े के वकील से पूछा कि दिल्ली में यह याचिका कैसे विचारणीय है। अदालत ने कहा, 'आपकी याचिका दिल्ली में विचारणीय नहीं है। यदि आपका मामला यह होता कि दिल्ली समेत विभिन्न स्थानों पर आपकी मानहानि हुई है और सबसे अधिक नुकसान दिल्ली में हुआ है, तो भी हम इस मामले पर दिल्ली में ही विचार करते। वानखेड़े का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि वेब सीरीज दिल्ली समेत विभिन्न शहरों में प्रसारित की जा रही है और इसमें अधिकारी को बदनाम किया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह याचिका में तदनुसार संशोधन करेंगे।

## चेक बाउंस के लंबित मामलों में कमी लाने को बदले नियम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **उच्चतम न्यायालय ने लंबित मामलों पर व्यक्त की चिंता**



प्रमुख शहरों की जिला अदालतों में बहुत अधिक संख्या में चेक बाउंस के मामलों के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कम करने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें स्वैच्छिक समझौता और आरोपियों की परिवीक्षा (प्रोबेशन) पर रिहाई शामिल है।

न्यायमूर्ति मनमोहन और एनवी अंजारिया की पीठ ने, चेक बाउंस मामलों की सुनवाई करते हुए जहां मुंबई हाईकोर्ट ने जिला अदालतों के समान निष्कर्ष को पलटते हुए आरोपियों को रिहा कर दिया था परक्राम्य लिखत (एनआई) अधिनियम के तहत अपराधों के शमन/समझौते से संबंधित 15 साल पुराने दिशा-निर्देशों में बदलाव किया। खंडपीठ ने कहा कि यह न्यायालय इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेता है कि विभिन्न निर्णयों में इस अदालत द्वारा बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद भारत के प्रमुख महानगरों के जिला न्यायालयों में एनआई अधिनियम के तहत चेक बाउंस के लंबित मामलों की संख्या अब भी बहुत अधिक बनी हुई है। राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड के आंकड़ों का हवाला देते हुए खंडपीठ ने कहा कि एक सितंबर तक दिल्ली की जिला अदालतों में एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत लंबित मामले 6,50,283 थे, मुंबई जिला अदालतों में 1,17,190 और कलकत्ता जिला अदालतों में 2,65,985 थे।

### तिरुपति लड्डू विवाद: हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सीबीआई के निदेशक द्वारा शीर्ष अदालत द्वारा गठित एसआईटी से बाहर के एक अधिकारी को प्रसिद्ध तिरुमला तिरुपति मंदिर के 'लड्डू प्रसादम' में इस्तेमाल होने वाले घी में मिलावट की जांच करने की अनुमति देने को न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन बताया गया था। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रसादम तैयार करने में इस्तेमाल किये जा रहे 'मिलावटी घी' की जांच करते समय सीबीआई निदेशक ने शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन किया। निदेशक की याचिका पर राहत प्रदान करते हुए सीजेआई गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि इस जांच की निगरानी जांच एजेंसी के प्रमुख स्वयं कर रहे हैं, ऐसे में अगर विशेष अधिकारी को जांच में सहयोग को कहा जाता है, तो उसमें कुछ गलत नहीं है।

### रुश्दी की किताब पर प्रतिबंध के लिए दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने सलमान रुश्दी के विवादास्पद उपन्यास द सैटेनिक वर्सेज पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। यह याचिका न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले साल नवंबर के आदेश का हवाला दिया। उच्च न्यायालय ने 1988 में तत्कालीन राजीव गांधी सरकार द्वारा 'द सैटेनिक वर्सेज' के आयात पर प्रतिबंध लगाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई बंद कर दी थी और कहा था कि चूंकि अधिकारी संबंधित अधिसूचना पेश करने में विफल रहे हैं, इसलिए यह मान लेना चाहिए कि वह (अधिसूचना) है ही नहीं।

## बाढ़ प्रभावित राज्यों के 27 लाख किसानों को 540 करोड़ रुपये दिए

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बाढ़ प्रभावित राज्यों - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के 27 लाख किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया था। इस योजना के तहत, डीबीटी से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की। यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई, जो हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। तीनों राज्यों के लगभग 2.7 लाख महिला किसानों सहित 27 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में कुल 540 करोड़ से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। केंद्र ने हिमाचल के 8,01,045 किसानों को 160.21 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए। पंजाब के 11,09,895 किसानों को 221.98 करोड़ रुपये मिले, जबकि उत्तराखंड के 7,89,128 किसानों को 157.83 करोड़ रुपये मिले।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### नेपाल में आया मध्यम तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल के रामेछाप जिले में शुक्रवार को रिक्टर पैमाने पर चार तीव्रता वाला भूकंप महसूस आया। भूकंप से हालांकि किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, अपराह्न दो बजकर 14 मिनट पर आए भूकंप का केंद्र काठमांडू से लगभग 150 किलोमीटर पूर्व में रामेछाप जिले के वटैली क्षेत्र में स्थित था। इससे पहले 17 अगस्त को भी इसी जिले में रिक्टर पैमाने पर चार की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

### पाकिस्तान : हादसे में एक ही परिवार के 11 की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा बृहस्पतिवार देर रात डेरा इस्माइल खान जिले में उस समय हुआ, जब वाहन ब्रेक फेल हो जाने के कारण खाई में गिर गया। वाहन झोब जिले से डेरा इस्माइल खान को ओर जा रहा था। बचाव अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल से पांच महिला, एक पुरुष और एक बच्चे के शव समेत सात शव बरामद किए गए। तीन घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया।

### टिकटॉक को अमेरिकी स्वामित्व की मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार सोशल मीडिया मंच 'टिकटॉक' को अमेरिका में, यहां के कानूनों द्वारा तय की गई राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को पूरा करते हुए संचालन जारी रखने की अनुमति होगी। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल एक कानून पारित किया था, जिसमें चीनी कंपनी 'बाइटडांस' को निर्देश दिया गया था कि वह 'टिकटॉक' की संपत्तियां अमेरिकी कंपनी को बेच दे नहीं तो ऐप पर पूरे देश में प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इसे मंजूरी दे दी है।

### मिस्र में आग लगने से आठ लोगों की मौत

**काहिरा।** मिस्र के नील डेल्टा क्षेत्र में शुक्रवार तड़के आग लगने से एक इमारत आंशिक रूप से ढह गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 29 अन्य घायल हो गए। गवर्नर के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गरबिया प्रांत के कपड़ा निर्माण के लिए प्रसिद्ध एल-महल्ला शहर में एक रंगाई इकाई की दूसरी मंजिल पर बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण बॉयलर फट गया और आग लग गई। इस वजह से इमारत आंशिक रूप से ढह गई।

## ब्रिटेन में काम पाने के लिए लोगों को दिखाना होगा डिजिटल पहचान पत्र

लंदन, एजेंसी

- अवैध आव्रजन रोकने के लिए नई व्यवस्था लागू करेगी सरकार

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने देश में अवैध रूप से काम करने वाले लोगों पर नकेल कसने के उद्देश्य से डिजिटल पहचान पत्र को अनिवार्य बनाने की अपनी योजना से शुक्रवार को पर्दा उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल पहचान पत्र के बिना कोई भी व्यक्ति ब्रिटेन में रोजगार हासिल नहीं कर सकेगा।

ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यह पहचान पत्र ब्रिटेन के सभी नागरिकों और वैध निवासियों के लिए उपलब्ध होगा। उसने दावा किया कि इससे पहचान की पुष्टि के लिए दस्तावेजों के सत्यापन की जटिल प्रक्रिया से मुक्ति मिलेगी, समय की बचत होगी और कल्याणकारी योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

दस डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास और कार्यालय) ने दुनिया के अन्य देशों में लागू इसी तरह की योजनाओं का जिक्र करते हुए भारत का उदाहरण दिया। उसने बताया कि भारत में किस तरह आधार कार्ड ने कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में धोखाधड़ी और विसंगतियों को कम करके हर साल लगभग 10 अरब अमेरिकी डॉलर की बचत करने में सरकार की मदद की है।

## दवाओं पर ट्रंप का टैरिफ

### भारतीय कंपनियों पर होगा सर्वाधिक असर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंट प्राप्त दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है जिससे सबसे अधिक भारतीय कंपनियों के प्रभावित होने की आशंका है। ट्रंप ने गुरुवार को एक पोस्ट में लिखा कि 1 अक्टूबर से सभी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा। इससे सिर्फ उन्हीं कंपनियों को छूट मिलेगी जो अमेरिका में अपनी फैक्टरी लगा रही हैं। ट्रंप ने यह भी साफ किया है कि फैक्टरी लगाने से उनका आशय यह है कि यह है कि उन्होंने अमेरिका में अपनी फैक्टरी का शिलान्यस कर दिया है या फैक्टरी निर्माणाधीन है। ट्रंप के इस नए फैसले का सबसे ज्यादा असर भारतीय फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों पर पड़ने की उम्मीद है, इससे बड़े पैमाने पर नौकरियां जाने की भी आशंका जताई जा रही है। भारत से फिलहाल अमेरिका को करीब एक हजार करोड़ डॉलर की दवाओं का निर्यात होता है।



### भारत से दवाओं का निर्यात

- भारतीय कंपनियां अमेरिका को जेनरिक दवाओं का बड़े पैमाने पर निर्यात करती हैं जो वहां सस्ती दवाओं का प्रमुख स्रोत है।
- वित्त वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को निर्यात 21.09 प्रतिशत वृद्धि के साथ 978.39 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था।
- पिछले साल फिक्की की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जेनरिक दवाओं की 40 प्रतिशत आपूर्ति भारतीय कंपनियां करती हैं।
- भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 30.47 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया था। इसमें 31% अमेरिका को किया गया था।
- अमेरिका के अलावा ब्रिटेन की कुल दवाओं की मांग में से 25 प्रतिशत की आपूर्ति भारत कंपनियों की ओर से की जाती है।

### क्या होगा भारतीय कंपनियों पर असर

- भारत में करीब 3,000 दवा निर्माता और 10,000 से अधिक छोटी-बड़ी फार्मा इकाई हैं।
- इनमें लगभग 600-650 कंपनियों के पास अमेरिका को निर्यात करने का लाइसेंस है।
- इन कंपनियों की कॉस्ट प्रतिस्पर्धा खत्म हो जाएगी क्योंकि उनकी काफी दवाएं सस्ती हैं।
- सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, सिप्ला जैसी कपनियों की 35% तक अमेरिका से आय होती है।
- इसके अलावा छोटी और मझोली कंपनियों के दौड़ से पूरी तरह बाहर होने की आशंका है।

### भारत में नौकरियों पर प्रभाव

- भारतीय फार्मा इंडस्ट्री में 3 लाख लोग सीधे और 27 लाख अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। 50 से 75 हजार सीधे और डेढ़ लाख तक अन्य रोजगार पर असर पड़ने का अनुमान।

### अमेरिका पर असर

- अमेरिका में हेल्थ केयर का खर्च काफी ज्यादा है और दवाओं की कीमतें पहले से विवादित हैं।
- भारतीय दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ से जेनेरिक दवाओं की कीमतें दोगुनी तक हो जाएंगी।
- इससे मध्यमवर्गीय अमेरिकियों का खर्च असहनीय हो जाएगा, बीमा कंपनियों पर बोझ बढ़ेगा।
- राजनीतिक रूप से ट्रंप को आलोचना झेलनी पड़ेगी क्योंकि वहां जनता सस्ती दवाएं चाहती है।

### यहां भी हमला

- भारी ट्रकों पर 25, किचन कैबिनेट, बाथरूम वैनिटी पर भी 50-50% टैरिफ लगाया है।
- अपहोल्सटर फर्नीचरों पर भी 30% आयात शुल्क लगाने की घोषणा की गई है।
- पहले भारतीय उत्पादों पर 25% टैरिफ लगाया था जिसे बाद में 50% कर दिया गया।

### टैरिफ वार के कारण

- ट्रंप ने शुरू में भारत पर अमेरिकी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाने का आरोप लगाया था।
- रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया गया।

# यूएन में नेतन्याहू ने दिखाए तेवर, बोले- गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करके रहेंगे

## हल्के शोर-शराबे के बीच दिया भाषण, कई देशों के प्रतिनिधियों ने किया सामूहिक रूप से बायकॉट

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि इजराइल को गाजा में हमास के खिलाफ काम खत्म करना ही होगा। उन्होंने गाजा में विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने से इन्कार पर बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद संयुक्त राष्ट्र में एक मुखर भाषण दिया। शुक्रवार को जब वह भाषण देने ही वाले थे, तब कई देशों के प्रतिनिधि संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल से सामूहिक रूप से बाहर चले गए।

जैसे ही इजराइली नेता ने बोलना शुरू किया, हॉल में हल्का शोर सुनाई दे रहा था। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल वहीं रुका रहा, जिसने हमास के खिलाफ नेतन्याहू के अभियान में उनका समर्थन किया था। जैसे ही उन्होंने अपना भाषण शुरू किया, कुछ लोगों ने तालियां भी बजाईं। जैसा कि नेतन्याहू अक्सर अतीत में करते आए हैं, उन्होंने एक दृश्य दिखाया जिसमें क्षेत्र का एक नक्शा था जिसका शीर्षक था 'द कर्स' यानी अभिशाप। उन्होंने उस पर एक बड़े मार्कर से निशान लगा रखे थे। वह मंच पर चढ़ते समय विशेष पिन पहने हुए थे जिस पर क्यूआर कोड लगा था। प्रधानमंत्री के प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों, मंत्रियों और उनके साथ आए लोगों ने भी वही पिन लगाए हुए थे।

नेतन्याहू ने क्षेत्र में अपने राजनीतिक और सैन्य दृष्टिकोण में अपने प्रमुख सहयोगी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी बार-बार प्रशंसा की। नेतन्याहू को अंतरराष्ट्रीय अलगाव, युद्ध अपराधों के आरोपों और उस संघर्ष को समाप्त करने के बढ़ते दबाव का सामना करना पड़ रहा है जिसे उन्होंने लगातार बढ़ाया है। शुक्रवार का भाषण उनके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिक्रिया देने का एक मौका था।



संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

### सीमा पर लगा दिए लाउडस्पीकर ताकि गाजा के लोग भी सुन सकें नेतन्याहू का भाषण

पश्चिम एशिया में इजराइली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रही है कि गाजा वासी और अन्य लोग नेतन्याहू की बात सुनें। सेना ने इजराइल-गाजा सीमा पर लाउडस्पीकर लगा दिए थे ताकि नेतन्याहू का भाषण सुनाई दे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह भी कहा था कि एक अभूतपूर्व अभियान में इजराइली सेना गाजा के निवासियों और हमास सदस्यों के मोबाइल फोन अपने कब्जे में लेगी और उनके भाषण का इन मोबाइल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ऐसा हो पाया और किस हद तक हो पाया।

### ट्रंप का एलान- इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे

- अरब नेताओं से वार्ता के बाद बदला रुख, बोले- गाजा पर समझौता जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्जा नहीं करने देंगे। उन्होंने बृहस्पतिवार को ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा, मैं इजराइल को वेस्ट बैंक पर कब्ज़ा करने की इजाजत नहीं दूंगा। ऐसा नहीं होगा। हाल के वक्त में इजराइल का वेस्ट बैंक पर कब्जे की संभावना की बात सामने आई है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बेंजामिन नेतन्याहू से बात की है और वह कब्जे की इजाजत नहीं देंगे। उन्होंने कहा, बस बहुत हो गया। गाजा पर समझौता जल्द होगा। गाजा की तरह वेस्ट बैंक पर भी फिलिस्तीनी प्राधिकारियों का शासन है। ट्रंप को गाजा में लंबे युद्ध के कारण अरब देशों के नेताओं के दबाव का सामना करना पड़ा है। संयुक्त अरब अमीरात ने चेतावनी दी है कि कब्जे संबंधी इजराइल का कोई भी कदम लक्ष्मण रेखा लांघने जैसा होगा। इजराइल का 1967 से वेस्ट बैंक, पूर्वी यरुशलम और गाजा पट्टी पर दखल है। फिलिस्तीनी चाहते हैं कि इन क्षेत्रों को मिलकर उनके देश का निर्माण हो।

### संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल की सहयोगी 68 कंपनियों को काली सूची में डाला

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इजराइली बस्तियों के साथ व्यापारिक संबंधों के जरिये फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों के उल्लंघन में संलिप्तता को लेकर 68 और कंपनियों को शुक्रवार को काली सूची में डाल दिया। काली सूची में उन कंपनियों को शामिल किया गया है, जो वेस्ट बैंक में ज्यादातर लोगों की ओर से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध मानी जानी वाली इजराइली बस्तियों को सहयोग एवं सहायता प्रदान करती हैं। इनमें निर्माण सामग्री और खुदाई मशीनों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों से लेकर सुरक्षा, यात्रा और वित्तीय सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां शामिल हैं। 'डेटाबेस ऑफ कंपनी' नाम की इस सूची में अब कुल 158 कंपनियां हैं, जिनमें से ज्यादातर इजराइल की हैं।

## आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया हो एकजुट : भारत

संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र मंत्रिस्तरीय बैठक में शून्य सहिष्णुता का दृष्टिकोण दोहराया


भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई में दुनिया के एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया है। भारत ने आतंकवाद पीड़ितों के मित्र समूह की छठी मंत्रिस्तरीय बैठक में सीमा पार आतंकवाद के संकट का उल्लेख किया और आतंकवाद के प्रति अपने शून्य सहिष्णुता वाले दृष्टिकोण को दोहराया है।

सचिव 'पश्चिम राजदूत' सिबी जॉर्ज ने इस बैठक में भारत का पक्ष रखा। उन्होंने सार्वजनिक सेवा वितरण में जवाबदेही, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने, नागरिकों के बीच विश्वास, सामाजिक सामंजस्य एवं स्थायी शांति को बढ़ावा देने के लिए जन-केंद्रित तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने पर जोर देते हुए कहा कि समूचा विश्व एक परिवार की तरह है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि शांति निर्माण कार्य मांग-आधारित और राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी की मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। राजदूत जॉर्ज ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत इस एजेंसी का एक विश्वसनीय साझेदार है, और वह इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़ा रहेगा।

इसके अलावा, उन्होंने यूरोपीय संघ की 'बाह्य कार्रवाई सेवा' की महासचिव सुश्री बेलेन मार्टिनेज़ कार्बोनेल से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को मजबूत करने और वैश्विक एवं क्षेत्रीय विकास पर विचारों के आदान-प्रदान पर व्यापक चर्चा की।

### एफबीआई के पूर्व निदेशक कॉमी पर संसद में झूठ बोलने और कार्यवाही बाधित करने के आरोप में मामला दर्ज



**वाशिंगटन।** एफबीआई के पूर्व निदेशक जेम्स कॉमी पर झूठा बयान देने और कांग्रेस की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अटॉर्नी जनरल से कॉमी और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर अभियोजन कार्रवाई शुरू करने का आग्रह के कुछ दिनों बाद यह मामला दर्ज किया गया है। एफबीआई के पूर्व निदेशक के खिलाफ मामला दर्ज होने के कुछ ही मिनटों बाद उनके दामाद ट्रॉय एडवर्ड्स ने संघीय अभियोजक के पद से इस्तीफा दे दिया। एडवर्ड्स ने इस्तीफे में लिखा कि उन्होंने संविधान और देश के प्रति अपनी शपथ निभाने के लिए नौकरी छोड़ी है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए इसे अमेरिका के लिए न्याय बताया। ट्रंप की करीबी मानी जाने वाली अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी और एफबीआई निदेशक काश पटेल ने भी इस कार्रवाई का समर्थन किया। कॉमी ने आरोप लगने के बाद एक वीडियो में कहा, मुझे अदालतों पर पूरा भरोसा है, मैं बेगुनाह हूं। अब अदालत में ही बात करेंगे।

## परमाणु क्षमता बढ़ाने की दिशा में भारत के काम की सराहना

मास्को, एजेंसी



- विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक ने कहा- दुनिया भारत को देख रही

विश्व परमाणु संघ की महानिदेशक समा बिलबाओ लियोन ने विश्व परमाणु सप्ताह समारोह में कहा कि भारत स्वदेशी कार्यक्रम के साथ परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चीन, भारत और एशियाई देशों में परमाणु ऊर्जा का अच्छा विकास हुआ है।

यह समारोह रूसी परमाणु उद्योग की 80वीं वर्षगांठ को समर्पित है। लियोन ने कहा कि कई देश आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने 2047 तक भारत के 100 गीगावाट के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के पास बहुत बड़ा काम है और सभी का ध्यान इसी पर है कि इसे कैसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने नीतिगत विकास पर कहा कि भारत को परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन करने की जरूरत है। लियोन ने परमाणु क्षेत्र में भारत-रूस संबंधों पर बातचीत करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक सहयोग हैं।

## यमन की राजधानी पर इजराइली हमला नौ लोगों की मौत

**अदन।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को कहा कि उनके कब्जे वाली देश की राजधानी सना पर एक दिन पहले हुए इजराइली हमले में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई लोग घायल हुए हैं।

इससे पहले, बुधवार को दक्षिणी इजराइली शहर ऐलात में हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए ड्रोन हमले में 22 लोग घायल हो गए थे, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी हमला किया। यमन के हूती-नियंत्रित उत्तरी हिस्से के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मृतकों में चार बच्चे, दो महिलाएं और तीन वृद्ध शामिल हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि घायलों में 59 बच्चे, 35 महिलाएं और 80 वृद्ध शामिल हैं।

# व्हाइट हाउस में शहबाज और मुनीर से मिले ट्रंप

## शहबाज ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का श्रेय देकर ट्रंप को शांति पुरुष बताया

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की, जहां उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, छह साल में व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज ने ट्रंप को दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने के उनके ईमानदार प्रयासों के लिए शांति पुरुष बताया और पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम कराने में उनके साहसी और निर्णायक नेतृत्व की सराहना की। जुलाई 2019 में, तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने वाशिंगटन की यात्रा की थी और राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात की थी, जिन्होंने पाकिस्तान पर अरबों डॉलर की सहायता प्राप्त करते हुए अमेरिका से झूठ बोलने, धोखा देने आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। ट्रंप के उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के दौरान पाकिस्तान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया था और व्हाइट हाउस में आमंत्रित करना तो दूर, किसी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से फोन पर बात तक नहीं की थी।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा करते हुए, शहबाज ने विशेष रूप से गाजा और पश्चिमी तट में शांति बहाली के लिए विचारों के आदान-प्रदान के वास्ते मुस्लिम नेताओं को आमंत्रित करने की ट्रंप की पहल की सराहना की। विश्वास जताया कि ट्रंप के नेतृत्व में पाकिस्तान-अमेरिका साझेदारी पारस्परिक लाभ के लिए और मजबूत होगी।



व्हाइट हाउस में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के साथ ट्रंप।

### आतंक पर समर्थन के लिए ट्रंप को धन्यवाद

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आतंकवाद-रोधी कार्रवाई में पाकिस्तान की भूमिका का सार्वजनिक समर्थन करने के लिए ट्रंप का आभार जताया और सुरक्षा एवं खुफिया क्षेत्र में सहयोग को और बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप को उनकी सुविधानुसार पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा करने का निमंत्रण भी दिया।

### ट्रंप ने शहबाज शरीफ को बताया महान नेता


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैठक से पहले मीडिया को बताया कि व्हाइट हाउस में एक महान नेता आने वाले हैं। ट्रंप ने कहा, असल में हमारे पास एक महान नेता आ रहे हैं, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फील्ड मार्शल। फील्ड मार्शल एक शानदार इंसान हैं और प्रधानमंत्री भी। यह बैठक लगभग एक घंटे 20 मिनट तक चली।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी 12.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अनुराधा 28 सितंबर 01.08 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** - आज अति-आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। व्यवसाय में अधिक बड़ा प्रयोग न करें। जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए।

**वृष** - आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको अचानक धन-लाभ हो सकता है। बौद्धिक कार्यों में आप भाग लेंगे। शोध कार्य में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहने वाला है।

**मिथुन** - आज विरोधी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्था कम हो सकती है। कार्यक्षेत्र में लक्ष्य सरलता से प्राप्त कर लेंगे। आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क** - आज तनाव का असर आपके काम पर भी पड़ सकता है, इसीलिए तनाव से बचें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें। नए अनुबंध हो सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अपनी क्षमता पर अविश्वास न करें।

**सिंह** - आज व्यापार में आपकी लापरवाही अत्यधिक नुकसानदेह सिद्ध होगी। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। पारिवारिक वातावरण बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कन्या** - आज व्यापार में अचानक धन-लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च पद प्राप्त होने की संभावना है। आपकी आय बहुत ही अच्छी रहेगी। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है। करियर को लेकर शुभ-सूचना मिल सकती है।

**तुला** - आज लंबी दूरी की यात्रा से आपको धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे। दांपत्य संबंध बहुत ही अच्छा रहेगा। आप अध्ययन के प्रति रुचि लेंगे। छोटे बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। व्यापार में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज आपको अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा। आपकी दिनचर्या बहुत ही अच्छी रहेगी। महिलाएं शॉपिंग के लिए जा सकती हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। पैतृक संपदा मिलने के योग बन रहे हैं।

**धनु** - आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग न करें। कानूनी मामलों में आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। उच्च अधिकारियों के साथ आपको परेशानी हो सकती है। परिवार में कलह का वातावरण रहेगा।

**मकर** - आज नौकरी में उच्च पद मिलने की संभावना है। व्यवसाय में बड़ी साझेदारी करने से आपको बचना चाहिए। जीवनसाथी की सलाह आपके लिए अत्यधिक सहायक सिद्ध होगी। बीमार लोगों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है।

**कुंभ** - आज आप लोगों की सहायता करना चाहेंगे। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे। बच्चे पढ़ाई में विशेष रुचि लेंगे। आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों से आपके संबंध सुधरेंगे। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा।

**मीन** - आज आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा करेंगे। परिजनों के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। व्यापार कर रहे लोगों को नए निवेशक मिल सकते हैं। सहकर्मी आपकी अत्यधिक सहायता करेंगे। माता की सेहत का ध्यान रखें।

## सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |



> इस बार, महिला क्रिकेट टीम विश्व कप जीतकर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं। मेरे लिए, चाहे पुरुष टीम हो या महिला टीम, कोई फर्क नहीं है, हमेशा भारत खेलता है और हमेशा भारत जीतता है। मैं हमेशा टीम इंडिया के साथ खड़ा रहूंगा।
> -टाइगर श्रॉफ


# स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार 27 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को हराया

**लखनऊ :** केएल राहुल (नाबाद 176) और साई सुदर्शन (100) की शतकीय पारियों की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को दूसरे अनाधिकृत टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हरा दिया। आज यहां मैच के चौथे दिन भारत ए ने कल के दो विकेट पर 169 से आगे खेलना शुरु किया। भारत ए ने 93 .3 ओवरों में पांच विकेट पर 413 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। केएल राहुल ने 210 गेंदों में 16 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 176 रनों की मैच विजयी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में 420 रन का स्कोर बनाया जिसके जवाब में भारत ए टीम पहली पारी में 194 रनों पर सिमट गई थी। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 185 के स्कोर पर सिमट गई और भारत को जीत के लिए 412 रनों का लक्ष्य दिया था।

### जमाल ने गोलकोंडा मास्टर्स खिताब जीता

**हैदराबाद :** बांग्लादेश के जमाल हुसैन को शुक्रवार को यहां भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे। टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता।

### पैसिफिक बैडमिंटन में चार पदकों पर कब्जा

**नई दिल्ली :** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। विशेष ओलंपिक भारत की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम हारी

**कैनबरा :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां नेशनल हॉकी सेंटर में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-21 टीम से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए लालथंतलुआंगी (47वें मिनट) और सोनम (54वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए बियांका जुरर (36वें मिनट), एवी स्रांसबी (45वें मिनट) और सैमी लव (59वें मिनट) ने गोल दागे। मैच के शुरुआती हाफ में दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही। जुरर ने मध्यांतर के बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर ऑस्टेलिया का खाता खोला जबकि इसके नौ मिनट के बाद स्रांसबी के गोल से टीम ने 2-0 की बढ़त कायम कर ली।

# दबाव लिए बिना खेल का लुत्फ उठाना चाहती हूं : हरमनप्रीत

**बेंगलुरु, एजेंसी**



आईसीसी के कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में भाग लेतीं भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट और न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन। एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को आगामी आईसीसी महिला वनडे विश्व कप से पहले प्रशंसकों की उम्मीदों के बारे में पता है लेकिन वह पहली बार खिताब जीतने के दबाव में आए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहती हैं। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 30 अक्टूबर को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से करेगा।

हरमनप्रीत ने आईसीसी द्वारा आयोजित कप्तानों की संवाददाता सम्मेलन में कहा मुझे लगता है कि अपने देश की कप्तानी करना किसी भी खिलाड़ी के लिए हमेशा एक खास पल होता है। वनडे विश्व कप में अपने देश की कप्तानी करना और भी खास होता है और उससे भी बढ़कर यह घरेलू विश्व कप है इसलिए यह और भी विशेष है। उन्होंने कहा मेरा मतलब है, यह अविश्वसनीय है। जब मैंने खेलना शुरू किया था तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मुझे अपने देश की कप्तानी करने का मौका मिलेगा, यह बस एक सपना ही था।

उन्होंने कहा वनडे विश्व कप 12 साल बाद भारत में हो रहा है और मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए बेहद शानदार होने वाला है। हम दबाव लिए बिना इस पल का लुत्फ उठाना चाहते है। भारत पांच अक्टूबर को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा, लेकिन हरमनप्रीत इस मैच से जुड़ी राजनीतिक बातों की चिंता करने के बजाय क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है।

### भारत को हराना मुश्किल होगा : हीली

गत विजेता ऑस्ट्रेलिया की टीम सात बार चैंपियन रही है। कप्तान एलिसा हीली से जब पूछा गया कि क्या यह रिकॉर्ड उनके लिए एक बड़ी मुसीबत है? तो उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि किसी भी समय चीजों को लेकर बहुत ज्यादा आत्ममुग्ध होना ऑस्ट्रेलिया की संस्कृति में है। मुझे नहीं लगता कि यह इससे आसान हो सकता है। मुझे लगता है कि भारत को उसके घरेलू मैदान पर हराना वाकई बहुत मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में भारत को उसके घरेलू मैदान पर एकदिवसीय सीरीज में 2-1 से हराकर अपनी तैयारियों को मजबूत किया।

- **कप्तानों के संवाददाता सम्मेलन में हरमनप्रीत ने कहा देश के लिए खेलना हमेशा होता है खास**

### इन कप्तानों ने लिया ऑनलाइन भाग

पाकिस्तान (फातिमा सना), श्रीलंका (चामरी अटापट्टू), दक्षिण अफ्रीका (लौरा वोल्वार्ड्ट) और बांग्लादेश (निगार सुल्ताना जोती) की कप्तानों ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ श्रीलंका दबाव में नहीं : अटापट्टू

अटापट्टू ने कहा कि गुवाहाटी में टूर्नामेंट के पहले मैच में प्रबल दावेदार भारत से भिड़ने से पहले श्रीलंका की टीम किसी दबाव में नहीं है।

### बेखौफ खेलने का मौका मिलेगा : सोफी

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि उनकी टीम के लिए यह अच्छा है कि सब का ध्यान भारत और ऑस्ट्रेलिया पर है। ऐसे में उनकी टीम को बेखौफ क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। मुझे लगता है कि लोगों ने इसका जिक्र किया है और आप इस बारे में बात करते रह सकते हैं कि हमने पिछले साल (टी20) विश्व कप कैसे जीता था, लेकिन यह बिल्कुल अलग प्रारूप है। हमें पिछले साल दुबई से मिली सीख को अपनाना होगा। नैट-साइवर ब्रंट को इंग्लैंड की कप्तान और उनकी मुख्य बल्लेबाज होने की दोहरी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। दायें हाथ की यह बल्लेबाज इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# एशिया कप के आखिरी सुपर 4 में भारत ने श्रीलंका को दिया 203 रनों का लक्ष्य

## बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने खेली ताबड़तोड़ पारियां

**दुबई, एजेंसी**



भारत के अभिषेक शर्मा श्रीलंका के खिलाफ शॉट लगाते हुए। एजेंसी

अभिषेक शर्मा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अर्धशतक लगाया जबकि संजू सैमसन ने 39 रन की उपयोगी पारी खेलकर श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के आखिरी सुपर 4 मैच में शुक्रवार को भारत को पांच विकेट पर 202 रन तक पहुंचाया।

यह इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले भारत ने ओमान के खिलाफ और अफगानिस्तान ने हांगकांग के खिलाफ 188 रन बनाये थे। अभिषेक ने 31 गेंद में 61 रन बनाये जबकि पांचवें नंबर पर सैमसन ने 22 गेंद में 39 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा ने 34 गेंद में नाबाद 49 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट की तरह अभिषेक ने पावरप्ले में गेंदबाजों को खासी नसीहत दी और अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई। उन्होंने इस पारी में आठ चौके और दो छक्के लगाये जबकि शुभमन गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव सस्ते में आउट हो गए। अभिषेक हालांकि तीसरी बार शतक से चूक गए और श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका की गेंद पर डीप मिडविकेट सीमा पर कैच दे बैठे। गिल चार रन बनाकर महीष तीक्षणा का शिकार हुए। कप्तान सूर्यकुमार (12) को वानिंदु हसरंगा ने पगबाधा आउट किया। नये बल्लेबाजी क्रम में अपनी लय तलाश रहे सैमसन टूर्नामेंट में पहली बार शानदार फॉर्म में दिखे। उन्होंने तीन छक्के लगाये जिनमें हसरंगा को लगाया गया छक्का शानदार था। उन्होंने जगह बनाने के लिए अपने फ्रंटफुट को लेग स्टंप के बाहर रखा और साइट स्क्रीन पर तूफानी छक्का लगाया। अगले ओवर में उन्होंने दासुन शनाका को छक्का लगाया। उन्होंने तिलक के साथ 66 रन की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने पारी का अंत छक्के से किया।

### यॉर्कशायर के लिए मयंक अग्रवाल ने जड़ा बड़ा शतक

**हेडिंग्ले :** भारतीय बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (175) ने डरहम के ख़िलाफ यॉर्कशायर के लिए हेडिंग्ले में एक बेहतरीन शतक लगाया। इस शतक की मदद से उनकी टीम पहली पारी की बढ़त लेने की कगार पर है, ताकि वे रेलिगेशन से बचने की उम्मीद कर सके। यह यॉर्कशायर का इस काउंटी सीजन आख़िरी मैच है। धूप भरे लीड्स के मैदान में यह बल्लेबाजों का दिन था, जहां दो खिलाड़ियों ने शतक लगाए।

# भारत-पाक झड़पों पर आईसीसी ने की कार्रवाई

- **सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया**
- **सजा के खिलाफ बीसीसीआई ने की अपील**
- **हारिस रऊफ पर भी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना**
- **साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया**

दुबई, एजेंसी : एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमों में बढ़ते तनाव के बीच आईसीसी ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए पहलगाम आतंकवादी हमले पर टिप्पणी के लिए भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया है जिसके खिलाफ बीसीसीआई ने अपील की है। जबकि भड़काऊ इशारे करने वाले पाकिस्तान के हारिस रऊफ को भी समान सजा सुनाई गई है। वहीं रविवार को भारत के खिलाफ मैच के दौरान बंदूक चलाने के अंदाज में जश्न मनाने वाले पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई की।

टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा आईसीसी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए टूर्नामेंट खत्म होने तक कोई आधिकारिक विज्ञप्ति जारी नहीं करेगी। यह विज्ञप्ति सोमवार को आ सकती है चूंकि भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल रविवार को खेला जाना है। दोनों टीमों के बीच अभी तक दो मैच हुए और दोनों भारत ने जीते हैं। आईसीसी को सजा के बारे में प्रेस विज्ञप्ति जारी करनी थी लेकिन बाद में तय किया गया कि टूर्नामेंट खत्म होने के बाद ऐसा किया जाएगा।

### बीसीसीआई फैसले से सहमत नहीं

समझा जाता है कि बीसीसीआई रिचर्डसन की इस राय से सहमत नहीं है कि सूर्यकुमार ने आतंकवादी हमले के पीड़ितों और अपने देश की सेना के प्रति एकजुटता दिखाकर आचार संहिता का उल्लंघन किया है। जानकार सूत्र ने कहा अगर भारतीय सेना के लिए खड़े होने वाले अपने कप्तान को बीसीसीआई सजा से बचा नहीं पाती तो इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। बीसीसीआई को कप्तान के लिए फटकार भी स्वीकार नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसके भी मायने होंगे कि कप्तान सूर्यकुमार यादव दोषी है।

# सिर्फ फाइनल का नतीजा रखेगा मायने : हेसन

**दुबई, एजेंसी**

एशिया कप में भारत के हाथों दो शर्मनाक पराजय झेलने के बावजूद पाकिस्तान के मुख्य कोच माइक हेसन का मानना है कि अब सब सिर्फ फाइनल का नतीजा मायने रखता है। जिसमें टूर्नामेंट में 41 साल में पहली बार चिर प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे।

भारत ने ग्रुप लीग मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से और सुपर 4 में छह विकेट से हराया। बांग्लादेश को 11 रन से हराने के बाद हेसन से जब पूछा गया कि रविवार के फाइनल के लिए उन्होंने खिलाड़ियों को क्या संदेश दिया है तो उन्होंने कहा हमें पता है कि हम 14 सितंबर को और 21 सितंबर को खेले थे। लेकिन अब सिर्फ एक ही मैच मायने रखता है और वह है फाइनल।

हमारा फोकस उसी पर है। हम सही समय पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाने की कोशिश करेंगे। भारत और पाकिस्तान 1984 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कभी भी फाइनल में नहीं भिड़े हैं।

# चाइना ओपन में गॉफ का विजयी आगाज

**बीजिंग (चीनी), एजेंसी**

अमेरिका की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने शुक्रवार को रूस की कामिला राखिमोवा को सीधे सेटों में हराकर चाइना ओपन में अपने खिताब के बचाव के अभियान की शुरुआत की। आज यहां खेले गए मुकाबले में गॉफ ने राखिमोवा को 6-4, 6-0 से हराया।

21 वर्षीय अमेरिकी टेनिस स्टार के लिए पहले सेट में युवा खिलाड़ी के खिलाफ शुरुआत थोड़ी मुश्किल रही, क्योंकि उन्हें चार ब्रेक पॉइंट का सामना करना पड़ा। दूसरे सेट की शुरुआत में कुछ और ब्रेक पॉइंट बचाने के बाद, उन्होंने पहले दौर का मुकाबला मात्र 44 मिनट में जीत लिया।

मैच के बाद गॉफ ने कहा मुझे उम्मीद थी कि मुकाबला कांटे का होगा। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ टूर्नामेंटों में उन्होंने शीर्ष खिलाड़ियों के साथ कड़ी टक्कर दी है। मैंने अपनी लय पकड़ ली और लय में आ गई। कोई भी पहला राउंड हारना नहीं चाहता, इसलिए मुझे लगता है कि मैं थोड़ी तनाव में थी, लेकिन मैं खुद को संभालने में कामयाब रही और मुझे लगता है कि इसका असर मेरे स्कोर पर दिखा।

### सिनर ने सिलिच को आसानी से हराया

शीर्ष वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 6-2, 6-2 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। सिनर ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और पहले सेट में तेज रिटर्न और प्रभावशाली बेसलाइन खेल से दो बार विपक्षी की सर्विस तोड़ी। दूसरे सेट में, उन्होंने 5-1 की बढ़त बना ली और बिना किसी कठिनाई के मैच जीत लिया। इससे पहले चीन के झांग झिझेन पहले दौर में फ्रांस के टेरेंस एटमाने से 2-0 से हार गए।



चीन में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल मैच में अमेरिका की कोको गॉफ कामिला राखिमोवा के खिलाफ शॉट लगाती हुई। एजेंसी

# क्रिकेटरों के तरीके ने प्रेरित किया : बोल्ट

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जमैका के पूर्व धावक उसेन बोल्ट।

महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया।

जमैका के इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को जमनाबाई नरसी परिसर में फायरसाइड चैट में कहा मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड है।

> खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंव फील्ड बहुत पसंद है इसलिए यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं बचपन से पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।
> -उसेन बोल्ट

जमैका के 39 वर्षीय एथलीट ने कहा यह कठिन सफर था क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया, इसलिए यह सिर्फ समर्पण है।

# फीफा ने विश्व कप के लिए तीन शुभंकर घोषित किए

**ज्यूरिख :** फीफा ने गुरुवार को 2026 विश्व कप के लिए तीन आधिकारिक शुभंकर घोषित किए। कनाडा का मूस मेपल, मेक्सिको का जगुआर जायु और संयुक्त राज्य अमेरिका का बाल्ड ईगल क्लच, जो तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट के पहले संस्करण का प्रतिनिधित्व करेंगे। मेपल, जायु और क्लच को एकता, विविधता और फुटबॉल के प्रति साझा जुनून के प्रतीक के रूप में पेश किया गया।

प्रत्येक शुभंकर को अपने देश की संस्कृति और भावना को प्रतिबिंबित करते हुए दुनिया भर के प्रशंसकों को प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया था। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा मेपल, जायु और क्लच फीफा विश्व कप की तरह ही खुशी, ऊर्जा और एकजुटता की भावना से भरपूर हैं।

**इंतजार खत्म** | विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के मुकाबले आज से होंगे शुरू

# घरेलू सरजमीं पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को भारत तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शुभंकर विराज।

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से यहां शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। पांच अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को यहां के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप है जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है। इस दौरान 1500 से अधिक पैरा एथलीट 186 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे जो 2024 के जापान (कोबे) सत्र से 15 अधिक हैं।

पेरिस पैरालंपिक में 308 (112 स्वर्ण, 96 रजत और 100 कांस्य) पदक जीतने वाले से 100 से अधिक पदक विजेता यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस बार कुल 101 पुरुष, 84 महिला और मिश्रित स्पर्धा होंगी। यह पहली बार है जब भारत इस चैंपियनशिप की मेजबानी कर रहा है। विश्व पैरा एथलेटिक्स के अध्यक्ष पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा कि इसमें कई विश्व रिकॉर्ड बनेंगे और नए चैंपियन सामने आएंगे। उन्होंने विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारत की सराहना की। उन्होंने कहा अब तक की सबसे बड़ी पैरा विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी का श्रेय भारत को जाता है। यह पहली बार है जब पैरा एथलेटिक्स के लिए प्रतियोगिता और अभ्यास स्थल दोनों जगहों पर मोंडो ट्रैक बिछाई गई है। यह ट्रैक खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर करने के साथ चोट के खतरे को कम करती है। अभ्यास क्षेत्र में फ्लड लाइट्स भी लगाई गई हैं ताकि खिलाड़ी सुबह या सूर्यास्त के बाद भी अभ्यास कर सकें। इसके पास एक अत्याधुनिक फिटनेस सेंटर भी बनाया गया है।

### शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य

भारत अपने अब तक के सबसे बड़े 74 एथलीटों के दल को मैदान में उतारते हुए पदक तालिका में शीर्ष पांच में जगह बनाने का लक्ष्य बना रहा है। भारत ने 2019 में दुबई सत्र में नौ पदक (दो स्वर्ण, दो रजत, पांच कांस्य), 2023 में पेरिस में 10 (तीन स्वर्ण, चार रजत, तीन कांस्य) और 2024 में जापान के कोबे में 17 पदक (छह स्वर्ण, पांच रजत, छह कांस्य) जीतकर छठा स्थान हासिल किया था। दीप्ति जीवनजी (महिला 400 मीटर टी20), सचिन खिलारी (पुरुष गोला फेंक एफ46), अंतिल (पुरुष भाला फेंक एफ64), एकता भ्यान (महिला क्लब थ्रो एफ51) और सिमरन शर्मा (महिला 200 मीटर टी12) 2024 में जीते गए अपने स्वर्ण पदकों का बचाव करने की उम्मीद करेंगी।